www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 2 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-147 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



'एक देश, एक चुनाव' के लिए राज्यों की अनुमति जरूरी : कमलनाथ 02
■ राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निगम शिक्षकों को...
■ किसानों को नकली कीटनाशकों से बचाना जरूरीः त्रिपाठी 03
■ मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की तेजी से जांच के लिए...
■ वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री के साथ की... 07
टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे होने पर बोलीं फलक नाज... 10



इनसे लड़ने के लिए इंडिया का जीतना जरूरी है। इंडिया को जिताने के लिए ही हम सब इस मंच पर बैठे हैं। हम हर राज्य की राजधानी में जाएंगे मीटिंग करेंगे। प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं हमें इसे लोगों के सामने लाएंगे : मल्लिकार्जुन खड़गे



हम शुरू से ही यह लड़ाई लड़ते रहे कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ। देश में माइनॉरिटी सुरक्षित नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है। ये लोग झूठ बोलकर सत्ता में आए थे। हम इनके झांसे में आ गए थे : लालू प्रसाद यादव



वो चुनाव कभी भी करा सकते हैं, ये जान लीजिए। हम लोगों ने भी इसकी चर्चा की है। तैयारी भी शुरू कर दी है। ये देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं, हम इन्हें इतिहास नहीं बदलने देंगे : नीतीश कुमार

## इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्ष दलों की चुनौती

# जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया




■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**मुंबई,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। मीटिंग के दूसरे दिन 1 सितंबर को गठबंधन ने 13 मेंबर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान किया। बाद में कहा गया कि कमेटी में माकपा के मेंबर का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी में 14 मेंबर हो जाएंगे। मीटिंग में इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष और संयोजक के नाम का ऐलान नहीं किया गया। मीटिंग में जल्दी ही सीट शेयरिंग के मुद्दे पर सहमति बनाने के संकेत मिले है। बैठक के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में सभी नेताओं ने एकसुर में कहा कि लोकसभा चुनाव में मिलकर लड़ेंगे और केंद्र से मोदी सरकार को हटाएंगे। लड़ाई अब देश बचाने की हैं। देश रहेगा तो लोकतंत्र भी बच जाएगा।

- अगली बैठक में गठबंधन के 'लोगो' व संयोजक का ऐलान किया जाएगा
- तीस सितम्बर तक लिया जाना है सीट बंटवारे पर फैसला

### सितम्बर के दूसरे हफ्ते से कार्यक्रम हो जाएंगे शुरू

सूत्रों ने बताया कि, विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक में तय हुआ है कि सीट आबंटन का फॉर्मूला राज्य स्तरीय स्थानीय गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा। इसके साथ ही जिन सीटों पर गणित मेल नहीं खा रहा है, उन सीटों पर समन्वय समिति फैसला करेगी। वहीं सितम्बर के दूसरे सप्ताह से देशभर में विभिन्न स्थानों पर प्रमुख कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां समन्वय समिति मुख्य रूप से गठबंधन बनाने के कार्यक्रम चलाएगी।

### कमेटी में 1 सीएम, एक डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री

विपक्ष की कमेटी में 1 सीएम, 1 डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री, 5 राज्यसभा और 2 लोकसभा सांसदों को जगह दी गई है। इसके अलावा लेफ्ट से दो नेताओं को कमेटी में शामिल किया गया है। कमेटी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव। जम्मू-कश्मीर से दो पूर्व मुख्यमंत्री- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती हैं। पांच राज्यसभा सांसद हैं केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी), राघव चड्ढा (आप) और जावेद अली खान (सपा)। लोकसभा के दो सांसद, ललन सिंह, अभिषेक बनर्जी, डी राजा और एक सदस्य सीपीआई (एम) से शामिल किया गया है। सीपीआई (एम) के सदस्य के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

### बैठक में 3 प्रस्ताव पास किए गए

अगले लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ा जाएगा। राज्यों में सीट बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी। सार्वजनिक चिंता और महत्व के मुद्दों पर देशभर में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां करेंगे। अलग-अलग भाषाओं में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम के साथ पब्लिसिटी और मीडिया स्ट्रैटेजी बनाई जाएगी।

### लोगो लॉन्च नहीं हुआ

गठबंधन के लोगो पर सहमति नहीं बन पाई। इसलिए इसे तीसरी बैठक में लॉन्च नहीं किया गया। लोगो के 6 डिजाइन शॉर्ट लिस्ट हुए थे, जिनमें से एक सभी को पसंद आया, लेकिन इसमें कुछ बदलाव होने बाकी हैं। इस पर फैसला अगली मीटिंग में होगा। मीटिंग के दौरान जो डिजाइन दिखाया गया, वह लेफ्ट पार्टी को पसंद नहीं आया। इसके साथ ही कुछ अन्य दलों ने भी डिजाइन में बदलाव के सुझाव दिए। इसी वजह से लोगो के अनावरण का कार्यक्रम टाल दिया गया। अब जब लोगो के डिजाइन में बदलाव कर दिए जाएंगे और इसपर सबकी सहमति होगी तब इसका अनावरण किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### मुंबई में वॉरशिप आईएनएस महेंद्रगिरि हुआ लॉन्च



**मुंबई।** भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरि शुक्रवार को मुंबई में लॉन्च किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में इसे लॉन्च किया। मारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

### दोहरे हत्याकांड में पूर्व सांसद प्रभुनाथ को उम्रकैद



**पटना।** प्रभुनाथ सिंह राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद हैं। 1995 में दो लोगों को पोलिंग बूथ के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने सजा सुनाई है। प्रभुनाथ सिंह राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद हैं। 1995 में दो लोगों को पोलिंग बूथ के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने सजा सुनाई है। राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने साल 1995 के मशरख डबल मर्डर केस में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

### अक्तूबर में संसद-20 की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** जी-20 भारत के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने बताया कि संसद-20 की बैठक 12 से 14 अक्तूबर तक होगी और जी-20 देशों के पीठासीन अधिकारी तथा आमंत्रित देश विचार-विमर्श में भाग लेंगे। यह सभी जी-20 देशों और आमंत्रित देशों के संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों से संबंधित एक बैठक है। नए संसद भवन में 12 से 14 अक्तूबर के बीच ऐसा होगा। भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में दिखाना एक प्रमुख नैरेटिव है।

### डीएसपी समेत सात पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज

**पणजी।** असम पुलिस के एक उपाधीक्षक और दो उप-निरीक्षकों सहित सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ पैसे मांगने के आरोपों के बाद आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए सीआईडी पुलिस थाने लाया गया, जहां मामला दर्ज किया गया।

## इंडिया गठबंधन के आगे भाजपा का जीतना असंभव : राहुल

### सीट-बंटवारे पर सभी चर्चाओं व निर्णयों में तेजी लाने पर दिया जोर

**मुंबई/नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। राहुल ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल घटक दल देश की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर वे एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत असंभव हो जाएगी।



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि दो प्रमुख बातें हैं। पहली यह कि एक समन्वय समिति और इस समन्वय समिति के तहत समितियां होंगी। दूसरी बात यह है कि हम सीट-बंटवारे पर सभी चर्चाओं और निर्णयों में तेजी लाएंगे और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करेंगे। राहुल गांधी ने विपक्ष के कई नेताओं की मौजूदगी में कहा कि यह स्टेज 60 प्रतिशत भारतीय जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है। अगर इस मंच पर सभी पार्टियां एकजुट हो गईं तो भाजपा के लिए चुनाव जीतना असंभव हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इंडिया गठबंधन बीजेपी को हरा देगा। इस गठबंधन में असली काम इस गठबंधन के नेताओं के बीच बनने वाले रिश्ते हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इन बैठकों ने सभी नेताओं के बीच तालमेल बनाने और यह सुनिश्चित करने में जबरदस्त काम किया है कि हम सभी एक साथ मिलकर काम करें।

उनके अनुसार, मैं देख सकता हूं कि जिस तरह से हम चीजों को देख रहे हैं उसमें सभी नेताओं के बीच लचीलापन है। राहुल गांधी ने अडानी से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एक विशेष कारोबारी के बीच सांठगांठ सबके सामने है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री और बीजेपी का भ्रष्टाचार के साथ गठजोड़ है। यही पहली चीज है जिसे इंडिया गठबंधन लोगों के सामने उजागर और साबित करेगा।

### लद्दाख दौरे का किया जिक्र

राहुल गांधी ने कहा कि यह गठबंधन जो विचार पेश करने जा रहा है वह एक बार फिर गरीबों को इस देश की प्रगति में शामिल करेगा। उन्होंने अपने हालिया लद्दाख दौरे का किया जिक्र करते हुए कहा कि मैंने लद्दाख में एक सप्ताह बिताया। मैं पैंगोंग झील पर गया, जहां उसके ठीक सामने चीनी हैं। लद्दाख के लोगों के साथ मेरी डिटेल में चर्चा हुई। शायद लद्दाख के बाहर के किसी भी नेता ने लद्दाख के लोगों के साथ यह सबसे विस्तृत चर्चा की है।

## जी-20 को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल आज, कई रास्ते बंद

### डीटीसी व क्लस्टर बसों के रूट किए जाएंगे डायवर्ट

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में सितंबर महीने में जी-20 समिट होना है। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। दिल्ली सरकार की तरफ से जी-20 समिट की वजह से 8, 9 और 10 सितम्बर को छुट्टी का ऐलान किया गया है। वहीं इससे पहले 2 और 3 सितम्बर को जी-20 समिट को लेकर शनिवार व रविवार को दिल्ली में वीआईपी अतिथियों के काफिले की गाड़ियों के साथ फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। सबसे बड़ी चुनौती डेलिगेट्स की सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़ी है। इसके लिए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने भी व्यापक इंतजाम किए हैं। इस दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट के ठीक वैसे ही इंतजाम किए जाएंगे।




### डेलिगेट्स की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने किए व्यापक इंतजाम

### यह रास्ते किए जाएंगे बंद

सरदार पटेल मार्ग, पंचशील मार्ग, कौटिल्य मार्ग, 11 मूर्ति, तीन मूर्ति, गोल मेथी, सी-हेक्सागन इंडिया गेट, मथुरा रोड, भैरों रोड-रिंग रोड, डॉ.जाकिर हुसैन मार्ग, सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग, मानसिंह रोड गोल चक्कर, बिग्रेडियर होशियार सिंह मार्ग गोल चक्कर, यशवंत प्लेस गोल चक्कर, सत्य मार्ग-शांति पथ गोल चक्कर, मोती लाल नेहरू मार्ग गोल चक्कर आदि शामिल हैं।

## अवैध शादी में जन्मी संतान वैध : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी में बराबर की हकदार होंगी। डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवैध शादी से जन्मे बच्चे वैध होते हैं। माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है।

## मणिपुर में बीते तीन दिन में आठ और मौतें

**इंफाल,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर एक बार फिर सुलग उठा है। चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। पिछले तीन दिन में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आदिवासी संगठन आईटीएलएफ ने चुराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। आर्मी का कहना है कि महिला संगठन उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों में आगे जाने नहीं दे रहे हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

## एक देश एक चुनाव पर केंद्र का बड़ा कदम

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। एक देश-एक चुनाव के प्रपोजल पर कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक कमेटी बना दी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इसका नोटिफिकेशन जल्द जारी हो सकता है। केंद्र सरकार ने 18 सितम्बर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। वैसे भाजपा क्षेत्रीय दलों के ऊपर राष्ट्रीय दलों का प्रमुखता देने के लिए जानी जाती है। लेकिन 'एक देश चुनाव' की बात सामने आने के बाद यह बात अब ज्यादा सटीक लगने लगी है। माना जा रहा है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर क्षेत्रीय मुद्दों के ऊपर राष्ट्रीय मुद्दों भारी पड़ेगें। जिससे क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व को झटका लग सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 18-22 सितम्बर तक संसद का विशेष आहूत किया है। चर्चा है कि है कि इस सत्र में एक देश एक चुनाव कानून को पारित कराया जा सकता है।



- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई समिति
- एक देश एक चुनाव से क्षेत्रीय दलों को लगेगा बड़ा झटका

### एक साथ लोकसभा और विधानसभा के चलते स्थानीय मुद्दे होंगे कमजोर

जानकारों का मानना है कि पूरे देश में एक साथ लोस व विस चुनाव कराए जाने से स्थानीय मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ेंगे। इससे जहां क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे वही इसका फायदा राष्ट्रीय दलों को मोगा। माना जाता है कि आमतौर पर लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय मुद्दे ही छाए रहते हैं। जबकि विधानसभा चुनावों के दौरान स्थानीय मुद्दे और समीकरण ज्यादा प्रभावी रहते हैं। इसी का असर है कि देश के कई राज्यों में स्थानीय मुद्दों के बल पर ही क्षेत्रीय दल सत्ता में हैं। जबकि राष्ट्रीय दल ज्यादातर राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर चुनाव मे जाते हैं।

34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:
M.Sc. Biotechnology
M.Sc. Bioinformatics
M.Sc. Biomedical Science
M.Sc. Blockchain Technology
M.Sc. Clinical Research
M.Sc. Cyber Security
M.Sc. Data Science
M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Mathematics
M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Microbiology



Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit

Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid Identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

# देश

**उवाच**

'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक ही चुनाव कराने की संभावनाएं तलाशने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुझे खुशी है कि रामनाथ कोविंद जैसे व्यक्ति ने पीएम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कमेटी इस मामले को देखेगी:-**हिमंत बिस्वा सरमा, मुख्यमंत्री असम**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.2 |
| मुंबई | 32.3 | 26.6 |
| कोलकाता | 36.6 | 28.8 |
| चेन्नई | 35.1 | 25.2 |

# 10 साल सत्ता में रहने के बाद भाजपा ने अपनी जमीन खो दी है : पवार

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा, 'सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पैर जमीन पर नहीं हैं। वह 10 साल की सत्ता के बाद भी देश में लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करती है।' 83 वर्षीय शरद पवार ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों को अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वे किसान हों, युवा हों, श्रमिक हों या अन्य हों। तीसरे इंडिया कॉन्क्लेव के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि अब हर कोई उस भाजपा से नाखुश है, जिसे उन्होंने सत्ता सौंपी थी, सरकार के पैर जमीन पर नहीं हैं। एक दशक तक सत्ता में रहने के बावजूद, भाजपा ने जमीन पर पैर रखकर काम करने की क्षमता खो दी है, लेकिन वे राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन के इंडिया सम्मेलन को भी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। शरद पवार ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके वरिष्ठ नेता हमारी आलोचना कर रहे हैं और हमें घमंडी



कह रहे हैं। यह स्पष्ट है कि वे हममें से कुछ लोगों के एक साथ बैठने की सराहना नहीं करते... इससे साबित होता है कि असली घमंडी कौन है। शरद पवार ने बताया कि कैसे पिछले दो दिनों में 28 राजनीतिक दलों के नेता एक साथ शामिल हुए और देश के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। पवार ने प्रतिज्ञा की कि इंडिया

**देश के विभिन्न हिस्सों को अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वे किसान हों, युवा हों, श्रमिक हों या अन्य हों, 10 साल की सत्ता के बाद भी देश में लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करती है:- शरद पवार, अध्यक्ष एनसीपी**

गठबंधन अगले चुनावों के लिए देश को एक व्यवहार्य राजनीतिक विकल्प देने का प्रयास कर रहा है।

लोगों ने हमें बहुत गंभीरता से लिया है... हम इंडिया की तीन बैठकों में एक योजना लेकर आए हैं। इंडिया नामक एक नया मिशन शुरू किया गया है और यह रुकेगा नहीं। उन्होंने यह भी वादा किया कि जो लोग भटक गए हैं, उन्हें सही रास्ते पर लाएंगे और अगर फिर भी नहीं मानेंगे तो सभी पार्टियां कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें मनाएंगी और देश को एक स्वच्छ प्रशासन प्रदान करेंगी।

## राष्ट्रपति ने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय करने की मंजूरी दी



**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, 'भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में दूसरी अनुसूची में प्रविष्टि 9 में 'संस्कृति मंत्रालय' शीर्षक के तहत, 'नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय' शब्दों के स्थान पर...'प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय और पुस्तकालय' शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।' इससे पहले, विपक्षी कांग्रेस ने संग्रहालय से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम हटाने के लिए केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की थी और इसे 'प्रतिशोध की राजनीति' का हिस्सा बताया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था, 'इससे हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं होने वाली है। यह केवल उन्हीं के लिए समस्याएं पैदा करने वाला है। ये लोग जो कर रहे हैं, इसका उन पर निश्चित तौर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्हें देश के प्रति जवाबदेह होना होगा।'

## 'एक देश, एक चुनाव' के लिए राज्यों की अनुमति जरूरी : कमलनाथ

**नीमच,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। एक देश एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चा के बीच मध्य प्रदेश की कांग्रेस इकाई के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इसके लिए राज्यों की अनुमति जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने नीमच जिले के प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस की पहली सूची जल्द ही जारी होगी परंतु फिर भी जिसे हमको इशारा करना है, हमने इशारा कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के ऐलान पर कमलनाथ ने कहा, 500 में सिलेंडर देने की बात मैंने ही की थी। सुना है भाजपा ने दो-तीन दिनों के लिए सिलेंडर को 450 रुपए में देने की बात की है। चलिए कम से कम मेरी मांग पर कुछ तो एक्शन लिया। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की चल रही चर्चा के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि यह संविधान संशोधन का विषय है, यह केवल लोकसभा और राज्यसभा में पास होना पर्याप्त नहीं, इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी। राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या भ्रष्टाचार का गवाह है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की एक व्यवस्था बनी हुई है। मध्यप्रदेश



■ **कमलनाथ ने नीमच जिले के प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा की**

को भ्रष्टाचार प्रदेश बनाया गया। रोज चिट्ठियां वायरल हो रही है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोग मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्महत्या करने पहुंच रहे हैं, प्रदेश की छवि देशभर में धूमिल हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भ्रष्टाचार होने के कारण प्रदेश में निवेश नहीं आ पाया और भयंकर बेरोजगारी व्याप्त है। मुझे चिंता है प्रदेश के नौजवानों की जो कल हमारे प्रदेश का निर्माण करेंगे। यदि नौजवानों का भविष्य इसी प्रकार अंधेरे में रहा तो कैसे प्रदेश का भविष्य संवरेगा। राज्य सरकार की लाडली बहन योजना को लेकर कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह चौहान को 18 वर्षों के बाद बहनें याद आने लगी, किसान याद आने लगे, कर्मचारी याद आने लगे, संविदा कर्मचारी अतिथि शिक्षक आदि सब की याद आने लगी।

## उद्धव ठाकरे का दावा- इंडिया 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है और 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के लिए तैयार है। इंडिया कॉन्क्लेव में पूरे भारत से 28 राजनीतिक दलों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव की मेजबानी करने वाले उद्धव ठाकरे ने कहा, 'हम कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं और इंडिया गठबंधन की तीसरी मीटिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। हम सब राष्ट्र प्रेमी हैं और जो देश के विरोधी हैं, हम उनसे लड़ेंगे, आप सब जानते हैं कि वे कौन हैं।' भाजपा का नाम लिए बिना उद्धव ठाकरे ने दोहराया कि इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर निरंकुशता, 'जुमलों', भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा, 'इंडिया परिवार' के लिए बोलेगा, देश के विभिन्न हिस्सों में अत्याचारों का मुकाबला करेगा और 'नये भारत' के लिए काम करेगा। हमने 'सबका साथ, सबका विकास' के बारे में सुना था, लेकिन उसके बाद सहयोगियों को भुला दिया गया और दोस्तों को ही फायदा हुआ। वर्षों तक 'लूट' होती रही, चुनाव के समय 'छूट' (गैस सिलेंडर की कीमतें वापस लेना)।

**इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर निरंकुशता, 'जुमलों', भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा, 'इंडिया परिवार' के लिए बोलेगा, देश के विभिन्न हिस्सों में अत्याचारों का मुकाबला करेगा और 'नये भारत' के लिए काम करेगा:-उद्धव ठाकरे**



## सार संक्षेप

### सीएम जगन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में टीडीपी नेता गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में टीडीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अय्यना पत्रुडु को विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया। हैदराबाद से विमान से विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कृष्णा जिले में ले गई। टीडीपी महासचिव नारा लोकेश की 'युवा गलम' पदयात्रा के हिस्से के रूप में एनटीआर जिले के गन्नावरम में हाल ही में आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पुलिस ने टीडीपी नेता और कुछ अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया था।

### अमित शाह ने देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को संबोधित किया। इस दौरान कॉल सेंटर के जरिए मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने की रणनीति को लेकर अहम टिप्स दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के केंद्रीय कार्यालय विस्तार पहुंच कर देशभर से बुलाए गए कॉल सेंटर्स के संयोजकों को संबोधित करते हुए यह बताया कि सरकार की उपलब्धियों को जनता तक कैसे पहुंचाना है। कॉल के माध्यम से देश के मतदाताओं को 2024 में भाजपा एवं एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने के लिए कैसे प्रेरित करना है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने झारखंड के सीएम को तीसरी बार समन भेजा

**नई दिल्ली।** जमीन हड़पने से संबंधित धन शोधन निवारण मामले की जांच में शामिल होने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नया समन भेजा है। अब, उन्हें ईडी ने 9 सितंबर को बुलाया है। ईडी ने मुख्यमंत्री को यह तीसरा समन भेजा है। पिछली बार अवैध खनन मामले में सीएम सोरेन से उनकी पत्नी के साथ ईडी के रांची स्थित दफ्तर में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। मौजूदा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। 8 जुलाई को मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के आवास पर छापेमारी की गई थी। ईडी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बैंक खाते से जुड़ा एक चेकबुक मिला है। इसके बाद उनका नाम इस केस से जुड़ा। इसके बाद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए 2 से 3 सितंबर तक श्रीलंका का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह श्रीलंका के राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री रानिल विक्रमसिंघे के अलावा प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से बातचीत करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठकों के दौरान श्रीलंका से भारत के रक्षा संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की जाएगी। राजनाथ सिंह मध्य श्रीलंका में नुवारा एलिया और देश के पूर्वी हिस्से में स्थित त्रिंकोमाली का भी दौरा करेंगे। राजनाथ सिंह की यात्रा श्रीलंका के साथ मौजूदा मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराएगी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच दोस्ती के मजबूत बंधन बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इससे पहले रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए श्रीलंका को भारत का प्राथमिकता वाला भागीदार बताया था। उन्होंने कहा कि अपनी 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत, नई दिल्ली पड़ोसी देश के सशस्त्र बलों की क्षमता और क्षमता निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



'इंडिया' गठबंधन के प्रस्ताव पर भाजपा का कटाक्ष

## 'गिव एंड टेक' की राजनीति को विपक्षियों ने कर लिया स्वीकार

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने मुंबई की बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पारित प्रस्ताव पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आज मुंबई की बैठक में तथाकथित इंडिया का जो रिजोल्यूशन रहा, उस पर उन्हें बहुत कौतूहल हुआ। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी सरकार के कार्यकाल में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि इन लोगों ने पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और नभ सहित हर जगह भ्रष्टाचार किया, इन सबकी पूरी राजनीति गिव एंड टेक से प्रभावित रही है और आज अलायन्स में शामिल दलों ने अपने प्रस्ताव में ही यह स्वीकार कर लिया कि वे गिव एंड टेक की राजनीति करेंगे।



प्रसाद ने राहुल गांधी पर चीन का प्रवक्ता बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या उनके गठबंधन की हर बैठक में चीन का स्तुतिगान किया जाना जरूरी है? उन्होंने सवाल पूछा कि क्या चीन भी इस विपक्षी इंडिया गठबंधन को पसंद कर रहा है? भाजपा नेता ने कहा कि पटना और बेंगलुरु के बाद मुंबई में विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक थी लेकिन तीन बैठकों के बाद भी विपक्षी गठबंधन ने भारत के विकास, महिलाओं और बच्चों के लिए ठोस बात, गरीबों के उत्थान और आतंकवाद एवं देश की सुरक्षा को लेकर कोई संकल्प देश के सामने नहीं रखा, भारत के विकास का कोई एजेंडा नहीं रखा, इनके पास कोई विजन नहीं है।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के बारे में 2016 में तैयार हुआ था नोट

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा सचिवालय द्वारा 2016 में तैयार किए गए एक नोट में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनावों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। यह नोट लोकसभा सचिवालय के अतिरिक्त निदेशक बी. फणी कुमार, संयुक्त निदेशक बेला राउथ द्वारा संयुक्त सचिव कल्पना शर्मा और निदेशक सी.एन. सत्यनाथन की देखरेख में तैयार किया गया था। नोट में कहा गया है, 'लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की वांछनीयता पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा की गई है। एक सुविचारित विचार यह है कि एक साथ चुनाव से न केवल मतदाताओं का उत्साह बना रहेगा, बल्कि सरकारी खजाने में भी भारी बचत होगी। साथ ही प्रशासनिक प्रयास की पुनरावृत्ति से भी बचा जा सकेगा। 'इससे राजनीतिक दलों के



■ **इससे राजनीतिक दलों के खर्चों को नियंत्रित करने की भी उम्मीद है**

खर्चों को नियंत्रित करने की भी उम्मीद है। एक साथ चुनाव कराने से आदर्श आचार संहिता को बार-बार लागू करने से भी बचा जा सकेगा जो सरकार के प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करता है।' भारत में एक साथ चुनावों के इतिहास पर नोट में कहा गया है कि लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव 1951-52, 1957, 1962 और 1967 में हुए थे। इसके बाद, हालांकि, इस क्रम को बनाए नहीं रखा जा सका।

एक साथ चुनाव कराने के औचित्य पर नोट में कहा गया है कि ऐसा महसूस किया गया कि एक साथ चुनाव कराने से हर साल अलग-अलग चुनाव कराने पर होने वाला भारी खर्च कम हो जाएगा।

वर्तमान में, चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा और राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव कराने की लागत 4,500 करोड़ रुपये आंकी गई है। नोट में कहा गया है, 'चुनावों के कारण चुनाव वाले राज्य/क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और परिणामस्वरूप वहां केंद्र और राज्य सरकारों के संपूर्ण विकास कार्यक्रम और गतिविधियां रुक जाएंगी। अक्सर चुनावों के कारण लंबे समय तक आचार संहिता लागू रहती है जो सामान्य शासन को प्रभावित करता है।'

## कर्नाटक : संतोष बनाम येदियुरप्पा की लड़ाई एक बार फिर खुलकर सामने आई

**बेंगलुरु,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष द्वारा आयोजित पार्टी की बैठक के बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के साथ उनकी लड़ाई एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। येदियुरप्पा के करीबी विश्वासपात्र और पूर्व मंत्री एम.पी. रेणुकाचार्य ने संतोष पर हमला बोला और येदियुरप्पा की अनुपस्थिति में बैठक आयोजित करने के लिए उनकी आलोचना की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने गुरुवार को प्रदेश पार्टी नेताओं की एक बैठक की और इस बात पर जोर दिया कि '2013 में कई लोगों ने कहा था कि भगवा पार्टी समाप्त हो जाएगी, लेकिन उसने 40 विधानसभा सीटें जीतीं'। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह संदर्भ इस तथ्य को उजागर करने के लिए लाया गया था कि येदियुरप्पा ने उस समय भाजपा छोड़कर 2013 में अपनी पार्टी कर्नाटक जनता पक्ष बनाई थी। सूत्रों ने कहा कि संतोष ने येदियुरप्पा पर कटाक्ष करते हुये कहा कि भाजपा इस साल के विधानसभा चुनावों में 60 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब रही क्योंकि 2013 के अलावा यह पहला विधानसभा चुनाव था जिसमें भाजपा उनके नेतृत्व के बिना उतरी थी। रेणुकाचार्य ने पूछा कि पिछले विधानसभा चुनाव में 72 नए चेहरों को टिकट क्यों दिए गए और आरोप लगाया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और पार्टी को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।



## तेलंगाना सरकार ने कृषि संकट का श्रेष्ठ समाधान दिया, जो स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं हुआ: केसीआर

**हैदराबाद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को आयोजित स्वतंत्र भारत के डायमंड फेस्टिवल के समापन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना सरकार ने कृषि संकट का ऐसा समाधान

■ **स्वतंत्रता के हीरक महोत्सव समापन समारोह को संबोधित किया मुख्यमंत्री केसीआर ने**

■ **रायतु बंधु जैसी योजनाओं से हम किसानों की आंखों में रौशनी देख रहे हैं**

किया है जैसा स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं हुआ। रायतु बंधु जैसी योजनाओं से हम किसानों की आंखों में रौशनी देख रहे हैं। हमने ग्राम स्वराज और ग्राम आत्मनिर्भरता की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है और ग्रामीण व्यवसायों को प्रोत्साहित किया है। इन कार्यक्रमों के लागू होने से गांव समृद्ध हुए हैं। कई राज्य सरकारों ने अभी तक सभी लोगों को ताजा पानी उपलब्ध नहीं कराया है। लेकिन तेलंगाना राज्य इस मामले में देश के लिए एक मिसाल बन गया है। कल्याण



**तेलंगाना राज्य इस मामले में देश के लिए एक मिसाल बन गया है: केसीआर**

को सर्वोच्च प्राथमिकता देने एवं किसान केन्द्रित योजनाएँ बनाने में जी.आर मछली के विकास पर विशेष ध्यान देने के पीछे गांधी जी का प्रभाव है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि गांधी जी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में है, उनके शब्दों की प्रेरणा से हम ग्रामीण जीवन स्तर का विकास कर रहे हैं। गांवों से लेकर कस्बों और शहरों तक, कृषि से लेकर उद्योगों और आईटी क्षेत्रों के विकास तक, आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों से ऊंची जाति के गरीबों तक, हम सभी को समान प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी समावेशी और व्यापक विकास मॉडल के साथ हमें आगे बढ़ना है।

पीठासीन अधिकारी ने कोर्ट में कहा -

## जान के खतरे के कारण बंगाल पंचायत चुनाव में धांधली का विरोध नहीं कर सके

**कोलकाता,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में हाल में संपन्न हुए पंचायत चुनावों को लेकर एक पीठासीन अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में कहा कि अपनी जान को खतरा होने के कारण वह चुनावी कदाचार को रोकने में असमर्थ रहे। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा-I ब्लॉक में एक चुनाव बूथ पर पीठासीन अधिकारी, कोलकाता के केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक सुमित पांडे ने कोर्ट में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के समक्ष एक हलफनामे में यह स्वीकार किया। कोर्ट सीपीआई (एम) उम्मीदवार नसीमा बेगम की दोबारा चुनाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले न्यायमूर्ति सिन्हा ने पीठासीन अधिकारी सुमित पांडे से मतदान के दिन जो कुछ हुआ उसे एक हलफनामे में दर्ज करने के लिए कहा। हलफनामे में पांडे ने कहा, 'जहां वह पीठासीन अधिकारी थे, वहां उपद्रवियों ने दोपहर 12 बजे तक बूथ पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया, मतपत्र छीन लिए और एक विशेष चुनाव चिन्ह पर बड़े पैमाने पर मुहर लगाना शुरू कर दिया।' पांडे ने यह भी कहा कि उस दौरान बदमाशों ने उनके सहित मतदान अधिकारियों को लगातार किसी भी प्रतिरोध की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

**नसीमा बेगम की दोबारा चुनाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई**

उन्होंने हलफनामे में कहा कि मतदान अधिकारियों के मोबाइल फोन छीन लिए गए ताकि वे घटना की रिपोर्ट करने के लिए सेक्टर कार्यालय से संपर्क न कर सकें।

**कयास** — सभी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक दल इस मुद्दे को भुनाने में जुटे

# मूंछ की लड़ाई बन गया है सरोर टोल प्लाजा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू संभाग के सांबा जिले में स्थित सरोर टोल प्लाजा अब मूंछ की लड़ाई बन चुका है। छह दिनों के भीतर दूसरी बार जम्मू संभाग में इसे हटाने के लिए आज चक्का जाम रहा है। पिछले शनिवार को इसके खिलाफ पूरे संभाग में पूर्ण हड़ताल रही थी।**

यह टोल प्लाजा पहले ही दिन से विवाद का कारण इसलिए बना हुआ है क्योंकि यह निर्धारित जगह से कई किमी दूर बनाया गया तो पिछले साल केंद्रीय मंत्री श्री नीतिन गडकरी द्वारा 60 किमी के भीतर दो टोल प्लाजा नहीं चलेंगें की घोषणा के उपरांत इसको लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया। और अब जबकि दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा राजमार्ग के कार्य के कारण



और दयालाचक के पास तरनाह नाले पर राजमार्ग के

■ **एक सप्ताह में दूसरी बार हड़ताल और चक्का जाम के बावजूद सरकार का साफ इंकार**

पुल के ढहने के बाद तो यह राजनीतिक दलों का मुख्य मुद्दा बन गया है।

सिवाय भाजपा के सभी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक दल इस मुद्दे को भुनाने में जुटे हैं। भाजपा नेताओं की किरकिरी इस मामले को लेकर कई बार हो चुकी है और पिछले सप्ताह उसे सांबा के लोगों के गुस्से का सामना इसलिए करना पड़ा था क्योंकि पहले ही सांबा के पंजीकृत वाहनों को मिली टोल माफी भाजपा नेताओं के कारण खत्म हो गई। आज लखनपुर से लेकर उड़ी तक सभी कर्मिशयल वाहन सड़कों पर नहीं निकले थे। इनमें स्थानीय थ्री व्हीलर और मेटाडोरों ने भी अपना सहयोग दियातो स्कूल कालेजों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी थी। सप्ताह में दूसरी बार हुई हड़ताल का मकसद इस टोल प्लाजा को हटवाना है जिसके प्रति नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया की विशेषज्ञों की टीम स्पष्ट इंकार कर चुकी है कि यह टोल प्लाजा नहीं हटेगा। ऐसे में भाजपा को डर है कि यह टोल प्लाजा उनके वोटों को लील जाएगा।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने मरीज को रोजाना दस किलोमीटर चलने को कहा
साल भर बाद मरीज ने डॉक्टर को फोन किया,
कि अफगानिस्तान पहुंच गया हूं यहीं रुक जाऊं
या आगे रूस निकल जाऊं।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निगम शिक्षकों को भी अब प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा बाहरः डॉ. शैली ओबरॉय

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज नरेला क्षेत्र के निगम प्राथमिक बाल विद्यालय बांकनेर में आयोजित विज्ञान मेले में शिक्षकों को सम्मानित किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने विज्ञान मेले के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि नरेला क्षेत्र का विज्ञान मेला निगम के सबसे अच्छे विज्ञान मेलों में से एक है। आज का समय महिला सशक्तिकरण का समय है और महिलाओं ने अंतरिक्ष से लेकर माउंट एवरेस्ट तक अपने परचम लहराए हैं। निगम के शिक्षक छात्रों को हमारी संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो स्वयं भी एक शिक्षक रही हैं तथा उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाया है। शिक्षा सबसे नॉबेल व्यवसाय है। नरेला क्षेत्र से सबसे उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं शिक्षक निकल कर आते हैं।




मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में निगम की आप सरकार दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल को निगम विद्यालयों में लागू करेगी। इसी कड़ी में कार्य करते हुए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम जैसे उत्कृष्ट संस्थान में भेजा गया है। आगे चलकर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निगम शिक्षकों एवं विद्यालय प्रभारियों को भी प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजा जाएगा।

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि निगम चुनाव के समय दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 गारंटी दी थी। इसमें से पहली गारंटी के अंतर्गत पिछले 2 महीनो से कर्मचारियों को पहली तारीख को वेतन मिल रहा है। हमारी कोशिश है कि निगम का राजस्व बढ़ाया जाए। निगम विद्यालयों में जल्द ही सुरक्षा गार्ड,डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती की जायेगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि बच्चों को साफ एवं सुरक्षित वातावरण मिले। इस अवसर पर पार्षद दिनेश कुमार, नरेला वार्ड पार्षद श्वेता खत्री, होलंबी वार्ड पार्षद नेहा एवं पूठ कलां वार्ड से पार्षद ऋतु, नरेला उपायुक्त वीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारियों को किया पक्का

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि आप सरकार ने अपनी दूसरी गारंटी पूरा करने की दिशा में कार्य करते हुए दिल्ली को स्वच्छ एवं साफ बनाने के लिए मेगा सफाई अभियान चलाया है। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में निगम के सफाई कर्मचारियों को पक्का किया। दिल्ली नगर निगम की आप की सरकार दिल्ली की जनता की आकांक्षाएं पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आईजीआई हवाईअड्डे से अमेरिकी करेंसी के साथ उज्बेकिस्तान का नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। सीआईएसएफ ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से 2.52 करोड़ रुपए मूल्य के अमेरिकी डॉलर के साथ एक उज्बेकिस्तान के नागरिक को पकड़ा है। टर्मिनल 3 के इंटरनेशनल सिक्योरिटी होल्ड एरिया के एक्स-बीआईएस नंबर 6 पर चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के लिए तैनात सीआईएसएफ कर्मी ने एक बैग में करेंसी नोटों को छुपाने की संदिग्ध तस्वीरें देखीं। अधिकारी ने बैग को जांच के लिए भेज दिया और यात्री को भी रोक दिया गया। बैग की गहन जांच करने पर देखा गया कि बैग में नई पैक्ड चादरें थी।

अधिकारी ने कहा कि संदेह होने पर बेडशीट को खोला गया और 2.52 करोड़ रुपए मूल्य के 3,07,500 अमेरिकी डॉलर जो प्लास्टिक कवर में लपेटे गए थे, उन्हें निकाला गया। यात्री की पहचान मिर्जालोल जुराएव के रूप में की गई, जिसे अमीरात एयरलाइंस से दुबई की यात्रा करनी थी। पूछताछ करने पर आरोपी जुरेव इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी करेंसी ले जाने के लिए वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। आगे की कार्रवाई के लिए उसे कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## शिक्षामंत्री आतिशी ने की डीएसईयू के अकादमिक योजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के युवाओं को 21वीं सदी के स्किल्स से लैस करने के दिशा में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योर यूनिवर्सिटी में सत्र 2023-24 में भविष्य में भारी माँग वाले 7 नए कोर्सेज की शुरुआत की है। इन कोर्सेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग व रोबोटिक्स एंड प्रोसेस ऑटोमेशन में डिप्लोमा कोर्स बीबीए इन ऑपरेशन इन बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट, बीबीए इन इनोवेशन एंड एंत्रप्रेन्योरशिप,बीबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट और बीएससी व एमएससी इन मेडिकल लैबोरेटरी साइंसेज़ शामिल है। तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने डीएसईयू व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को नए सत्र के लिए दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी के अकादमिक योजनाओं के लिए समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान, उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कोर्सेज़, इंडस्ट्री पार्टनरशिप, और छात्रों के प्लेसमेंट आदि की समीक्षा की। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि डीएसईयू द्वारा शुरू किए गए नए कोर्सेज समय की मांग हैं और इन कोर्सेज को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि,मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का सपना है कि दिल्ली का हर बच्चा स्किल्ड बने इस दिशा में डीएसईयू में शुरू हुए 21वीं सदी के ये कोर्सेज इस सपने को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि, देश की अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ाने के लिए युवाओं को हाई-क्वॉलिटी स्किल एजुकेशन से लैस करने की ज़रूरत है और इस दिशा में डीएसईयू अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है।



**सरकार ने दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योर यूनिवर्सिटी में सत्र 2023-24 में भविष्य में भारी माँग वाले 7 नए कोर्सेज की शुरुआत की है**

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि, नए सत्र में डीएसईयू में आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग व रोबोटिक्स एंड प्रोसेस ऑटोमेशन में डिप्लोमा जैसे भविष्य के कोर्सेज को शामिल किया गया है। इन कोर्सेज में ज़रिए छात्रों में प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स के माध्यम से डिवाइस फेब्रिकेशन के लिए टेक्निकल स्किल्स डेवलप होंगे। जबकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में तीन साल के डिप्लोमा में छात्रों को कंप्यूटर साइंस के सबसे आकर्षक और तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक में विशेषज्ञता हासिल करने का मौका मिलेगा।

### सार संक्षेप

#### 76वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 28 अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 76 वे वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन 28 से 30 अक्टूबर के बीच संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यह आध्यात्मिक संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में भव्यता पूर्ण आयोजित होने जा रहा है। इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे। इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है सुकुनः अंर्तमन का जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे।

#### शिखर धवन की कंपनी द-वन ने ऑर्किड्स स्कूल से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने अपने आर्गेनाईजेशन स्पोर्ट्स कंपनी द वन के माध्यम से ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत के साथ साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य स्पोर्ट्स ट्रेनिंग में ट्रांसफॉर्मेशन और स्कूली शिक्षा के शुरुआती वर्षों में छात्रों के बीच खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। यह साझेदारी ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में युवा मन में अनुशासन, टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और एथलिट्जिम की संस्कृति को विकसित करने और बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए शिखर धवन इनिशिएटिव द वन ग्रुप के सीईओ अमितेश शाह कहते हैं, खेल की भावना को अपनाते हुए, द वन स्पोर्ट्स गर्व से ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत और डीपीएस, सोनीपत में जीवंत भारत की यात्रा के लिए अपना हाथ मिलाया है। हम एक साथ मिलकर एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के लिए तैयार हैं।

#### पुलिस ने प्रतिबंधित सिगरेट बरामद की

**नई दिल्ली।** ग्राहक चेतना ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी की मदद से स्थानीय पुलिस ने प्रतिबंधित सिगरेट की तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस अधिकारियों ने सूरत, कोलकाता और गुरुग्राम में अनेक जगहों पर छापेमारी की और बड़ी संख्या में प्रतिबंधित सिगरेट बरामद किए। सूरत में कई स्थानों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिगरेट जब्त की गईं जिनमें बिग बी पान सेंटर, जय बजरंग पान सेंटर, गणेश पान पार्लर और पुनागाम में तलप पान सेंटर आदि शामिल हैं। इन घटनाओं के बारे में ग्राहक चेतना ट्रस्ट के प्रिंसिपल ट्रस्टी, सुरेश कौशिक ने कहा, हम कानून प्रवर्तन एजेंसी की सराहना करते हैं, जिन्होंने हमारी खुफिया जानकारी के आधार पर इन मामलों में कार्रवाई की। सिगरेट के गैरकानूनी व्यापार को रोका जाना और कठोर कदम उठाकर इस खतरे को दूर किया जाना बहुत जरूरी है। हम भारत में जाली,प्रतिबंधित सामान के बारे में ग्राहकों की जागरुकता और शिक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिगरेट का गैरकानूनी व्यापार जन स्वास्थ्य और समाज के लिए एक गंभीर और लगातार बढ़ता हुआ खतरा है।

## किसानों को नकली कीटनाशकों से बचाना जरूरीः त्रिपाठी

### क्यूआर कोड इम्प्लीमेंटेशन पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कीटनाशक क्षेत्र में क्यूआर कोड के इम्प्लीमेंटेशन पर चर्चा जरूरी है। क्यूआर कोड इंटीग्रेटेड पेस्टीसाइड मैनेजमेंट सिस्टम का हिस्सा होंगे, जिसका उद्देश्य किसानों को नकली कीटनाशकों से बचाना है। यह कहना है सीआईबी एंड आरसी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ब्रिजेश त्रिपाठी का। बता दें कि शुक्रवार को जीएस1 इंडिया ने दिल्ली में एग्री-इनपुट मैन्युफैक्चरर्स के लिए क्यूआर कोड इम्प्लीमेंटेशन पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस आयोजन को सभी ने सराहा और क्यूआर कोड इम्प्लीमेंटेशन के फायदों और चुनौतियों पर चर्चा करने और किसानों को हाई क्वालिटी एग्री इनपुट तक पहुंच सुनिश्चित करने का प्लेटफार्म बना इवेंट। इनॉग्रल सेशन के दौरान, जीएस1 इंडिया के सीईओ एस. स्वामीनाथन ने एग्री इनपुट की क्वालिटी और सेफ्टी सुनिश्चित करने में क्यूआर कोड इंप्लीमेंटेशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी स्टेकहोल्डर्स से आग्रह किया कि सहमति से परे जाकर साथ आगे बढ़ें और क्षेत्र और किसानों के लिए क्यूआर कोड से होने वाले व्यापक लाभों पर विचार करें। उन्होंने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल का जिक्र करते हुए डेटा सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया और इंडस्ट्री से इसे अपनाने का आग्रह किया।

## जी 20 के दौरान दिल्ली के आसमान में गश्त करेंगे हेलीकॉप्टर

### होटलों से लेकर रास्तों तक की करेंगे निगरानी

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में होने वाले जी20 समिट के आयोजन में अब कुछ ही वक्त बचा है। दिल्ली 9 और 10 सितम्बर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। तमाम बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष की मौजूदगी को देखते हुए जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसकी तैयारियों के तहत, दिलली पुलिस के प्रशिक्षु कमांडो ने शुक्रवार को हेलीकॉप्टर स्लाइथरिंग अभ्यास किया। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले राजधानी स्थित पुलिस अकादमी में दिल्ली पुलिस के प्रशिक्षु कमांडो के दूसरे बैच द्वारा हेलीकॉप्टर स्लाइदरिंग अभ्यास का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि

दिल्ली में जी 20 समिट के दौरान जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रगति मैदान के आसपास सुरक्षा बलों के हेलीकॉप्टर गस्त करेंगे। हेलीकॉप्टर दिल्ली में तो गश्त करेंगे ही साथ में जितने रूट्स पर मेहमान आएंगे-जाएंगे उनकी भी निगरानी की जाएगी। वहीं, सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फाइनल रिहर्सल और 8, 9, 10 सितंबर तक आसमान में हेलीकॉप्टर गडगड़ाएंगे। गश्त के जरिए न सिर्फ दिल्ली निगरानी रखी जाएगी, बल्कि जितने रूट्स लगेंगे उनकी क्लियरेंस भी देखी जाएगी। सबसे ज्यादा चुनौती लीला होटल के लिए रजोकरी से महिपालपुर रोड को क्लियर रखना है। बता दें कि 31 मई को दिल्ली पुलिस ने भर्ती कमांडो के पहले बैच को एम -17 हेलीकॉप्टर का उपयोग करके झरोदा कलां में दिल्ली पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण दिया था।

## आईजीआई हवाईअड्डे से अमेरिकी करेंसी के साथ उज्बेकिस्तान का नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। सीआईएसएफ ने इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 2.52 करोड़ रुपए मूल्य के अमेरिकी डॉलर के साथ एक उज्बेकिस्तान के नागरिक को पकड़ा है। टर्मिनल 3 के इंटरनेशनल सिक्योरिटी होल्ड एरिया के एक्स-बीआईएस नंबर 6 पर चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के लिए तैनात सीआईएसएफ कर्मी ने एक बैग में करेंसी नोटों को छुपाने की संदिग्ध तस्वीरें देखीं। अधिकारी ने बैग को जांच के लिए भेज दिया और यात्री को भी रोक दिया गया। बैग की गहन जांच करने पर देखा गया कि बैग में नई पैक्ड चादरें थी। अधिकारी ने कहा कि संदेह होने पर बेडशीट को खोला गया और 2.52 करोड़ रुपए मूल्य के 3,07,500 अमेरिकी डॉलर जो प्लास्टिक कवर में लपेटे गए थे, उन्हें निकाला गया।

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | मौजूदा वाशिंग लाइन नंबर के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। दिल्ली मुख्य स्टेशन पर 18, 19, 20 और 21। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,17,47,092.68/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,08,700/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.09.2023 (10.30 बजे) से 22.09.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.09.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (20427103) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 24A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 31.08.2023 2712/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## यूनानी पैथी के साथ पक्षपात किया जा रहा हैः डॉ. सैयद



**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मुश्ताक अहमद व राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद सैयद अहमद खान ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि राजस्थान सरकार युनानी समेत आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास में अग्रणी साबित हो रही है। प्रो मुश्ताक अहमद ने यह भी कहा कि ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवाज उल हक अजमेरी के कुशल नेतृत्व में यूनानी पैथी का विकास समान रूप से हो रहा है। उन्होंने कहा राजस्थान के आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग ने जयपुर में चिकित्सकों के समारोह में जो घोषणा की है वह सराहनीय है। प्रो मुश्ताक ने कहा कि उन्होंने राजस्थान राज्य में लगभग 249 पुरानी डॉक्टरों की नियुक्ति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के तहत युनानी मेडिकल कॉलेज की स्थापना, भरतपुर में यूनानी उत्कृष्ट केंद्र की मंजूरी और बाड़मेर के बालोतरा कस्बे में आधूनिक सुविधाओं से युक्त 50 बिस्तरों वाले मेडिकल अस्पताल की स्थापना कर राजस्थान को पहला राज्य बना दिया है। राजस्थान में यूनानी चिकित्सकों को उसका अधिकार दिया जा रहा है।

ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने इस बात पर खेद जताया कि देश के अन्य राज्यों में यूनानी पैथी के साथ पक्षपात किया जा रहा है।यहां तक कि असम में पुरानी डॉक्टरों का पंजीकरण भी नहीं किया जा रहा है।इसकी शिकायत असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व सरमा और एनसीआईएसएम में बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा को पत्र लिख कर की गई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और गुजरात सरकार पर भी भेदभाव का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इन राज्यों में पिछले दो दशकों से किसी भी यूनानी चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। डॉ सैयद अहमद खान ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की है कि देश की राजधानी दिल्ली में भी यूनानी पैथी के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

## दिल्ली के गांव देहात पर नहीं सहेंगे अत्याचारः सोलंकी




**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के गांव देहात को बचाने की मुहिम के तहत अपने हक-अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का समय आ गया है। दिल्ली के गांवों के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांवों के इन हालातों के लिए डीडीए और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। यह कहना है पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी का। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए हमने यह निर्णय लिया कि तीन तारीख को एक बड़ी महापंचायत बुलाई जाए। उन्होंने दावा किया कि तीन सितंबर को पीरागढ़ी में गांवों के हितों के लिए हो रही महापंचायत में कई हजार लोग शिरकत करेंगे और इस महापंचायत को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। महापंचायत की तैयारी में प्रत्येक गांव में हो रही पंचायतों में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हो रहे हैं और वह गांवों पर थोपे रहे अव्यवहारिक नियमों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरीकरण के नाम पर गांवों की जमीन हड़पने का काम दिल्ली सरकार ने किया है। और उसपर गांव का हक है वह जमीन हम डीडीए को नहीं देंगे। सोलंकी ने कहा कि ग्रामीणों ने बहुत अत्याचार सहन कर लिया है, मगर अब वह किसी भी मामले में उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे। वह गांवों के खिलाफ प्रत्येक अव्यवहारिक नियम व निर्णय का विरोध करेंगे। इस संबंध में वह तीन सितंबर को पीरागढ़ी गांव में होने वाली महापंचायत में तमाम अव्यवहारिक नियमों व निर्णया को बदलवाने के लिए आंदोलन का बिगुल फूंकेंगे। इस पंचायत में ग्रामीणों की संख्या एक लाख का भी आंकड़ा पार कर सकती है। इस वार्ता में उनके साथ मौजूद रहने वालों में बवाना 52 के प्रधान चौधरी धारा सिंह, चौधरी नरेश, प्रधान लाडो सराय 96, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9 और रोहताश शौकीन पीरागढ़ी थे।

■ **दिल्ली में 03 को होगी 360 गांवों की महापंचायत**

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर WVMs, Parking Sites एवं GMUs/SMUs छोटी खानपान यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करता हैः वाटर वेंडिंग मशीन के लिए ई-ऑक्शन विवरणः ई-कैटलॉग न 23AC-Ctg.-WVM-12

| क्लस्टर संख्या | रेलवे स्टेशन एवं केटेगरी | WVM संख्या | ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| क्लस्टर - 3 | हजरत निजामुद्दीन (A1) | WVM-17, WVM-18, WVM-19, WVM-20, WVM-21, WVM-22, WVM-23, WVM-24, WVM-25, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 4 | आनंद विहार टर्मिनल (A1) | WVM-26, WVM-27, WVM-28, WVM-29, WVM-30, WVM-31, WVM-32, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 5 | दिल्ली शाहदरा (A) | WVM-33, WVM-34, WVM-35, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 6 | पानीपत (A), करनाल (A), कुरुक्षेत्र (B) | WVM-40, WVM-41, WVM-42, WVM-46, WVM-47, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 7 | दिल्ली किशनगंज (D), दयाबस्ती (D), मंगोलपुरी (D) | WVM-57, WVM-58, WVM-59, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 8 | खराबर (E), सांपला (E), असौदाह (E),गढी हरसरू (D) | WVM-65, WVM-66, WVM-67, WVM-71, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |
| क्लस्टर - 9 | ओखला (D), तुगलकाबाद(D) | WVM-63, WVM-64, | प्रारंभ होने का समय : 18.09.2023 को 12:00 बजे |

पार्किंग साइटस के लिए इ-ऑक्शन विवरणः

| ई-कैटलॉगसंख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-33-2023 | 18.09.2023 at 12.00 Hrs | गाजियाबाद (GZB) सिटी साइड (2534.90 Sq,mtrs) नया गाजियाबाद (GZN), आदर्श नगर PRS (ANDI), बडौत (BTU) और दिल्ली (कश्मीरी गेट साइड) PF-16 कुल 5 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-34-2023 | 19.09.2023 at 12.00 Hrs | पानीपत (PNP) प्रथम प्रवेश (477 Sq.Mt.) पानीपत (PNP) प्रथम प्रवेश (1581.60 Sq.Mtrs.), पानीपत (PNP) द्वितीय प्रवेश (705.37 Sq.Mtrs), पानीपत (PNP) द्वितीय प्रवेश (390 Sq.Mtrs), & करनाल (KUN) (375 Sq.Mtrs.) = कुल 5 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-35-2023 | 20.09.2023 at 12.00 Hrs | कुरूक्षेत्र (KKDE) प्रथम प्रवेश (648 Sq.Mtrs.) कुरूक्षेत्र (KKDE) द्वितीय प्रवेश (353 Sq.Mtrs.) कुरूक्षेत्र (KKDE) Site-1, कुरूक्षेत्र (KKDE) Site-2 और मादीपुर PRS निकट शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन = कुल 5 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-36-2023 | 21.09.2023 at 12.00 Hrs | सापला (SPZ) द्वितीय प्रवेश, बुढलाडा (BLZ), बरेटा (BRZ), मानसा (MSZ), (2800.20 Sq.mt) टोहाना (TUN) = कुल 5 पार्किंग लॉट/स्थल। |
| Parking-37-2023 | 22.09.2023 at 12.00 Hrs | खतौली (KAT), नांगलोई (NNO), पालम (PM), मुरादनगर (MUD), साहिबाबाद (SBB) & और शकूर बस्ती (SSB) 1500 Sq.mtrs. = कुल 6 पार्किंग लॉट/स्थल |

माइनर केटरिंग यूनिट्स (SMUs/GMUs) के लिए इ-ऑक्शन विवरणः

| ई-कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| CATG-17-2023 | स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) | दिल्ली सराए रोहिल्ला (DEE-1-GMU-SMU-ST), दिल्ली शाहदरा (DSA-1-SMU-BPL), करनाल (KUN-1-SMU-ST), दिल्ली आजादपुर (DAZ-1-SMU-MIN), तुगलकाबाद (TKD-1-SMU-SC), दयाबस्ती (DBSI-1-SMU-SC), | प्रारंभ होने का समय : 19.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-18-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | गढी हरसरू (GHH-1-GMU-W), ताजनगर (TNJR-1-GMU-W), बुडलाडा (BLZ-1-GMU-W), गोतरा हाल्ट (GTRA-1-GMU-PH), बेहटा हाजीपुर (BHHZ-1-GMU-W), परतापुर (PRTP-1-GMU-W), राठधाना (RDDE-1-GMU) | प्रारंभ होने का समय : 20.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-19-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | मोहिउद्दीनपुर (MUZ-1-GMU-W), कांधला (KQL-1-GMU) खराबर (KRZ-1-GMU-FF), मौर (MAUR-1-GMU), सांपला (SPZ-1-GMU), सांपला (SPZ-2-GMU), असावटी (AST-1-GMU) | प्रारंभ होने का समय : 21.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-20-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | पटेल नगर (PTNR-1-GMU), शिवाजी ब्रिज (CSB-1-GMU), नया गाजियाबाद (GZN-1-GMU-W), शाहाबाद मारकंडा (SHDM-1-GMU), खेकड़ा (KEX-1-GMU-W), टोहाना (TUN-1-GMU) | प्रारंभ होने का समय : 22.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-21-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | होलंबी कलां (HUK-1-GMU-FF), मंडावली चंदर विहार (MWC-1-GMU-FF), सुजरा हाल्ट (SUJR-1-GMU-FF), उचाना (UCA-1-GMU-FF), विवेक विहार (VVB-1-GMU-FF), मंगोलपुरी (MGLP-1-GMU-FF) | प्रारंभ होने का समय : 25.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-22-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | सुन्हेरा (SFA-1-GMU-FF), खेकडा (KEX-1-GMU-W), अहेरा हाल्ट (AHQ-1-GMU-W), असावटी (AST-1-GMU-W), जुलाना (JNA-1-GMU-W), घरौदा (GRA-1-GMU-W) | प्रारंभ होने का समय : 26.09.2023 को 12:00 बजे |
| CATG-23-2023 | जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) | फकरपुर हाल्ट (FAP-1-GMU-W), खलीलपुर (KIP-1-GMU-W), बेहटा हाजीपुर हाल्ट (BHHZ-1-GMU-W), गढी हरसरू (GHH-1-GMU-W), बरेटा (BRZ-1-GMU-W), असौदाह (ASE-1-GMU-W) | प्रारंभ होने का समय : 27.09.2023 को 12:00 बजे |

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः https://ireps.gov.in (E-Auction-Leasing) आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:
● ई-नीलामी लीलिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण - ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता। ● एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतानः भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता : ireps खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण। ● ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। ●बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ●जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मॉड्यूल के लिए IREPS खाता नहीं है वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण : मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
Email: catering.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 No. 23AC/Ctg./WVM Policy Date: 31.08.2023 2719/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

'उ.प्र. रेरा का प्रमुख उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर को विनियमित कर विकास के पथ पर ले जाना है। यह तभी संभव है जब रेरा अधिनियम का अनुपालन प्रदेश भर में सुचारु रूप से हो सके। परियोजना के नक्शों के सुपर इम्पोजीशन से होम बायर्स को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा।

संजय भूसरेड्डी, उ.प्र. रेरा चेयरमैन

## शासन स्तर पर तय होगा, हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड का निर्णय



**चार धाम के लिए नोएडा के इसी पोर्ट से उड़ेंगे हेलीकाप्टर, 43.13 करोड़ की है परियोजना**

**नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए प्राधिकरण ने शासन को फाइल भेज दी है। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास के सामने हेलीपोर्ट का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ एक कंपनी आई है, ऐसे में शासन स्तर पर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेंशियल बिड खोलने का फैसला लिया जाएगा।

31 दिसम्बर 2021 को हेलीपोर्ट के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे। 31 मार्च 2022 को टेक्निकल बिड खोली गई। जिसमें एक ही कंपनी आई थी। इससे पहले भी परियोजना के लिए टेंडर जारी किए गए थे। उसमें भी एक ही कंपनी आई थी। ऐसे में अब फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए शासन से अनुमति ली जाएगी।

हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरु की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई थी। इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। यह परियोजना बड़ी है, ऐसे में शासन से मंजूरी ली जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि दो से तीन सप्ताह में फाइनेंशियल बिड खोलने पर निर्णय ले लिया जाएगा। इसके बाद काम शुरू होगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि तीन-चार महीने में काम शुरू हो सकता है। पहले फेज में तीन हेलिकॉप्टर चलाए जाएंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर की संख्या में इजाफा किया जाएगा।

### 43.13 करोड़ रुपए की है योजना

नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी। इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपातकाल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा।

### देश के इन शहरों तक हो सकेगा हवाई सफर

100 से 200 किमी में मथुरा आगरा

200 से 300 किमी में मसूरी, यमुनोत्री, पंतनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, श्री नगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार जयपुर, चंडीगढ़, ओली

300 से 400 किमी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, जोशीमठ, रामपुर, मंडी, अजमेर

400 से 500 किमी मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या।

## सीईओ के अपने ही अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई

**नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्राधिकरण वरिष्ठ अधिकारियों से खुश नहीं है। इसकी बड़ी वजह अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ओएसडी और अन्य विभागाध्यक्ष व मंडलीय अधिकरियों का समय से कार्यालय नहीं पहुंचना है। सीईओ ने कार्यालय आदेश जारी करते हुए विलंब से आने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है।

**सरकारी आवास से 2 किमी दूर कार्यालय फिर भी आने में हो रही देरी, ये बेहद आपत्तिजनक**

सीईओ की ओर से जारी कार्यालय आदेश में स्पष्ट है कि प्राधिकरण का कार्यालय सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक खुलता है। लेकिन जिम्मेदार पदों पर तैनात एसीईओ और ओएसडी रैंक के अधिकारी 10 बजे तक भी कार्यालय उपस्थित नहीं होते है। इससे जहां एक ओर जन सामान्य को असुविधा होती है। वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह आचरण बेहद आपत्तिजनक और उप्र कर्मचारी सेवा विनियमावली के विपरीत है।

स्पष्ट कहा गया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और ओएसडी प्राधिकरण के आवासीय कॉलोनी सेक्टर-14ए में रहते है। इसकी कार्यालय से अधिकतम दूरी महज 2 किमी है। फिर भी अधिकारियों का समय से कार्यालय नहीं पहुंचना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि यदि वरिष्ठ अधिकारी ही समय से कार्यालय नहीं पहुंचेंगे तो उनके अधीनस्त कर्मचारियों की समय से उपस्थति कैसे सुनिश्चित कर सकते है। ऐसे में समय से कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाए।

## रियल एस्टेट परियोजना के नक्शे होंगे राजस्व विभाग के नक्शे से सुपर इम्पोज

### प्रोमोटर नहीं कर सकेंगे परियोजना के नक्शों से छेड़-छाड़

**ग्रेटर नोएडा/नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा चेयरमैन ने परियोजनाओं की निर्माण प्रक्रिया को सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी बनाने के लिए विशेष रूप से प्रोमोटर व आवंटियों के मध्य उत्पन्न होने वाले विवादों को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार प्राधिकरण द्वारा परियोजना के स्वीकृत मास्टर प्लान के नक्शे को राजस्व विभाग के नक्शे पर सुपर इम्पोज़ कराया जाएगा।

इससे प्रोमोटर अपनी परियोजना से संबंधित जो स्वीकृत अभिलेख व मानचित्र उ.प्र. रेरा में उपलब्ध कराते हैं। उन्हें उसी के अनुसार परियोजना का निर्माण करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रोमोटर द्वारा परियोजना के वास्तविक व स्वीकृत मानचित्र या नक्शे में किसी भी प्रकार का बदलाव करना असंभव हो जाएगा और इस प्रक्रिया की मदद से जांच में आसानी होगी। प्रथम चरण में यह प्रक्रिया 'जी.आई.एस' (ग्लोबल इनफार्मेशन सिस्टम) बेस्ड मास्टर प्लान वाले 13 शहरों में लागू होगी। जिसमें 'रिमोट सेंसिंग' की सटीक तकनीकी का उपयोग कर परियोजना के नक्शों को राजस्व विभाग के नक्शो के ऊपर सुपर इम्पोजिशन किया जाएगा। इससे भविष्य में परियोजना के मूल नक्शे में किसी भी बदलाव सम्बन्धित विवाद में सुपर इंपोस्ड मैप की मदद ली जाएगी जिससे कोई भी बदलाव स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। उ.प्र. रेरा चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने कहा कि 'उ.प्र. रेरा का प्रमुख उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर को विनियमित कर विकास के पथ पर ले जाना है। यह तभी संभव है जब रेरा अधिनियम का अनुपालन प्रदेश भर में सुचारु रूप से हो सके। परियोजना के नक्शों के सुपर इम्पोजीशन से होम बायर्स को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। प्रोमोटर द्वारा जो नक्शा प्राधिकरण में उपलब्ध कराया गया होगा उसी के अनुसार निर्माण प्राप्त होने से होम बायर्स और प्रोमोटर के बीच विवाद की संभावनाएं भी नगण्य रह जाएंगी।



### रेरा अब वित्तीय संस्थाओं से भी रियल एस्टेट के बैंक खातों की लेगा सूचना

अब उ.प्र. रेरा को परियोजनाओं के बैंक खातों की सूचना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी प्रोमोटर्स के साथ-2 वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों की भी होगी। प्राधिकरण द्वारा इसके लिए एक गाइडलाइन भी बनाई की जा रही है। जिसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए स्टेट लेवल बैंक कमेटी को भेजा जाएगा। उ.प्र. रेरा की मानक निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत किसी परियोजना के लिए प्रोमोटर को तीन बैंक खाते खोलने होते हैं। कलेक्शन अकाउंट, सेपरेट अकाउंट और एकस्पेंडीचर अकाउंट, पूर्व प्रक्रिया के अनुसार प्रोमोटर द्वारा इन तीनों बैंक खातों की जानकारी रेरा पोर्टल पर अपलोड की जाती है। इसका उद्देश्य प्रोमोटर्स द्वारा बैंक खातों में परियोजना संबंधित जमा धनराशि का रेरा अधिनियम के अनुरूप, 70 प्रतिशत धनराशि परियोजना के निर्माण व विकास में व शेष अन्य खर्चों हेतु, इस्तेमाल कराना सुनिश्चित करना था। लेकिन प्राधिकरण द्वारा की गई समीक्षा के अनुसार अभी भी कई प्रोमोटर्स द्वारा सभी बैंक खातों की जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है। प्रोमोटर्स द्वारा रेरा को बैंक खातों की जानकारी उपलब्ध न कराना रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के प्रतिकूल है। प्रोमोटर बैंक में सभी तीन बैंक खाते खोलने के साथ वित्तीय संस्थान व बैंक को स्थायी सलाह भी देगा कि प्रॉजेक्ट के कलेक्शन अकाउंट में धनराशि आते ही 70 प्रतिशत स्वत: सेपरेट अकाउंट में और शेष एकस्पेंडीचर अकाउंट हस्तान्तरित कर दी जाए। इसके अलावा बैंक खातों और स्थायी सलाह की एक प्रमाणित प्रतिलिपि प्रोमोटर द्वारा रेरा को उपलब्ध कराई जाए, जिसे रेरा वित्तीय संस्थानों से क्रॉस वेरीफाई करेगा। इस प्रकार परियोजना से जुड़े वित्तीय व्यवस्था को रेरा अधिनियम के अनुकूल बनाया जाएगा। ज्ञात है कि वित्तीय संस्थान रियल एस्टेट क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण हितधारक हैं और प्रोमोटर्स द्वारा रेरा अधिनियम का पालन कराने में इनकी अहम भूमिका है। उ.प्र. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि प्रोमोटर द्वारा परियोजना के बैंक खातों की सूचना रेरा को उपलब्ध कराने का उद्देश्य परियोजना के निर्माण में उपयोग की जा रही राशि, उसके लेन देन और व्यय के विवरण को पारदर्शी रखना है। किसी परियोजना के लिए यह अति आवश्यक है कि परियोजना के लिए एकत्र की जाने वाली धनराशि प्रोमोटर द्वारा केवल उसी परियोजना में निर्माण व विकास में उपयोग की जाए।

## सार संक्षेप

### नोएडा में हार्डवेयर की दुकान में लगी आग



**नोएडा।** सेक्टर-9 स्थित एक मिलेनियम हार्डवेयर की दुकान के दूसरे तल पर भीषण आग लग गई। आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। वहां मौजूद लोगों और गार्ड ने पुलिस और दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। मौके पर छह दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब 25 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें तीसरे तल पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। बताया गया अत्यधिक धुएं की वजह से वह बेहोश हो गया था। उसे कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत अब ठीक है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि दोपहर में सेक्टर-9 की हार्डवेयर की दुकान में आग लगने की सूचना मिली। आग दूसरे तल पर लगी थी। यहां इलेक्ट्रिकल का सामान था। सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। आग लगते ही दुकान में मौजूद लोग बाहर निकल गए। एक के बाद करीब 6 दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। वेंटिलेशन नहीं होने से ये धुआं तीसरे फ्लोर पर भर गया। वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति इसी धुंए के कारण बेहोश हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी सभी लोग सुरक्षित पहले ही बाहर आ गए थे। आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

### अपहृत नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**नोएडा।** 25 अगस्त को फेज-2 थाना क्षेत्र ये गायब हुई एक नाबालिक लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एक दिन पहले ही नाबालिग की कुछ फोटो सोशल मीडिया पर हिजाब पहने वायरल हुई थी। लोगों ने पुलिस से जल्द जल्द कार्रवाई करने के लिए ट्विट किया था। पुलिस ने 17 पुलिसकर्मियों की तीन टीम बनाई। इसमें साइबर सेल और लोकल इंटेलिजेंस की टीम को भी शामिल किया गया। एक युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद नाबालिग को बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। सेंट्रल नोएडा के एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि 26 अगस्त को पीड़िता के परिजनो ने फेस-2 पुलिस को सूचना दी कि उनकी 15 साल की पुत्री 25 अगस्त को घर से कही चली गयी है। सूचना पर थाना फेस-2 ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। उन्होंने बताया कि इस मामले में फेस-2 पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, टेक्निकल साक्ष्यों व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से अपहृता (वादी की पुत्री) की सकुशल बरामदगी कर लिया है। इसके बाद अपहृता के बयानों के आधार पर मुकदमा में सलमान पुत्र तोफीक, नितिन पुत्र हरिशंकर व ललित मोहन उर्फ आदी पुत्र शंकरलाल को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में धारा 354/452 व 7/8 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। सीसीटीवी फुटेज व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से भिन्न-भिन्न स्थानों पर तलाश की गई। जिसके बाद नाबालिग को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि ये तीनों ही नाबालिग के पड़ोस में ही रहते थे। इसी मौके का लाभ उठाकर, पीड़िता को बहला-फुसलकर अपने साथ ले गए। बता दे 31 अगस्त को नाबालिग का एक फोटो वायरल हुआ था। जिसमें वो हिजाब पहले हुए दिख रही थी। जिसके बाद तमाम अटकले लगाई जाने लगी। एसीपी ने बताया कि उसकी सहेलियों ने बताया कि वो अक्सर हिजाब पहनकर फोटो खिंचवाई थी।

## मांगों को लेकर विधायक से मिले किसान, मिला आश्वासन



**नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक पंकज सिंह से मुलाकात की। भारतीय किसान यूनियन (मंच) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने सिलसिलेवार सभी मुद्दों जैसे की आबादी विनियमितीकरण,10 प्रतिशत व वर्ष 1997 से 64.7 अतिरिक्त प्रतिकर, 5 प्रतिशत के मूल प्लॉट, वर्ष 1976 से 1997 के बीच के सभी किसानों को किसान कोटा स्कीम, जिसके तहत किसानों को अलॉटमेंट लेटर दे दिए गए थे। उसके सापेक्ष पैसा भी जमा कराया था जो कि आज तक भी नोएडा प्राधिकरण में ही जमा है आदि पर बातचीत की गई। सुधीर चौहान ने कहा कि जो मुद्दे शासन स्तर पर लंबित है उन्हें जल्दी पास करवाए जाए। जिसमें 450 मीटर तक की आबादी का विनयतीकरण, पेरिफेरल रोड के अंदर की गैर पुश्तैनी आबादी व कामर्शियल एक्टिविटी पर बनी कमेटी के साथ ही साथ भूलेख विभाग में 5 प्रतिशत के मूल प्लॉटों की पत्रावली तैयार कर उन्हें प्लानिंग डिपार्टमेंट में भेजने पर बात हुई। प्लानिंग डिपार्टमेंट में जो प्लॉट पिछले कई वर्षों से पड़े हुए हैं। उन्हें एक नया सेक्टर बनाकर किसानों को तुरंत अलॉटमेंट लेटर देने की पर भी बात हुई। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि जल्द ही प्राधिकरण के बड़े अधिकारी भी मौका मुआयना कर आबादी निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे और किसानों के सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे।

## अनुकंपा के आधार पर जीडीए में मिली मृतक आश्रितों को नौकरी

**गाजियाबाद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) ने अनुकंपा के आधार पर नौ मृतक आश्रितों को नौकरी प्रदान की है। इस मामले में जीडीए जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह के शुक्रवार लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। इसके अलावा पांच कर्मचारियों को प्रोन्नति करते हुए उनका लेटर जारी किया गया। सभी नियुक्तियां एक सितम्बर से प्रभावी मानी गयी है। पिछले चार सालों में जीडीए में सेवारत 9 लोगों की आकस्मिक मृत्य सेवा के दौरान हो गई थी। इन सभी लोगों ने अपनी योग्यता के साथ अनुकंपा के आधार पर शासन में नौकरी का आवेदन किया था। जिन लोगों को नौकरी दी गई उनमें अमन सुकरालिया है। इनके पिता राकेश कुमार इनकी मृत्यु 9 मई 2021 को गई थी। इसी प्रकार अंगद पुत्र रामफेर को नौकरी दी गई है। रामफेर की मृत्यु 8 मई 2021 को गई थी। सुनील कुमार के पिता शेरा की मृत्यु 9 नवम्बर 2022 को हुई थी। पिता के स्थान पर उन्हें नौकरी प्रदान की गई। अजीत कुमार को नौकरी उनके पिता अशोक कुमार के स्थान पर मिली है। उनकी मृत्यु 25 नवम्बर 2022 को हो गई थी। अभिषेक को उनके पिता जीत सिंह के स्थान पर दी गई जिनकी मृत्यु 24 नवम्बर 2022 को हो गई थी। सुरेंद्र कुमार को उनके पिता शिव बहादुर की मृत्यु के बाद मिली है। उनका निधन 20 जनवरी 2023 को इसी साल हुआ था। रवि कुमार को उनके पिता लोकेंद्र पाल सिंह के स्थान पर नौकरी मिली। उनके पिता का निधन 30 जनवरी को इसी साल हुआ था। हिमांशु तोमर को उनके पिता विक्रम के मरने के बाद मिली। उनकी मृत्यु 31 जनवरी 2022 को हुई थी। अभी वशिष्ठ को उनके पिता अजय कुमार शर्मा के स्थान पर मिली। उनकी मृत्य 14 अगस्त 2021 को हो गई थी। भूमिका को उनके पिता तेजपाल सिंह के मरने के बाद नौकरी मिली। उनकी मृत्यु 30 नवम्बर 2019 को हुई थी। इसके अलावा दीपक बादली को उनके पिता दयाराम बादली के स्थान पर नियुक्ति मिली। उनकी मृत्यु इसी साल 16 अप्रैल को हो गई थी। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी मृतक आश्रित लोगों को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के रूप में दी गई है। शासन के इस निर्णय से नौ परिवारों में खुशी का महौल है। इसके अलावा प्राधिकरण के पांच कर्मचारियों को आज ही प्रोन्नति का पत्र भी दिया गया। जिन कर्मचारियों को प्रान्नति मिली है। उनमें संजीव कुमार भटनागर, प्रदीप कुमार, प्रभात कुमार, मेमकला को वरिष्ठ लिपिक से वरिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है।



- **नौ परिवारों में खुशी का माहौल**
- **जीडीए सचिव ने वितरित किए नियुक्ति पत्र**

## जीडीए ने नीलामी के माध्यम से 21.74 करोड़ में बेचे 17 भूखंड

**गाजियाबाद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जीडीए ने शुक्रवार को कुल 17 भूखंडों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया। इन भूखंडों की बिक्री से जीडीए को 21.74 करोड़ की आय होगी। जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी व विशेषधिकारी सुशील कुमार चौबे की उपस्थिति में हुई। सीपी त्रिपाठी ने बताया कि जीडीए की विभिन्न योजनाओं में 2000 वर्ग मी0 से कम क्षेत्रफल की 190 अनिस्तारित सम्पत्तियां व 2000 वर्ग मी0 से अधिक क्षेत्रफल की 17 सम्पत्तियां, 10 शैक्षणिक एवं चिकित्सा भूखंड़ों के लिए एवं 3 सामुदायिक केन्द्रों को अनुज्ञप्ति किराये के आधार पर 10 वर्ष के लिए लीज पर संचालन के लिए दिये जाने केलिए नीलामी अयोजित की गई। इसके अतिरिक्त बस अड्डे स्थित टैम्पों स्टैण्ड को व वार्षिक किराये के आधार पर दिये जाने के लिए नीलामी की गई। नीलामी में आवेदकों द्वारा प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक टोकन कटाये गए एवं सीलबन्द निविदाएं प्राप्त की गई। नीलामी 12:30 बजे से प्रारम्भ की गई नीलामी प्रारम्भ करने से पूर्व स्थिति इस प्रकार रही कि समस्त संपत्तियों के सापेक्ष आवेदकों द्वारा कुल 41 टोकन कटाए गए तथा निविदा बॉक्स खोलने पर 4 सीलबन्द निविदाएं प्राप्त हुई। नीलामी की कार्रवाई हुई।



त्रिपाठी ने बताया कि आज की नीलामी में मधुबन बापूधाम योजना के 10 व्यवसायिक भूखंड एवं 5 आवासीय भूखंड़, के अतिरिक्त इन्दिरापुरम योजना, ज्ञान खंड-3 के 1 आवासीय भूखंड व वैशाली योजना के 1 आवासीय भूखंड़ बेचे गए। कुल 17 भूखंड़ों को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया गया।

नीलामी में उच्चतम बोलीदाताओं/निविदा दाताओं ने बढ़ चढ़ कर बोली लगायी। नीलामी में प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह, नगर नियोजक, राजीव रत्न शाह, सहायक अभियन्ता/सहायक प्रभारी व्यवसायिक, सुरजीत, योगेन्द्र कुमार, लेखाकार एवं वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार आदि की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई। उक्त सम्पत्तियों के सापेक्ष प्राप्त बिड से प्राधिकरण को लगभग 21.74 करोड़ की आय प्राप्त होगी।

**आयोजन** | हरिश्चंद्र सार्वजनिक पुस्तकालय का रजत जयंती समारोह आयोजित

## युवाओं के लिए सबसे बेहतर सलाहकार होते हैं पुस्तकालय : मनोज सिन्हा

**गाजियाबाद, 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अध्ययन व रिसर्च करने वालों तथा युवाओं के लिए पुस्तकालय सबसे अच्छे सलाहकार होते हैं। पुस्तकालय में अध्ययन करके युवा अपने उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं। सिंह आज नेहरू नगर स्थित हरिश्चंद्र सार्वजनिक पुस्तकालय की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय भवन के सामने सरस्वती शिशु मंदिर खेल सभागार में आयोजित किया गया था। सिन्हा ने कहा कि भारत में सामाजिक सभ्यता हजारों वर्ष पुरानी है।**

वर्तमान में अध्ययन पक्ष में काफी बदलाव आया है लेकिन परंपरा नहीं बदली। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में अध्ययन करना भी भारत में एक परंपरा रहा है। यही कारण है कि भारत में 75000 से ज्यादा पुस्तकालय हैं जहां लोग अध्ययन करते हैं और अपना करियर बनाते हैं। भारत के बाद यदि सबसे ज्यादा कहीं पुस्तकालय हैं तो वह अमेरिका है और वहां पर 18000 पुस्तकालय हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जो पुस्तकालय खोलकर गाजियाबाद जैसे शहर में अध्ययन को लेकर माहौल बनाया है वास्तव में काबिले तारीफ है आगे उन्होंने कहा कि अध्ययन करने वाले युवाओं के लिए पुस्तकालय एक बढ़िया सलाहकार होते हैं। उन्होंने बुक बैंक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बालेश्वर त्यागी ने लाइब्रेरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में उन्होंने जब लाइब्रेरी बनाने की शुरुआत की थी उसे समय गाजियाबाद अपराधिक नगरी के रूप में जाना जाता था। आज गाजियाबाद एजुकेशन हब बन गया है। त्यागी ने कहा कि आजकल के नेता जहां चुनाव जीतने के लिए चुनाव के दौरान शराब बांटते हैं वहीं उन्होंने शिक्षा बांटने का काम किया है। इस मौके पर पुस्तकालय के संचालन में सहयोग करने वाले पूर्व पार्षद तिरुपति सिंह बाबा, सेवन सेवानिवृत आईएएस रामबोध मौर्य, समाजसेवी एसके त्यागी, अभिमन्यु मिश्र, प्रेमचंद, राकेश गर्ग, जेके गौड़, ललित जायसवाल, राजेंद्र अग्रवाल और मलकीत सिंह जस्सर को सम्मानित किया गया। यशोदा अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे जा रहा है उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी देश काफी आगे बढ़ रहा है इस मौके पर राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा, मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल और सांसद डॉ. रमेश चंद्र तोमरमंचासिन सिंह थे। भाजपा नेता अनिल स्वामी, देश राज देसी, संजीव शर्मा,जद यू नेता सुरेंद्र त्यागी, सत्यकेतू व माया प्रकाश त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार राजकौशिक ने किया।






## विकास कार्यों से शहर को मिलेगी अलग पहचान : सुनीता दयाल

### महापौर ने किया वसुंधरा जोन में 7.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

**गाजियाबाद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। वसुंधरा जोन में महापौर सुनीता दयाल ने 10 बड़ी सड़को के निर्माण के लिए नारियल फोड़कर कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान पार्षद राज कुमार सिंह, पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद प्रतिभा शर्मा, पार्षद सतेंद्र चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नीलम विहार के सामने सी 13 से मिग्सन होम्ज तक मुख्य सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य, कौशाम्बी में वेव सिनेमा से ग्रांड मिलन बैंकेट तथा डाबर कट तक सड़क निर्माण कार्य, लिंक रोड मैक्स कट से इलाहाबाद बैंक वाली बड़ी पुलिया के दोनों तरफ सड़क सुधार कार्य, वैशाली सेक्टर-4 मुख्य मार्ग शनि मंदिर से राम्प्रस्था लिंक रोड तक दोनों तरफ सड़क निर्माण कार्य, लिंक रोड सीएनजी पम्प से नहर सर्विस रोड तक एवं वीर चन्द्र सिंह चौक से अग्रसेन चौक तक दोनों तरफ सड़क सुधार कार्य, अग्रसेन चौक से प्रहलाद गढ़ी कट तक मुख्य मार्ग सड़क निर्माण कार्य, वसुंधरा रेड लाइट से गुज्जर चौक व बुद्ध चौक होते हुए कनावनी पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क एवं कनावनी पुलिया से बुद्ध चौक तक सर्विस लाइन का निर्माण कार्य, साहिबाबाद इण्ड एरिया साइट 4 में कंपाउंड न 16 में प्लाट न 16/1-1/3 से आई एफ पी तक सड़क निर्माण कार्य एवं साहिबाबाद गांव में साहिबाबाद बस डिपो से रेलवे लाइन तक सड़क सुधार कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम आज किया गया है जो जल्द ही जनता के लिए समर्पित किए जाएंगे उक्त कार्यों की लागत लगभग 7 करोड़ 50 लाख है।



उवाच

अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ा जाना है। शासन की मंशा व नीति के अनुरूप सहकारिता विभाग की ओर से पैक्स को बहु आयामी और बहुद्देशीय बनाने की कवायद प्रारम्भ की जा चुकी है। शासन के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए सहकारी समितियों में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। **आलोक रंजन सिंह, जेवर विकास खंड सहायक विकास अधिकारी सहाकारिता**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना तिथि बढ़ाई

- **वेबसाइट में तकनीकी समस्या के चलते तिथि बढ़ी**
- **आवदकों की संख्या एक लाख से अधिक पहुंची**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना शुक्रवार को समाप्त होने वाली थी, लेकिन प्राधिकरण ने योजना की तारीख 4 सितम्बर तक बढ़ा दी है। प्राधिकरण के विशेष कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि वेबसाईट में आ रही तकनीकी समस्या को देखते हुए उक्त योजना में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 4 सितम्बर रखा गया है। इस योजना में जो आवेदक अपना आवेदन वर्तमान तक भी जमा नहीं करा पाये है, वे सभी अपना आवेदन फार्म 4 सितम्बर तक ऑन लाईन जमा कर सकते है। योजना में शुक्रवार तक आवेदन करने वालों की संख्या 110639 तक पहुंच गई। 18 अक्टूबर को लॉटरी निकालकर भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने आठ अगस्त को 1184 भूखंड की योजना निकाली थी। इस योजना में 919 भूखंड सामान्य वर्ग व शेष आरक्षित वर्ग जिसमें किसान, दिव्यांग आदि हैं, उनके लिए आरक्षित हैं। शुक्रवार तक 206993 लोगों ने भूखंड योजना में पंजीकरण किया है। इसमें 152189 लोगों ने आवेदन पत्र खरीदा है। कुल आवेदन 139617 शामिल हुए हैं। चार सितम्बर को योजना समाप्त होने के बाद आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद योजना में शामिल होने वाले आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। अगर भूखंड की संख्या के सापेक्ष एक मुश्त भुगतान करने वालों की संख्या अधिक होगी तो लॉटरी में केवल उन्हें ही शामिल किया जाएगा। एक मुश्त भुगतान का विकल्प के सापेक्ष भूखंडों की संख्या अधिक होने पर किस्तों पर भुगतान का विकल्प चुनने वालों को लॉटरी में शामिल किया जाएगा।

## संघ लोक सेवा आयोग की एनडीए, एन व सीडीएस परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

- **परीक्षा केंद्रों पर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं जा पाए, पुलिस की टीम करेगी निगरानी**
- **परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई**



**ग्रेटर नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। संघ लोक सेवा आयोग, की आगामी 3 सितम्बर को जिले में 8 केंद्रों पर होने वाली एनडीए/एन परीक्षा एवं सीडीएस परीक्षा 2023 को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए। ताकि संघ लोक सेवा आयोग की मंशा के परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके। संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों को मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने गया। बैठक में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वैक्यूम ब्रेकर सिस्टम में लगी आग, आपूर्ति ठप

**रबूपुरा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार सुबह कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र के वैक्यूम ब्रेकर सिस्टम में आग लगने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। कर्मचारियों ने हाईटेंशन सप्लाई बंद कर आग पर काबू पाया। मशीन जलने से क्षेत्र के करीब 4 दर्जन गांव की विद्युत आपूर्ति करीब 10 घंटे तक ठप रही। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे रबूपुरा विद्युत उप केंद्र की वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (वीसीबी) मशीन में अचानक आग लग गई। जिससे क्षेत्र के रबूपुरा, नगला श्रीगोपाल, भाईपुर, नगला केसरी, आकलपुर, बीरमपुर, तनाजा, जौनचाना, मुरादगढी, मकसूदपुर, भुन्नातगा, तिरथली, नंगला हुकमसिंह फलैदा, मेहंदीपुर, मोहम्मदाबाद खेड़ा, महमदपुर, साहित 42 गांव की बिजली गुल हो गई। सुबह 7 से गायब हुई बिजली शाम 6 बजे तक सुचारू हो पाई। इस दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम शोपीस बने रहे।

लोगों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से कई लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के लघु उद्योग धंधे जैसे स्पेलर, आटा चक्की बंद पड़े रहे। अवर अभियंता पुष्पराज का कहना है कि उपेंद्र की वीसीबी मशीन में आए दिन फाल्ट होता रहता था। जिसके कारण अब नई मशीन लगा दी गई है।

### सार संक्षेप

#### संदिग्ध अवस्था में लापता छात्र सकुशल घर लौटा

**दनकौर।** दनकौर कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाला 11वीं कक्षा छात्र 25 अगस्त को संदिग्ध अवस्था हो गया था। छात्र अनेक मावी के पिता ने दनकौर कोतवाली में बेटे की गुमशुदगी दर्ज दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा छात्र को सभी संभावित स्थानों पर तलाशा गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। शुक्रवार को छात्र सकुशल अपने घर वापिस लौट आया था। छात्र ने स्वजन को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ एक धार्मिक यात्रा पर चला गया था और घर पर सम्पर्क नहीं हो सका। छात्र के लौटने के बाद स्वजन ने राहत की सांस ली है।

#### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, तीन घायल, छह नामजद

**जेवर।** जेवर कस्बे के मोहल्ला सल्लियान निवासी एक व्यक्ति ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर गुरुवार की शाम को घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट में पीड़ित की पत्नी व दो पुत्र घायल हो गए। पीड़ित ने छह नामजद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस मे तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जेवर के मोहल्ला सल्लियान निवासी राकेश शर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम को मोहल्ले के ही 6 लोग जातिगत रंजिश मानते हुए अपने करीब एक दर्जन अज्ञात साथियों के साथ लाठी, डंडे, नुकीले हथियार आदि लेकर उनके घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उनकी पत्नी अनीता देवी व पुत्र अशोक उर्फ पाशा व अमित को घेरकर जमकर मारपीट की। जिसमें तीनों घायल हो गए। चींख पुकार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग वहां पहुंचे तो आरोपी उनके साथ भी गाली गलौच करते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों पर पहले भी कई मुकदमें कोतवाली मे दर्ज हैं और वह आये दिन लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस मे शिकायत दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिला रोल बॉल टीम का हुआ चयन



- **राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए टीम हुई रवाना**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर की जिला रोल बॉल बालक व बालिका टीम का चयन किया गया, जो गाजियाबाद में 1 से 4 सितम्बर तक आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता के रवाना हो चुके हैं। टीम के चयन की प्रक्रिया 21, 22 अगस्त को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय रोल बॉल चैंपियनशिप में हुई थी, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भागीदारी ली थी। बेहतरीन प्रस्तुति के आधार पर 60 खिलाड़ियों का चयन अभ्यास कैम्प के लिए हुआ था। अभ्यास कैम्प का आयोजन 25 अगस्त से 31 अगस्त तक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क तीन ग्रेटर नोएडा में ही किया गया। टीम खेल के अनुसार सभी खिलाड़ियों को तैयारी कराई गई। अंडर-11 (मिनी) व अंडर 17 (सब जूनियर) 12-12 खिलाड़ियों की बालक व बालिका टीम के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों को चुना गया। चयन प्रक्रिया में गौतम बुद्ध नगर रोल बॉल संघ सीनियर कोच रविकान्त व मिलिन्द शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। बालक टीम कोच के लिए गुलशन, धर्मेन्द्र कुमार, राजकुमार और बालिका टीम कोच के लिए विधि बंसल चयनित किया गया, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अफिशल कार्य के लिए मिलिन्द शर्मा और चरण सिंह को राज्य संघ ने चयनित किया है। चयनित खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए गौतम बुद्ध नगर रोल बॉल संघ के अध्यक्ष चौधरी मोहित दलगीर ने उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि राज्य प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य टीम के लिए होगा चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता में करेंगे।

## चमड़ा लदी गाड़ी पकड़ी पुलिस ने किया इंकार

**रबूपुरा,**1 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार दोपहर कोतवाली पुलिस ने चमड़े से लदी एक महिंद्रा पिकअप को पकड़ लिया। सूत्रों के दावे अनुसार चालक समेत तीन लोगों को भी हिरासत में लिया लेकिन चंद घन्टे बाद ही बगैर कार्रवाई उन्हें छोड़ दिया गया। उधर पुलिस ऐसे किसी मामले की जानकारी से इंकार कर रही है। जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर कस्बे से चमड़ा लादकर एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रबूपुरा-भाईपुर मार्ग पर गाड़ी को पकड़ लिया और चालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। लेकिन बताया जाता है कि कुछ देर बाद ही साठ-गांठ कर हिरासत में लिए तीनों लोगों को छोड़ दिया गया। वहीं सूत्रों का दावा है कि कस्बे में अवैध रूप से पशुओं का कटान किया जाता है तथा जिनके मीट की कस्बे में बिक्री कर चमड़ा आदि को बाहर के शहर भेज मलवा आस पास क्षेत्र के गड्ढों में फेंक दिया जाता है। पूर्व में उक्त मामले की उच्चाधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन कार्रवाई सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई।




## बाइक चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद



- **गिरोह के सदस्य गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद आसपास में घटना को देते थे अंजाम**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आठ बाइक बरामद की है, जबकि दो फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों के गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद सहित आसपास के अन्य जनपदों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पुलिस टीम कैप्सूल कट पर जांच कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोक जांच की गई तो बाइक के कागज नहीं मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी की बाइक होना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित कुमार व अंकुश के रूप में हुई है। आरोपियों की निशादेही पर उनके द्वारा चोरी की 6 बाइक पुस्ते की नाली झाड़ियों के पास गौर सिटी-1 से बरामद किया गया। आरोपियों के दो और साथी आशीष पुत्र रघुवीर सिंह व यश पुत्र पवन सिंह द्वारा गैंग बनाकर नोएडा, गाजियाबाद व एनसीआर क्षेत्र से बाइक चोरी की जाती है। चोरों ने गाजियाबाद, नोएडा व आस-पास के जनपदों, मॉल के आसपास व मॉल की पार्किंग में खड़ी बाइकों को मास्टर चाबी की मदद से चोरी कर खाली पड़ी जगह में सुनसान जगह में छिपाकर रख देते थे। मौका मिलने पर चोरी की गयी बाइकों को औने-पौने दामों पर बेच देते हैं।



## सहकारी समितियों का दायरा बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**जेवर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। खंड विकास के गांव डुढेरा में शुक्रवार को विधायक व ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सहाकारिता आंदोलन को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रदेश में एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक महासदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके अनुपालन में जेवर के शुक्रवार को दुढेरा गांव में कार्यक्रम आयोजित कर महासदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धीरेन्द्र सिंह व ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिला स्वयं सेवकों द्वारा महिलाओं को इस अभियान से जोड़कर सदस्य बनाया गया। जेवर विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी सहाकारिता आलोक रंजन सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ा जाना है। शासन की मंशा व नीति के अनुरूप सहकारिता विभाग की ओर से पैक्स को बहु आयामी और बहुद्देशीय बनाने की कवायद प्रारम्भ की जा चुकी है। शासन के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए सहकारी समितियों में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, कृषकों व अकृषकों को सहकारी समिति की सदस्यता से अर्जित लाभ व सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त हो सकेंगी। इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विवेका सिंह, मुहम्मद हसीब, रामजी गौतम, बी पैक्स के अध्यक्ष पवन कुमार, सचिव राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी में बच्चों ने चन्द्रयान-तीन का किया प्रदर्शन

- **आक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व अर्थशास्त्र पर लगाई प्रदर्शनी**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। सिरसा स्थित ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा अर्थशास्त्र विषयों की प्रदर्शनी लगाई गई। पीटीएम के अवसर पर लगाई गई इस प्रदर्शनी में अभिभावकों ने खूबसूरत वर्किंग मॉडल्स को देखकर बच्चों की कुशलता कि बेहद सराहना की। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुमार तथा अभिभावकों ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में वाटर हार्वेस्टिंग, रोड टर्बुलेंस, कक्षा चार के बच्चों काव्या, नितान्शी, कनक, सुहान और आयुष द्वारा तैयार की गई ई वी एम, क्रॉप सेफ्टी, सेंसर सिग्नल, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी, जैसे प्रोजेक्ट सोशल साइंस में बनाए गए। उत्तर प्रदेश के सहयोगी राज्य अरुणाचल प्रदेश के मॉडल, संस्कृति, खान पान, गीत संगीत आदि को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत दर्शाया गया।





विज्ञान विषय में एसिड रेन, रेनफाल डिटेक्टर, वाटर डिस्पेंसर, एटीएम, रोबोट कार, ड्रोन कैमरा, विंड मिल जैसे मोडल्स दर्शाए गए। अध्यापक जितेन्द्र नागर तथा छात्र पुलकित, अर्चित, इशांत, प्रिंस, प्रवीण, आकृति, त्रिसंध्या तथा नक्ष द्वारा बनाया गया ड्रोन कैमरा तथा अध्यापक दुर्गेश चतुर्वेदी, राजकुमार तथा विद्यार्थी हिमांशु, आयुषी, निशी, कलश, कशिश, आरती, चिराग, योगिता, अभिषेक, विशाल द्वारा बनाया गया चंद्रयान-3 के मॉडल में दिखाए लैंडर विक्रम, रोवर प्रज्ञान तथा लॉन्चिंग पैड ने सभी का मन मोह लिया। इकोनॉमिक्स विषय में बनाए गए मॉडल में बार्टर सिस्टम से लेकर मेटालिक करेंसी, पेपर नोट और प्लास्टिक करेंसी तक की यात्रा को बड़े अच्छे ढंग से दर्शाया गया।

इस अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें वंश भाटी विजेता तथा हर्षित उपविजेता रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुमार, प्रबंध निदेशिका नूतन भाटी, प्रधानाचार्या मीनाक्षी बांगर तथा उप प्रधानाचार्या वंदना शर्मा तथा नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कल, रामलीला मैदान में सजेगा दरबार

- **भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, मुकेश बांगड़ा, भावना स्वरांजलि और सुरेश चन्द बिखेरेंगे सुर**
- **सेन्ट्रल पार्क रामलीला मैदान में महोत्सव का होगा आयोजन, सुरक्षा की होगी कड़ी व्यस्था**



**ग्रेटर नोएडा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री श्याम सेवा परिवार ग्रेटर नोएडा द्वारा एक दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर एक प्रेस कांफ्रेस शुक्रवार को सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड साईट-4 ग्रेटर नोएडा में रखी गई। समिति द्वारा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 3 सितम्बर दिन रविवार को शाम 5 बजे से सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड साईट-4 में किया जाएगा। इसी दिन 3 सितम्बर की सुबह 10 बजे निशान यात्रा शक्ति मंदिर साईट-4 से शुरू होकर संकीर्तन स्थल पर पहुंचेगी। संकीर्तन में खाटूश्याम मंदिर के ट्रस्टी व सेवादार मानवेन्द्र चौहान व भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, मुकेश बांगड़ा, भावना स्वरांजलि और सुरेश चंद गुप्ता उपस्थित रहेंगे। संकीर्तन में लगभग 5000 लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए ग्राउंड में सीसीटीवी कैमरे, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिसकर्मी, 100 सिक्योरिटी गार्ड व सेवादार रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में मुकुल गोयल, आदित्य अग्रवाल, सुरेश गर्ग, अंकित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कपिल गुप्ता, विनय गुप्ता, विजय अग्रवाल, वैभव बंसल, शुभम मांगलिक, पीयूष गोयल, सौरभ सिंघल, आधार जिंदल, मुकेश गोयल, पीयूष गर्ग, आकाश गर्ग, पंकज गर्ग, गौतम गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, शिवम् सिंघल, अंकुर अग्रवाल उपस्थित रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A3-602, Sixth Floor, Area-164.033 Sqm. Purvanchal Silver City-II, Plot No. 10, Estate Chorosia, Sector. Pi-II, Greater Noida जो कि Mr. Axya Murti Dixit निवासी N-801, Jaipuria Sunrise Greens, 12A Ahinsa Khand, Indirapuram, Ghaziabad, U.P के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-25.07.2009 को पंजीकृत है। Mr. Axya Murti Dixit की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र/पत्नी Mr. Amit Dixit & Mrs. Saroj Dixit ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्युटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mr. Amit Dixit S/o Late Sh. Axya Murti Dixit & Mrs. Saroj Dixit W/o Late Sh. Axya Murti Dixit का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201315
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0) दूरभाष नं-0120-2395151, फैक्स नं0-0120-2395150
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के Residential Township योजना के अन्तर्गत M/S SDS INFRACON PVT. LTD को आवंटित भूखण्ड संख्या-टी0एस-01, सैक्टर-26ए पर उनके द्वारा निर्मित परियोजना NRI Township में भूखण्ड संख्या-119 ब्लाक-बी सैक्टर-26ए क्षेत्रफल-133.775 वर्गमीटर श्री सलिल सुभाष जोशी के नाम सब-लीज है। श्री सलिल सुभाष जोशी की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी श्रीमती आरती सलिल जोशी द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण (Death Mutation) अपने पक्ष में किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।
उपरोक्तानुसार नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण आभिलेखों में उक्त सम्पत्ति श्रीमती आरती सलिल जोशी का नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (सम्पत्ति)

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन सख्या-1-G-601, 6th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, क्षेत्रफल-195.17 वर्ग मीटर, Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal S/o Shri Sardari Lal Katyal & Mrs. Neelam Katyal W/o Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal के आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal की मृत्यु दिनांक-14.04.2023 को हो जाने के उपरन्त पूर्ण रूप से सह आंवटी Mrs. Neelam Katyal W/o Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आंवटी Mrs. Neelam Katyal W/o Col. (Retd.) Subhash Chander Katyal के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।
महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है।*

## कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी



जगदीश रत्तनानी

**किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं।**

भारत ने चंद्रमा पर अपना झंडा फहरा दिया है। भारत पहला देश है जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारा है। भारत चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला केवल चौथा देश बन गया है। जाहिर है कि राष्ट्र ने जो हासिल किया है, उससे उत्साह, गर्व और खुशी की भावना है। हमने बहुत दूर तक का सफर तय किया है। जब हम खुद से परे देखते हैं तो हम बहुत कुछ सीखते हैं लेकिन भारतीय विचार और आध्यात्मिक परंपराएं हमें सिखाती हैं कि जब हम अपने अंदर झांकते हैं तो हम और ज्यादा सीखते हैं। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के कुछ दिनों बाद तिरुवनंतपुरम में भद्र काली मंदिर की यात्रा के दौरान इसे बहुत सहजता से कहा। उन्होंने कहा-'मैं कई मंदिरों में जाता हूं, मैं कई शास्त्रों को पढ़ता हूं। इस ब्रह्मांड में हमारे अस्तित्व और हमारी यात्रा का अर्थ खोजने की कोशिश करता हूं। मैं एक अन्वेषक हूं। मैं चंद्रमा के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास करता हूं। मैं अंतर्मन के रहस्यों को खोजने की कोशिश करता हूं।'

अंतर्मन वह जगह है जहां हमारी सभी यात्राएं शुरू और समाप्त होती हैं। वेदांत के अग्रणी प्रतिपादकों में से एक अर्श विद्या गुरुकुलम के स्वामी दयानंद सरस्वती (1930-2015) ने भगवद् गीता की पहली पंक्ति पर विस्तार से यह सिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वामी दयानंद सरस्वती का सम्मान करते हैं। नेत्रहीन राजा धृतराष्ट्र द्वारा संजय से यह पूछने के साथ पवित्र भगवद्'गीता की शुरुआत होती है- युद्ध के मैदान में इकट्ठे हुए, लड़ने की इच्छा रखते वाले, 'मेरे लोगों' और 'पांडु पुत्रों' ने क्या किया? धृतराष्ट्र के पुत्र 'उसके लोग' हैं; उनके भाई पांडु के पुत्र 'उसके लोग' नहीं हैं, और लड़ाई यहीं से शुरू होती है। स्वामी दयानंद सरस्वती एक अनोखे तरीके और शैली में यह बात सिखाते हैं कि सभी लड़ाइयां अंदर की ओर हमारे अंतर्मन में होती हैं और हमारा शरीर और उसके कार्य कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र का निर्माण करते हैं जहां धर्म की परीक्षा होती है।

जब बाह्य जगत में आपका गौरव हो रहा हो उस समय डॉ. सोमनाथ ऐसे दुर्लभ व्यक्ति हैं जो वैज्ञानिक पद्धति के साक्ष्य आधारित अभ्यासक हैं। उन्होंने अपने जीवन में एक ही समय में विज्ञान की खोज तथा आध्यात्मिकता विचार के लिए जगह बनाई है। अंतरिक्ष अन्वेषण में इसरो प्रमुख की शानदार उपलब्धि विज्ञान के तरीकों के लिए उनके प्यार में निहित है। वास्तव में ऐसा होना भी चाहिए। वैज्ञानिक क्रांति के पिता फ्रांसिस बेकन (1561-1626) का कहना था कि-'इसे (विज्ञान को) वर्चस्व और नियंत्रण की भाषा का उपयोग कर हमें प्रकृति पर अत्याचार कर उसे अपने रहस्य उजागर करने के लिए बाध्य करना होगा।' विज्ञान के संबंध में भारतीय धारणा इसके विपरीत है। भारतीय परंपरा प्रकृति का सम्मान करना, प्रकृति की पूजा करना और उससे सीखने का संदेश देती है।

किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं। ऐसे उपक्रमों ने हमें एंथ्रोपोसीन और जलवायु संकट के युग में खड़ा कर दिया है जिनका आज संपूर्ण मानवता को सामना करना पड़ रहा है। यह संकट वैश्विक है और इसका जवाब विभिन्न पारिस्थितिक आंदोलनों के रूप में सामने आता है जो मानव जाति की प्रगति के विचार पर नए सवाल उठा रहे हैं। सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और वर्चस्व की भाषा बोलने वाले खुशामदियों के लिए ये चुनौतियां पूरी तरह से विदेशी हैं और इस प्रक्रिया में वे प्राकृतिक प्रणालियों को नष्ट कर रहे हैं। ये लोग इस उम्मीद में हैं कि भारत इसी तरह से आगे बढ़ सकता है और नई व्यवस्था में एक महाशक्ति बन सकता है।

चंद्रमा पर उतरने में सफलता ऐसे राजनीतिक दौर में मिली है जब मंदिर एक हथियार बन गया है, आध्यात्मिकता को उग्र भगवा में बदल दिया गया है और शास्त्रों को लापरवाही से उद्धृत किया जाता है या संवाद और एकता का संदेश देने के लिए प्रसिद्ध ग्रंथों को आक्रामक स्वर देने के लिए कहा जाता है। रूमी ने कहा है- 'हम अपने अंदर मौजूद चमत्कारों को बाहर तलाशते हैं'। इस संदर्भ में हम तर्क दे सकते हैं कि आज राष्ट्र को तोड़ने को विभाजित करने वाले प्रयास वे विभाजन हैं जो हम अपने अंदर रखते हैं। इस जहर को नष्ट करने का सरल उपाय दोनों पक्षों को समझने का प्रयास करना है या जैसा कि इसरो प्रमुख ने कहा-'विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों का पता लगाना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। यह उस संस्कृति का एक हिस्सा है जिसे हमने अंतरात्मा के साथ-साथ बाह्य जगत का पता लगाने के लिए बनाया है।'

कहने की जरूरत नहीं है कि आध्यात्मिकता का अर्थ धार्मिकता नहीं है। किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति या वास्तव में किसी भी धर्म को मानता नहीं है, वह किसी धाराप्रवाह मंत्रोच्चार करने वाले व्यक्ति से या उससे अधिक आध्यात्मिक हो सकता है। आध्यात्मिकता असंख्य पहलू जोड़ती है तथा गहरे आंतरिक परीक्षण को गति देती है जो समय सीमा, भौगोलिक क्षेत्रों, धार्मिक आस्थाओं की विश्वास प्रणालियों में गूंजती है और लाखों कंठों से उसका गुणगान करती है।

आज भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है। ऐसा नजरिया तेजी से जीडीपी विकास की अपनी विवेकहीन तलाश में प्रकृति की लापरवाह और विचारहीन लूट, एक समूह को विभाजित करने और दूसरे समूह से लड़ने के लिए मजबूर करने वाली राजनीति, बढ़ती असमानता और चुनिंदा सुपर-अमीरों को प्राथमिकता देकर और भी अधिक अन्याय करता है। यदि सब कुछ दीर्घकालिक दूरदर्शी सोच के बिना तत्काल लाभ-हानि की सोच तक सीमित हो जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं कि चांद पर भारत का अहम बड़ा कदम भी छोटी सोच से प्रभावित हो जाएगा।

यह विवाद वाजिब है कि इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने के लिए प्रधानमंत्री बेंगलुरु कैसे गए और प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अपनी अगवानी नहीं करने या प्रोटोकॉल के अनुसार उनके साथ (प्रधानमंत्री के साथ) आने के लिए क्यों रोक दिया?

देश को दोहरी खुशी होती यदि दो दलों के दोनों नेता साथ-साथ खड़े होते और चंद्रमा पर जाने के मिशन को संभव बनाने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते। स्पष्ट रूप से यह मुख्यमंत्री या उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को 'रोकने' का कोई अवसर नहीं था। प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए था कि 2024 के आम चुनावों और चंद्रमा मिशन की सफलता का राजनीतिक लाभ लेने की भाजपा की प्रवृत्ति को देखते हुए उनका यह स्पष्टीकरण कि वह राज्य के नेताओं को 'परेशान' नहीं करना चाहते थे, जनता की निगाह में खरा नहीं उतरेगा।

उम्मीद है कि इस प्रकरण को जल्द ही भुला दिया जाएगा क्योंकि राष्ट्र अपने वैज्ञानिकों की सफलता और उनके काम की खुशियां मनाने में व्यस्त है।

चंद्र मिशन की सफलता के क्षण में भी हम उनसे कुछ सीख सकते हैं। इसरो में किसी ने नहीं कहा कि यह 'मैंने' किया। टीम के सदस्यों को कैमरों के सामने बुलाया गया था। इसरो नेतृत्व ने सफलता का पूरा श्रेय अतीत और वर्तमान नेताओं को दिया। उन्होंने टीम भावना का प्रदर्शन किया जो मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इसरो प्रमुख के शब्दों में-'यह अकेले हमारा काम नहीं है। यह इसरो के नेतृत्व और इसरो वैज्ञानिकों की एक पीढ़ी का काम है। यही क्रमिक प्रगति है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**26 अगस्त**
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए गुवाहाटी हाईकोर्ट में सुनवाई का फैसला लिया।
- चन्द्रयान-3 के रोवर ने चंद्रमा की सतह पर उतर कर 'मूनवॉक' किया।
- पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैम्पियन ब्रे वॉयट का 36 वर्ष की उम्र में हार्टअटैक से निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑर्नर' से सम्मानित किए गए।

**27 अगस्त**
- दिग्गज गीतकार देव कोहली का मुंबई में निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से भेंट कर चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग पाइंट को 'शिव शक्ति' पाइंट नाम देने का ऐलान किया।
- तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- नासा ने एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन लॉन्च किया।

**28 अगस्त**
- भारतीय अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल-1
- पश्चिम बंगाल के परगना जिले केदत्तपुकुर में फटाका फैक्ट्री में आग लग जाने से 8 लोगों मौत हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लायल्स विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता।
- एशिया कप के लिए बल्लेबाज सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल कर लिए गए।

**29 अगस्त**
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने से किया इंकार।
- जापान का पहला चंद्रयान मॉड्यूल स्मार्ट लैंडर फार इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण का मौसम की खराबी के कारण स्थगित कर दिया।
- पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**30 अगस्त**
- तोशाखाना मामले में पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाई।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से पूछा कि जम्मू-कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा।
- केन्द्र ने एलपीजी गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कीमत कम कर दिया।
- चीन ने एक नया नक्शा जारी किया जिसमें अरुणाचल व अवसाह चिन को बताया अपना क्षेत्र।

**31 अगस्त**
- मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल।
- लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म कर दिया गया।
- कर्नाटक सरकार ने अपने राज्य में गृह लक्ष्मी योजना शुरु की।
- मध्यप्रदेश के मुरैना में टैंक की सफाई में उतरे पांच मजदूरों की मौत हो गई।

**1 सितंबर**
- केंद्र सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायपुर में कहा कि -छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहावत में है-सदियों का सच।
- राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस लेकर पीएम मोदी से किए सवाल कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका?
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को क्रॉप डाक्टर 2-0 ऐप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय ई-गर्वनेंस स्वर्ण पदक पुरस्कार मिला।

## गुटनिरपेक्षता से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20

■ डॉ. अरुण मित्रा

**7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है।**

अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर काफी उत्साह पैदा किया जा रहा है, विशेष रूप से यह दिखाने के लिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही भारत को समूह की अध्यक्षता मिली है, तथा इसी का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। परन्तु मामले की सच्चाई यह है कि जी-20 में अध्यक्षता की एक चक्रीय प्रणाली है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को बारी-बारी से आयोजन का अवसर और अध्यक्षता और दी जाती है। दरअसल भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष बन सकता था लेकिन इसमें एक साल की देरी हो गई।

जी-20 के पास चर्चा के लिए कई एजेंडे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक शांति और सभी के लिए स्वास्थ्य है। कई हिस्सों में चल रहे सशस्त्र संघर्षों के कारण आज दुनिया बहुत गंभीर स्थिति में है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष इस समय सबसे गंभीर है। यूएनओ के अनुसार अब तक 3604 नागरिकों सहित 14400 से अधिक लोग मारे गये हैं। 80 लाख से अधिक लोग बाहरी रूप से विस्थापित होकर दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं।

मामला सिर्फ रूस और यूक्रेन के बीच नहीं रह गया है। अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी से चीजें बहुत आगे बढ़ गई हैं। दोनों पक्षों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान जारी करने के बाद कि वह यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करेंगे, रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में उनके पास परमाणु हथियारों का उपयोग करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। यह बहुत खतरनाक स्थिति है क्योंकि इस समय उस सीमा पर कोई भी परमाणु आदान-प्रदान रूस और यूक्रेन के बीच सीमित नहीं रहेगा। यह रूस और अमेरिका और नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान होगा। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इसका मतलब 5 अरब से अधिक लोगों की मृत्यु होगी जो हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

आईपीपीएनडब्ल्यू और पर्यावरण समूहों द्वारा किये गये अध्ययन ने पहले ही सुबूतों के साथ दिखाया है कि उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित परमाणु आदान-प्रदान से भी 2 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। लेकिन रूस और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान कहीं अधिक विनाशकारी होगा।

इसके अलावा अफ्रीका और एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी संघर्ष चल रहे हैं। इन आंतरिक झगड़ों को अमीर देशों के विभिन्न आर्थिक हितों के लिए किसी न किसी रूप में अंतरर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। फ़िलिस्तीन या सीरिया की स्थिति अत्यधिक मानवाधिकार उल्लंघन के उदाहरण हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर कड़ा निर्णय ले और छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाये।

हालांकि यह असंभावित लगता है क्योंकि जी-20 एक समरूप समूह नहीं है। यह बहुराष्ट्रीय निगमों और सैन्य औद्योगिक परिसरों पर हावी स्व-हित वाले देशों का एक समूह है। यह गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) के विपरीत है जिसने प्रभावी कदम उठाए और विभिन्न देशों में निरस्त्रीकरण, विकास और मानवाधिकारों के मुद्दे पर गंभीर चिंताएं उठाईं। यह सर्वविदित है कि उस समय भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नैम की स्थापना जवाहरलाल नेहरू, मार्शल टीटो और अब्दुलगमाल नासिर की पहल पर की गई थी। नैमका 7वां शिखर सम्मेलन 1983 में दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें 117 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया था और कई देशों के 20 पर्यवेक्षक थे।

इसके विपरीत, जी-20 एक छोटा आयोजन है लेकिन बहुत अधिक प्रचार के साथ। ऐसा लगता नहीं है कि जी-20 बैठक परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए एक ठोस घोषणा के साथ सामने आयेगी, जो अब 7 जुलाई 2017 को यूएनओ द्वारा पारित परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संधि (टीपीएनडब्ल्यू) के माध्यम से संभव है।

अंदर एक मजबूत लॉबी है। जी-20 ने यूएनओ में टीपीएनडब्ल्यू का विरोध किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों पर जबरदस्त दबाव डाला। ये देश निवारक के रूप में परमाणु हथियारों के सिद्धांत के नायक हैं। इसकी बहुत कम संभावना है कि जी-20 सभी के लिए स्वास्थ्य पर कोई ठोस निर्णय लेकर आयेगा जिसके लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए संसाधनों के समान वितरण की आवश्यकता है।

हमने देखा है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियों, विशेष रूप से वैक्सीन उत्पादक कंपनियों ने कोविड महामारी के दौरान तबाही मचाई और छोटे देशों को ब्लैकमेल किया, जिनके पास अपने दम पर वैक्सीन बनाने के लिए न तो तकनीकी जानकारी थी और न ही संसाधन। माना जाता है कि बड़ी फार्मा कंपनियों ने इस अवधि के दौरान भारी मुनाफा कमाया है। सभी के लिए स्वास्थ्य, सस्ती दवा मूल्य निर्धारण और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल पर किसी भी बातचीत के लिए, फार्मा कंपनियों को विनियमित करना होगा और उनके मुनाफे को पारदर्शी बनाना होगा।

जी-20 की गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में नतीजों पर नजर रखना अच्छा रहेगा। लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे देश कॉर्पोरेट समर्थक विचारधारा और आर्थिक हितों वाले हैं। क्या वे हथियार छोड़ने के लिए तैयार होंगे या क्या वे विश्व व्यापार संगठन में प्रभावी बदलाव करने के लिए तैयार होंगे ताकि विकासशील देशों की सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके?

7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है। वर्तमान में हमारी राजनीति में उस स्तर के राजनैतिक कौशल का अभाव है।

## चांद पर 'शिवशक्ति पाइंट' : राजनीति का अंतरिक्ष

■ अमन नम्र

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे।**

वर्ष 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था,

'पंछी नदिया पवन के झोंके,
कोई सरहद ना इन्हें रोके
सरहदें इन्सानों के लिए हैं
सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।'

इस गीत के लिए जावेद अख्तर को 'फिल्म फेयर अवॉर्ड' भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोड़नी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं-'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद ना इन्हें रोके।'

आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को 'शिवशक्ति' नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे 'जवाहर पॉइंट' नाम दिया गया था। जाहिर है, तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया। सवाल है कि क्या 'जवाहर पॉइंट' देशभक्ति थी और 'शिवशक्ति पॉइंट' राजनीति है?

जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर 'जवाहर पॉइंट' का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में 'शिवशक्ति पॉइंट' के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी।

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 'शिवशक्ति पाइंट' के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, 'इसरो' के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोड़ना कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं।

इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को 'नासा' या 'ईएसए' (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है?

और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी। क्या इससे खालिस वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक खोज के लिए बनी 'नासा,' 'ईएसए' जैसी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के सामने हमारा मजाक नहीं बनेगा?

अब जरा, शिवशक्ति के पीछे की राजनीति समझने की कोशिश करते हैं। अगर केंद्र सरकार का इरादा वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मिशन को बढ़ावा देने का होता तो वह 'इसरो' जैसी संस्थाओं का बजट बढ़ाता, लेकिन हकीकत तो यह है कि इसी साल के बजट में सरकार ने 'इसरो' का बजट 1100 करोड़ रुपए कम कर दिया है। यानी दो चंद्रयान मिशन के बराबर की राशि। आरोप तो ये भी लग रहे हैं कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए 'लॉन्च पैड' बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। परोक्ष या प्रत्यक्ष तौर पर इससे भी चंद्रयान मिशन जैसे अभियानों से जुड़े 'इसरो' सरीखे संगठनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा तो नहीं ही मिलता। अब जरा विदेश यात्रा से लौटकर सीधे 'इसरो' जाने और वहां वैज्ञानिकों से मिलकर प्रधानमंत्री ने जिन तीन बड़ी घोषणाओं का ऐलान किया, उन्हें देखते हैं। पहली, 23 अगस्त को हर साल भारत 'नेशनल स्पेस डे' मनाएगा। दूसरी- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पदचिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा।

इन घोषणाओं के राजनीतिक फायदे तो समझ आते हैं, पर वैज्ञानिक फायदे जानने के लिए रिसर्च की जरूरत पड़ सकती है। अगर पीएम 'इसरो' के लिए 2-4 हजार करोड़ के विशेष बजट का ऐलान कर देते, इस पूरे मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, स्टॉफ के लिए एक या दो महीने के वेतन के बराबर बोनस की घोषणा करते या अगले ऐसे ही मिशन के बजट में 10-15 फीसदी बढ़ोतरी की ही घोषणा कर देते तो बेहतर हो सकता था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि भले ही सरकार ने 'इसरो' के बजट को 13,700 करोड रुपयों से घटाकर 12,543 करोड़ रुपए कर दिया हो, वह चंद्रयान मिशन-3 को 2024 के अपने राजनीतिक मिशन की कामयाबी के लिए भुनाने में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहने देगी। चंद्रयान-3 की सफलता पर जिस तरह बधाईयों की विज्ञापनबाजी हो रही है, उससे इसे समझा भी जा सकता है।

अब, एक बार जरा यह भी सोचकर देखें कि 'शिवशक्ति' के नामकरण का 'इसरो' के ऐसे किसी वैज्ञानिक शोध या मिशन पर क्या असर पड़ेगा? यह सोचें कि क्या इस नामकरण के बाद भी 'इसरो' से जुड़ा हर वैज्ञानिक, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, पूरे जोश, जुनून के साथ अपने काम में जुटा रहेगा? जुटना ही चाहिए, देश को आगे ले जाने का मिशन है, पर मानव मन का क्या। क्या गैर-हिंदू वैज्ञानिकों में इस हिंदू नामकरण से कहीं-न-कहीं छोटी सी भावना आहत नहीं हुई होगी? हमें भरोसा है कि हमारे वैज्ञानिक देश की राजनीति में चल रही अवैज्ञानिक और स्वार्थी सोच से प्रभावित नहीं होंगे और देश को वैज्ञानिक सोच वाली नई राह पर ले जाने के प्रयासों में सफल होंगे। 'इसरो' चीफ एस सोमनाथ का बयान भी है कि मैं एक खोजकर्ता हूं, चंद्रमा का अन्वेषण करता हूं। विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों की खोज करना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में, वेदों में, पुराणों में, स्पेस साइंस का अपार भंडार है। उसे आज के ज़माने से जोड़ने और ज्ञान के इस भंडार का उपयोग करने की ज़रूरत है। उन्होंने नौजवानों को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि देश को महाशक्ति बनाने में विज्ञान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। यह उम्मीद की जानी चाहिए देश चांद पर चंद्रयान-3 जैसे मिशन और चांद को हिंदू राष्ट्र बनाने की घोषणा सरीखे दो परस्पर विपरीत विचारधारा वाले दोराहे पर खड़े होने के बावजूद अपने लिए वैज्ञानिक सोच और बेहतर भविष्य के लिए सही राह चुन पाएगा।

इस मौके पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे। ऐसा न हुआ तो सूर्य व शुक्र को लक्ष्य कर शुरू किए गए मिशन भले सफल हो जाएं, पर शायद हम न धरती बचा पाएंगे, न उसके इंसानों को।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## उत्तर कोरियाई मानवाधिकारों के लिए अगले सप्ताह सियोल का दौरा करेंगी

**सियोल,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत एलिजाबेथ सैल्मन उत्तर कोरिया के मानवाधिकारों को लेकर अगले सप्ताह दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगी। वह इस दौरान सियोल के अधिकारियों के साथ-साथ शासन से अलग हुए लोगों से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार उत्तर कोरियाई दलबदलुओं के साथ-साथ विदेशी एकीकरण और न्याय अधिकारियों से मिलने के लिए सैल्मन के नौ दिवसीय प्रवास के लिए सोमवार को पहुंचने की उम्मीद है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार वह 12 सितंबर को सियोल में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने वाली हैं।

# देश विदेश

# मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की तेजी से जांच के लिए बनेंगी 42 एसआईटी

**इम्फाल,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राजभवन के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा से संबंधित सभी मामलों की तेजी से जांच के लिए कम से कम 42 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाएंगे। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे गए मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था, ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और उन्हें राज्य में मौजूदा संकट से अवगत कराया।

राजभवन के सूत्रों ने कहा कि पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि शुरुआत में 42 एसआईटी गठित की जाएंगी और मणिपुर में हिंसा से जुड़े सभी मामलों की तेजी से जांच की जाएगी। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को हाल ही में मुख्य रूप से सीबीआई और एसआईटी द्वारा जांच किए गए मामलों की निगरानी के लिए मणिपुर में तैनात किया गया है। सूत्रों ने कहा, 'जहां तक पहाड़ी जिलों के मामलों का सवाल है, पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि मामलों की जांच के लिए बीएसएनएल और एनआईसी के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।' पडसलगीकर के मुताबिक, जांच की पहली स्टेटस रिपोर्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह तक संबंधित अथॉरिटी को सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई राहत शिविरों का दौरा किया और शिविरों में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। पडसलगीकर ने राज्यपाल से लोगों की मदद के लिए हर संभव कदम उठाने का अनुरोध किया।



■ पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे गए मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने हिंसा प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए पहले ही आवश्यक साझा कार्यक्रम शुरू कर दिया है और संबंधित राज्य मशीनरी को उन लोगों को सहायता प्रदान करने और उन्हें फिर से यथाशीघ्र उनके स्थानों पर बसाने के लिए उपाय करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, राज्यपाल ने मणिपुर और नागालैंड सेक्टर के नवनियुक्त सीआरपीएफ महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ मणिपुर की मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सहित केंद्रीय सुरक्षा बलों की समय पर तैनाती से स्थिति को बद से बदतर होने से रोका जा सका। इसके अलावा, राज्यपाल ने सिंह से घाटी और पहाड़ी जिलों में विभिन्न राहत शिविरों में शरण लेने वाले हिंसा प्रभावित लोगों को सहायता देने का अनुरोध किया। सीआरपीएफ आईजी ने कहा कि जातीय संघर्ष से उपजे मौजूदा संकट से वह पहले से ही भलीभांति परिचित हैं।

# स्मार्ट मीटरों पर जम्मू कश्मीर उबाल पर, अब सरकार का विज्ञापन युद्ध

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर बवाल सरकार के विज्ञापन युद्ध के बाद और बढ़ गया है। पिछले कई महीनों से लखनपुर से लेकर कश्मीर के उड़ी तक इन मीटरों के विरूद्ध हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बावजूद प्रदेश सरकार ने अब पुन: सख्ती के साथ पेश आते हुए स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर हर हाल में लगेंगे। इन मीटरों के विरोध में प्रदेश में दो बार जम्मू बंद भी आयोजित किया जा चुका है। पर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। अब उसने स्मार्ट मीटरों के पक्ष में विज्ञापन युद्ध छेड़ते हुए इसके फायदे गिनाने आरंभ किए हैं।

■ सरकार ने कहा पौने चार लाख लग चुके हैं और 22 लाख मीटर लगेंगे

पिछले कई दिनों से स्थानीय अखबार स्मार्ट मीटरों के फायदे गिनाने वाले विज्ञापनों से तो पटे ही हैं, बिजली विभाग के आला अधिकारी भी स्थानीय स्तर पर पत्रकार वार्ताओं द्वारा इसके फायदे गिना रहे हैं। साथ ही वे चेतावनी के तौर पर स्पष्ट करने की कोशिश करते थे कि स्मार्ट मीटर की मुहिम नहीं रूकेगी। बिजली विभाग के अनुसार, प्रदेश में 22 लाख के करीब रजिस्टर्ड बिजली उपभोक्ता हैं और सभी के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अभी तक पौने चार लाख मीटर ही लग पाए हैं क्योंकि मीटरों की आपूर्ति की गति कछुआ चाल से है। हालांकि सबसे अधिक बवाल प्री पेड मीटरों को लेकर है जिसकी गति को फिलहाल धीमा करने के साथ ही पुलिस प्रोटेक्शन में उन्हें लगाया जा रहा है।

इतना जरूर था कि हर बार की तरह बिजली विभाग ने एक बार फिर घोषणा की है कि जिन इलाकों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं वहां बिजली कटौती नहीं होगी। पर पहले की घोषणाओं को मजाक वह खुद ही कई बार उड़ा चुका है।

## सुडोकू 6304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 2 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। सर्दी, कफ और बुखार के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। स्वजनों से वियोग हो सकता है।

वृषभ - आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा। प्रवास - पर्यटन के योग हैं।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। परिवार में भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार मन पर हावी होंगे।

कन्या - सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

तुला - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय मिलेगी।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

मकर - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। मन में प्रसन्नता रहेगी। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

कुंभ - मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा वाद-विवाद के कारण स्वजनों के साथ मनमुटाव होगा।

मीन - आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा के योग हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बाइडेन की जिनपिंग से मुलाकात नहीं होगी

**वाशिंगटन,** 1 सितम्बर (एजेंसियां) अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ आधिकारिक बैठक की योजना नहीं हैं। एनबीसी ब्रॉडकास्टर ने शुक्रवार को अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक नयी दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में श्री जिनपिंग के आने की उम्मीद है और अगर वह सम्मेलन में शामिल होते हैं, तो भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत औपचारिक अभिवादन और प्रसन्नता के आदान-प्रदान तक ही सीमित रहेगा। श्री बाइडेन और श्री जिनपिंग हालांकि आने वाले महीनों में सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) सम्मेलन के मौके पर बैठक कर सकते हैं, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने मीडिया को बताया, 'मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर श्री जिनपिंग (एपेक सम्मेलन में) आएंगे तो यह उपयोगी होगा।' जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितम्बर तक भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जबकि एपेक इकोनॉमिक लीडर्स वीक नवंबर में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में होगा।



# वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री के साथ की फोन वार्ता

**बीजिंग,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन के साथ 31 अगस्त को फोन पर बातचीत की। वांग यी ने कहा कि दक्षिण कोरिया के प्रति चीन की नीति निरंतरता और स्थिरता बनाए रखती है। द्विपक्षीय संबंधों के विकास में अंतर्जात प्रेरक शक्ति और अपरिहार्य तर्क हैं, और यह किसी तीसरे पक्ष द्वारा प्रभावित नहीं की जानी चाहिए। चीन और दक्षिण कोरिया को राजनयिक संबंध स्थापित करने के मूल इरादे पर कायम रहना चाहिए, मैत्रीपूर्ण सहयोग की सही दिशा पर कायम रहना चाहिए। दोनों देशों को लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ाना जारी रखना चाहिए और बाहरी कारकों के हस्तक्षेप को रोकना चाहिए। दोनों को संयुक्त रूप से द्विपक्षीय संबंधों की स्थिरता और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए और अगले 30 वर्षों के लिए अधिक टिकाऊ, लचीला और घनिष्ठ सहयोग कायम करना चाहिए।

पार्क जिन ने चीन के कुछ क्षेत्रों में हाल ही में आई बाढ़ पर अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने हांगचो में आगामी 19वें एशियाई खेलों की पूर्ण सफलता और शांति और एकता के भव्य आयोजन की कामना की। पार्क जिन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और चीन करीबी पड़ोसी और महत्वपूर्ण साझेदार हैं। यह वर्ष दक्षिण कोरिया-चीन संबंधों के दूसरे 30 वर्षों की शुरुआत का प्रतीक है। दक्षिण कोरिया सरकार दक्षिण कोरिया और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में हुई उपयोगी उपलब्धियों की सराहना करती है, और दक्षिण कोरिया व चीन के बीच संबंधों को महत्व देना और बढ़ावा देना जारी रखेगी।



## वर्ग पहेली 6304

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध०
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. पैसा जमा करना
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देना
११. पेट, उदर
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

## वर्ग पहेली-6303

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ही | २ खा | ता | ■ | ■ | ३ अ | प | ४ वि | त्र |
| र | ■ | द्य | ■ | ५ अ | टू | ट | ■ | रो | ■ |
| ६ सा | कि | न | ■ | नु | ■ | ७ क | ला | ध | ८ र |
| त | ■ | लि | ■ | ९ सा | य | ल | ■ | ■ | क्त |
| ■ | १० ब | का | ११ सु | र | ■ | ■ | १२ रो | च | क |
| ■ | का | ■ | धा | ■ | १३ सं | बं | ध | ■ | म |
| १४ भ | या | १५ तु | र | ■ | ग्रा | ■ | १६ क | १७ पा | ल |
| ग | ■ | ला | ■ | १८ क | म | १९ ला | ■ | दु | ■ |
| २० द | रिं | दा | ■ | दा | ■ | २१ ल | ल | का | २२ र |
| ड़ | ■ | २३ न | र | पि | शा | च | ■ | ■ | व |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1573- अकबर ने गुजरात को फतह किया।
1666- लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गयी।
1775- पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जार्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया।
1989- अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया।
1926- इटली और यमन के बीच हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ।
1930- 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी।
1945- जापान के हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ।
1945- हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की।
1946- जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन।
1956- हैदराबाद से 100 किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच पुल ढ़हने से 125 लोगों की मौत।
1962- सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ।
1969- अमेरिका के न्यूयॉर्क में पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया।
1970- कन्याकुमारी में विवेकानन्द स्मारक का उद्घाटन हुआ।
1990- काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत।

# ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए महामारी वीज़ा किया ख़त्म


**मेलबर्न,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने फरवरी 2024 से महामारी इवेंट वीजा को बंद करने की घोषणा की है। इस वीज़ा को 2020 में महामारी के चरम के दौरान श्रम की कमी को दूर करने और देश छोड़ने में असमर्थ अंतरराष्ट्रीय छात्रों की मदद के लिए पेश किया गया था। गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओ-नील और आव्रजन मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने गुरुवार को संयुक्त रूप से कहा, 'फरवरी 2024 से, सभी आवेदकों के लिए वीज़ा बंद हो जाएगा। इससे हमारी वीज़ा प्रणाली को निश्चितता मिलेगी, क्योंकि वीज़ा के संचालन को रोकने वाली परिस्थितियां अब मौजूद नहीं हैं।' शनिवार से, नए आवेदनों को छह महीने का वीज़ा मिलेगा। इन नए परिवर्तनों के अनुसार, जिनके पास वैध महामारी वीज़ा है, वे तब तक वैध रहेंगे जब तक कि उनका वर्तमान वीज़ा समाप्त नहीं हो जाता। जिन लोगों के पास अन्य वीज़ा आवेदनों के लिए कोई विकल्प नहीं है, उनसे वीज़ा समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया छोड़ने की उम्मीद की जाती है।



जाइल्स ने कहा, 'महामारी के दौरान महामारी इवेंट वीज़ा ऑस्ट्रेलिया की वीज़ा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। अस्थायी वीज़ा पर कई लोगों ने इस अवधि के दौरान ऑस्ट्रेलिया की मदद की। हम उन लोगों के लिए एक अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिनके पास महामारी इवेंट वीज़ा है, ताकि वे अन्य वीज़ा विकल्प तलाश सकें, या ऑस्ट्रेलिया छोड़ने के लिए योजना बना सकें।' यह कदम प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस सरकार द्वारा हाल ही में कोविड-युग के उपायों की एक श्रृंखला को समाप्त करने के बाद आया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए असीमित काम के घंटे और वर्किंग हॉलिडे वीजा धारकों के लिए काम की छूट शामिल है।

# ट्रम्प ने 2020 जॉर्जिया चुनाव मामले में खुद को बताया निर्दोष

**वाशिंगटन,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिणपूर्वी राज्य जॉर्जिया में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने के प्रयास के आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट में गुरुवार को दायर एक याचिका में कहा, मैं इस मामले में दोषी नहीं हूं। जॉर्जिया में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासों को लेकर ट्रम्प और 18 अन्य को 14 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश स्कॉट मैक्एफ़ी ने मामले में आरोपित ट्रम्प और अन्य के लिए दोषारोपण की सुनवाई 6 सितंबर के लिए निर्धारित की थी। ट्रम्प के वकीलों ने न्यायाधीश से उनके मामले को उनके कुछ सह-प्रतिवादियों से अलग करने के लिए भी कहा, जिन्होंने मामले में शीघ्र सुनवाई की मांग की थी। पिछले हफ्ते, ट्रम्प ने खुद को जॉर्जिया के अटलांटा में आत्मसमर्पण कर दिया था। 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के दावेदारों में सबसे आगे चल रहे ट्रम्प को चार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया है।



**संकट** अमेरिका में गर्मियों के अंत में कोविड के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही

# अमेरिका में फिर से पैर पसार रहा है कोविड

**वाशिंगटन,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में गर्मियों के अंत में कोविड के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। एक हफ्ते में कोविड अस्पताल में भर्ती होने वालों के संख?या में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, कोविड से मौतों के मामले में 21 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। एनपीआर की रिपोर्ट के अनुसार रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार एक सप्ताह में 10,000 लोगों को कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बढ़ते कोविड मामलों को देखते हुए कुछ स्कूलों, अस्पतालों और व्यवसायों के लोगों को फिर से मास्क पहनने के लिए कहा गया है। सीडीसी निदेशक मैंडी कोहेन ने आगाह किया कि जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है उनके लिए कोविड जोखिम भरा बना हुआ है। जोखिम विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए अधिक है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। वहीं, जिन्हें पहले संक्रमण नहीं हुआ है और जो अधिक उम्र के हैं या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, उनके लिए भी खतरा हो सकता है। गुरुवार देर रात रिपोर्ट में बताया गया, 'अस्पताल में भर्ती होने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोग 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं।' स्वास्थ्य अधिकारी दो नए वेरिएंट पर नजर रख रहे हैं। ओमिक्रॉन वेरिएंट ईजी.5 (एरिस) अमेरिका में प्रमुख है और बीए.2.86 फैलना शुरू हो रहा है। सीडीसी ने पिछले हफ्ते चेतावनी दी थी कि बीए.2.86 उन लोगों में संक्रमण पैदा करने में अधिक सक्षम हो सकता है, जिन्हें पहले कोविड संक्रमण या टीके लगे हों। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में कुछ संस्थानों के लोगों को अस्थायी रूप से मास?क पहनने को कहा गया है। विश्व स्तर पर मामले बढ़ने के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ईजी.5 या एरिस को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' के रूप में नामित किया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ईजी-5 अनुक्रमों का सबसे बड़ा हिस्सा चीन (30.6 प्रतिशत) से है। हालांकि, उसका मानना है कि वैरिएंट कोई महत्वपूर्ण जोखिम पैदा नहीं करता है।



■ एक हफ्ते में कोविड अस्पताल में भर्ती होने वालों के संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

■ कोविड से मौतों के मामले में 21 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई

## दुनिया को जानें

### हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओला का आठ नंबर संकेत किया जारी किया

**हांगकांग।** हांगकांग वेधशाला ने शुक्रवार सुबह शक्तिशाली तूफान साओला के प्रभाव के मद्देनजर आठ नंबर का उत्तर-पश्चिम गेल या फिर तूफान का संकेत जारी किया। हांगकांग की मौसम प्रणाली के तहत नंबर 8 का संकेत तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी है, जिसमें आमतौर पर तूफान के लिए पांच रैंकिंग हैं। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम की ओर से 63 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा की गति से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। तूफान के कारण हांगकांग में कई सार्वजनिक सेवाएं और गतिविधियां बंद कर दी गई है। इसके अलावा सभी स्कूलें बंद हैं और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज ने कामकाज बंद कर दिया है। तूफान के कारण हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और हांगकांग डिज़्नीलैंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह 10 बजे (0200 जीएमटी) तूफान साओला हांगकांग से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। इसका दक्षिण-पूर्व चीन में पर्ल रिवर एस्चुरी के आसपास के क्षेत्रों की ओर लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है।

# प्रादेशिकी

## बीड़ बिलिंग और इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट 16 सितंबर से शुरू होगी

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बीड़ बिलिंग और इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट 16 सितंबर से फिर से शुरू होगी। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने आज यहां बताया कि राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण 15 जुलाई को साइटें सहासिक खेलों के लिए बंद कर दी गई थीं। जिला कांगड़ा के धर्मशाला और बीड़-बिलिंग में पर्यटन कारोबार पैराग्लाइडिंग पर काफी निर्भर करता है। जिले में आने वाले पर्यटक इंद्रुनाग, नरवाणा और बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाते हैं। इससे टैक्सी, रिक्शा और छोटे-बड़े कारोबारियों को भी लाभ मिलता है। बीड़-बिलिंग में अक्तूबर में पैराग्लाइडिंग का प्री-वर्ल्डकप भी प्रस्तावित है। इसमें दुनिया भर के नामी पैराग्लाइडिंग पायलट भाग लेंगे।

# राहत, पुनर्वास एवं विकास सरकार का मुख्य एजेंडा : अग्निहोत्री

**शिमला,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि वर्तमान सरकार का केवल राहत, पुनर्वास एवं विकास मुख्य एजेंडा है और इस एजेंडे पर ही सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करके विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। यह बात उप मुख्यमंत्री ने ऊना जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर हरोली विस में आयोजित हरोली मिलन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हर माह की पहली व दो तारीख को हरोली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विकास के लिए सभी गांवों में पैदल यात्रा करके लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि जिला ऊना माता श्री चिंतपूर्णी के नाम से काफी विख्यात है। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में देश के दूर-दराज़ क्षेत्रों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने का कार्य किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शन आसानी से हो सके इसके लिए सुगम दर्शनी प्रणाली शुरू की गई है जिसे लोगों को काफी सुविधा हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में आगामी पांच सालों में होने वाले विभिन्न विकासात्मक कार्यों का खाका तैयार कर लिया गया है। हरोली कॉलेज के भवन का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आईपीएच का आधुनिक सुविधा से लैस विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा जिसका कार्य आरंभ कर दिया गया है। खड्ड गांव में इंडोर स्टेडियम निर्मित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। बल्क ड्रग पार्क के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध करवानें के लिए बीत क्षेत्र में 32 करोड़ रूपये की लागत से 12 टयूबवैलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है जबकि पाइप लाईन बिछाने के कार्य को लेकर भी टैंडर हो चुका है। उन्होंने बताया कि गोंदपुर और बाथू के सबस्टेशन को अपग्रेड करने के लिए 15 करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गई है ताकि स्तरोन्यन का कार्य शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि बीत क्षेत्र में लगभग पांच करोड़ रूपये की लागत से पुरानी पाईपों को बदलने का कार्य प्रगति पर है। श्री अग्निहोत्री ने बताया कि हरोली विस क्षेत्र के विकास को पंख दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सलोह व कर्मपुर में चौक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरोली-रामपुर पुल पर आगंतुकों की सुविधा के लिए दो रेनशेल्टर निर्मित किए गए है जबकि सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुल को हाईटैक करने की दृष्टि से यहां सीसीटीवी कैमरें स्थापित करने हेतू ऊना पुलिस को 35 लाख रूपये की राशि जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि टाहलीवाल और पोलियां में दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में 75-75 लाख रूपये खर्च करके नो एक्सिडेंट प्वांइट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजुआना से पोलियां के लिए सड़क का निर्माण किया जाएगा जिस पर 15 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस सड़क के बनने से बल्क ड्रग पार्क को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त पंजुआना और बालीवाल के मध्य बल्क ड्रग पार्क का प्रशासनिक ब्लॉक बनाया जाएगा जिसमें पानी की योजना के लिए 10 करोड़ रूपये तथा 11 करोड़ रूपये हरोली विस क्षेत्र के पानी को रिचार्ज़ करने के लिए खर्च किए जाएंगे। बाथू स्थित राजीव गांधी सामान्य सुविधा केंद्र का डेढ़ करोड़ रूपये खर्च करके सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंडोगा स्कूल को 50 लाख रूपये विकासात्मक कार्य के लिए जारी किए गए हैं। एक करोड़ रूपये की लागत से गोंदपुर बुल्लां में निरीक्षण हट, 10-10 लाख रूपये की लागत से गोंदपुर बुल्लां व कांगड़ के तालाबों का सौंदर्यीकरण तथा कांगड़, कुठार व गोंदपुर जयचंद इत्यादि क्षेत्रों में रेन शेल्टरों का निर्माण किया जाएगा।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 41 करोड़ 18 लाख किए जा रहे व्ययः पठानियां

चंबा, 1 सितंबर (एजेंसियां)। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत ज़िला में 49 हजार 865 पात्र पेंशन धारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 41 करोड़ 18 लाख की धनराशि से विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत करवाई की जा रही है।

श्री पठानिया शुक्रवार को बचत भवन में आयोजित ज़िला कल्याण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष अधिमान देते हुए ज़िला के लिए 2088 नए पेंशन मामले स्वीकृत किए हैं। इसके तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत 180 पेंशन मामले, वृद्धावस्था पेंशन 1605, राष्ट्रीय विधवा पेंशन 25, विधवा पेंशन 158 और अपंग पेंशन के तहत 220 शामिल किए गए हैं।

इस दौरान विकलांग छात्रवृत्ति योजना के तहत 12 लाख की आवंटित धनराशि को प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के अनुसार व्यय करने की अनुमति प्रदान करने के साथ अंतर्जातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत 4 लाख, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 15 लाख, गृह निर्माण योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आवंटित बजट के अनुरूप एक करोड़ 65 लाख रुपए की धनराशि को भी व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान विभाग द्वारा अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 47 हजार 659 पात्र पेंशन धारकों को लगभग 76 करोड़ 12 लाख की धनराशि पेंशन स्वरूप प्रदान की गई।

उन्होंने यह भी बताया कि जारी वित्त वर्ष के दौरान ज़िला में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 34 हजार 652 पेंशन धारकों को सामाजिक सेवा सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत



**सरकार द्वारा सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष अधिमान देते हुए ज़िला के लिए 2088 नए पेंशन मामले स्वीकृत किए हैं। इसके तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत 180 पेंशन मामले, वृद्धावस्था पेंशन 1605, राष्ट्रीय विधवा पेंशन 25, विधवा पेंशन 158 और अपंग पेंशन के तहत 220 शामिल किए गए हैं: कुलदीप सिंह पठानिया**

लाभान्वित किया जा रहा है ।

उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को पात्र वर्ग के लिए कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अन्य कोर्स शामिल करने और ज़िला के लिए आवंटित बजट राशि को बढ़ाने को लेकर भी कार्य योजना तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजने के निर्देश दिए । उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं की प्लेसमेंट के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। विकलांग छात्रवृत्ति योजना के तहत भी सभी संबंधित विभागों को प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया।

## सार संक्षेप

### जलोगी सुरंग के मुहाने पर भारी चटटानों के गिरने से मार्ग अवरुद्ध

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग जलोगी टनल के पास भारी भूस्खलन के कारण बंद पड़ा है। एनएच पर भारी मलबा आने से यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। इससे दोनों तरफ वाहन फंस गए। अन्य वैकल्पिक मार्गों से वाहनों को निकाला गया। मंडी-कुल्लू एनएच बंद होने से अब वाया कमांद-कटौला मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने गुरुवार शाम राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंडी-कुल्लू पर जलोगी के निकट 11 नम्बर सुरंग के मुहाने पर भारी चट्टानों के गिरने से अवरुद्ध मार्ग का जायजा लिया। रास्ता खुलने के इंतजार में बजौरा से जलोगी तक खड़े सेब व सब्जी से भरे छोटे व बड़े वाहनों को रवाना कर यातायात बहाल किया। उल्लेखनीय है कि जलोगी सुरंग के मुहाने पर 30 अगस्त रात लगभग 12 बजे के करीब भारी चटटानों के गिरने से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया था जिस कारण कुल्लू की तरफ से सेब व सब्जियों से लदे मालवाहक वाहनों व मंडी की तरफ से आवश्यक वस्तुओं व टेंकरो की लंबी लम्बी कतारे लग गई थी। सामरिक दृष्टि से इस महत्वपूर्ण मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद से ही सीपीएस सुन्दर सिंह ठाकुर लगातार इस पर नजर रखे थे व एनएचएआई के अधिकारियों से मार्ग की स्थिति की पल पल की जानकारी हासिल कर रहे थे। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को अवरुद्ध मार्ग को शीघ्र बाहल करने के और अधिक मशीनरी व श्रम शक्ति बढ़ाने के निर्देश दिये थे। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को जलोगी सुरंग के साथ पुराने एन एच मार्ग को खोलने के भी आदेश दिये, ताकि इस मार्ग का उपयोग किया जा सके। उन्होंने हणोगी के निकट दवाडा के पास अबरुद्ध मार्ग का भी निरीक्षण किया। तथा इस मार्ग को खोलने के कार्य मे तेजी लाने को कहा।

### केजरीवाल व भगवंत मान तीन सितंबर को भिवानी आएंगे

**सिरसा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आगामी तीन सितंबर को हरियाणा के भिवानी आएंगे। इस दौरान दोनों नेता सर्कल शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे और नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। इस दौरान प्रदेश के पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। यह शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के नेता कुलदीप गदराना ने शुक्रवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में 1400 पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिनमें 1338 सर्कल इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने पांच वार्ड और पांच गांव पर एक सर्कल इंचार्ज बनाने का काम किया है। आम आदमी पार्टी प्रदेश में तेजी से एक मजबूत संगठन का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा में 4000 पदाधिकारियों की घोषणा हो चुकी है। जिनकी नियुक्ति तीन चरणों में की गई है।

### सुडोकू 6304 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |

## हिमाचल प्रदेश के गरीब छात्रों का हक मार रही है सुक्खू सरकार : ठाकुर

**शिमला,** 31 अगस्त (वार्ता) हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी के कार्य क्षेत्र में कटौती करने के मुख्यमंत्री के फ़ैसले की निंदा करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के गरीब छात्रों का हक मार रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एक विश्वविद्यालय और नहीं खोल सकती है, इसलिए पूरे कि सरकार द्वारा खोले गये विश्वविद्यालय को बंद करने की साज़िश कर रही है। सुक्खू सरकार एसपीयू मंडी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा एसपीयू के कार्य क्षेत्र से ज़िला चम्बा, कांगड़ा के साथ-साथ आनी और निरमंड के कॉलेजों को बाहर करना मंडी विश्वविद्यालय के साथ उन ज़िलों की छात्रों के साथ भी धोखा है, जो उसमें पढ़ाई कर रहे थे। सरकार का यह फ़ैसला हिमाचल प्रदेश के गरीब छात्रों का हक़ मारने का फ़ैसला है। उन्होंने कहा सरकार के इस दुर्भावनापूर्ण फ़ैसले की वजह से हज़ारों छात्र और उनके परिजनों को भी समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए संस्थाओं को सुचारू रूप से चलाना सरकार का काम है। इसलिए बदले की भावना से कार्रवाई करने के बजाय सरकार अपना काम करे तो बेहतर होगा। श्री जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का काम है सरकारी संस्थाओं को चलाना। संस्थाओं की चलाने में आने वाली बाधाओं को दूर करना। सत्ता में आने के बाद से ही सरकार सिर्फ़ पूर्व सरकार द्वारा जनहित के लिए गए कामों को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है शिक्षा को सर्व सुलभ बनाए, लोगों को घर के नज़दीक से नज़दीक शिक्षा प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध करवाए लेकिन सरकार अलग दुर्भावना से काम कर रही है।

# कारगर ढंग से लार्ज स्केल कंटूर मैपिंग के बगैर भविष्य में निर्माण के मानकों की प्लानिंग तय करना मुश्किल होगा

**शिमला,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। हिमाचल में भूधंसाव वाले स्थलों के अध्ययन के बावजूद कंटूर मैपिंग की दरकार है। लार्ज स्केल कंटूर मैपिंग में टेरेन व एलिवेशन मॉडलिंग का उपयोग कर भविष्य की प्लानिंग की जा सकती है। कारगर ढंग से लार्ज स्केल कंटूर मैपिंग के बगैर भविष्य में निर्माण के मानकों की प्लानिंग तय करना मुश्किल होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बीते जुलाई व अगस्त माह में भूधंसाव की 160 से अधिक घटनाएं हुई। भारी बारिश व बादल फटने से कई गांवों में दरारें पड़ गई। सडकें ध्वस्त हुई। हजारों मकानों को नुकसान हुआ। अगस्त व जुलाई माह में जिन जगहों पर भूधंसाव हुआ उनमें से कई ऐसे स्थल हैं जहां बीते कई सालों से लगातार लैंड स्लाइड हो रहा है। लैंड स्लाइड की घटनाओं में भवनों के जमींदोज होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों की जान माल की हिफाजत के मद्देनजर निर्माण कार्यों के मानकों में बदलाव की बात कही है। मुख्यमंत्री का कहना था कि भूमि के स्ट्रेटा के अध्ययन के बाद ही निर्माण की अनुमति मिलेगी। जानकारों का कहना है कि सरकार भूधंसाव की स्थिति का अध्ययन करने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के साथ साथ आईआईटी रुडकी व मंडी का सहयोग लेगी। भू वैज्ञानिकों द्वारा जुटाए गए आंकड़ों की लार्ज कंटूर मैपिंग की आवश्यकता है। यह ऐसा मैप होता है , जिसमें आकृतियों को उनकी स्पष्ट ऊंचाई के साथ दर्शाया जाता है। जानकारों का कहना है कि लार्ज स्केल मैप के बिना वैज्ञानिक संस्थाएं जुटाए गए आंकड़ों को भविष्य की प्लानिंग के हिसाब से उपलब्ध कराने में असमर्थ होती हैं। लार्ज स्केल मैप में दो सेंटीमीटर कंटूर इंटरवल वाले नक्शे के दो सेंटीमीटर भाग में धरातल की दो मीटर तक आकार वाली वस्तु को स्पष्ट दर्शाया जा सकता है। ऐसे मैप कंटूर श्रेणी के हों तो उसमें धरातल की चट्टानों , पहाड़ियों की ऊंचाई भी दर्शित की जा सकती है।भूधंसाव कि स्थिति किस धरातल पर कैसी है ,यह जानने व उसकी गंभीरता के लिए कंटूर मैप की जरूरत पड़ती है। लिहाजा लार्ज स्केल कंटूर मैप के आधार पर सरकारी एजेंसियां व अन्य तकनीकी एजेंसियां यह तय कर पाएंगी कि प्रदेश में भूधंसाव वाले स्थलों में भविष्य की कैसी प्लानिंग जरूरी है।

उधर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के वक्त राहत व बचाव कार्य तेज करने के मकसद से 50 हजार यूथ वालंटियर टास्क फोर्स स्कीम को तेजी से धरातल पर उतारने के प्रयास में है। 2019 में बनी यूथ वालंटियर टास्क फोर्स स्कीम के तहत अभी तक 15हजार वालंटियर्स की तैनाती हो गई है। बाकी वॉलंटियर्स की तैनाती तेज करने पर प्राधिकरण का फोकस है। इसके अलावा केंद्र सरकार की आपदा मित्र योजना के तहत भी 1500 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया है। यूथ वॉलंटियर्स टास्क स्कीम के तहत भर्ती बोने वाले वॉलंटियर्स को आवश्यक तीन- तीन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# हर बूथ को मज़बूत बनाने का लक्ष्य लेकर चले हर कार्यकर्ताः ठाकुर

**शिमला,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में डटकर काम करने तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रदेश के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी को सबसे आगे लेकर चलने का लक्ष्य हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता लेकर चले।

श्री ठाकुर मंडी ज़िला के नव नियुक्त पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मण्डल से शुक्रवार को मुलाकात के बाद उन्हें संबोधित कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल से भी शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ज़िला मंडी के ज़िलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा कर रहे थे।

प्रतिनिधिमंडल में ज़िला मंडी के सभी महामंत्री, उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, प्रवक्ता और सचिव भी शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और



**■ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रदेश के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करने की अपील की**

पार्टी के दायित्वों के निर्वहन के लिए जी जान से लगने का आग्रह किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में डटकर काम करने, केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रदेश के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में हर बूथ पर बीजेपी को सबसे आगे लेकर चलने का लक्ष्य हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता लेकर चले।

बाद में यह प्रतिनिधिमण्डल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल से भी मिला। डॉ बिंदल ने सभी को शुभकामनाएं दी और हर बूथ से बीजेपी को सबसे मज़बूत करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने को कहा।

इस प्रतिनिधि मंडल में मंडी ज़िला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, उपाध्यक्ष शेर सिंह, मोहन सिंह, रणवीर सिपाहिया, पंकज शर्मा, धर्मपाल, रोशन ठाकुर, महामंत्री सुमेश उपाध्याय, संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपक गुलेरिया, प्रवक्ता पंकज कपूर, सिराज मण्डल अध्यक्ष भगीरथ शर्मा, बल्ह के राजेंद्र राणा, दरंग मण्डल अध्यक्ष भारती, सचिव ममता भाटिया, भारती शर्मा, सुकन्या, खमीराम, चूड़ामणि, शिवराम और बल्ह मीडिया प्रभारी राकेश वालिया आदि मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने पार्टी द्वारा दिये गये दायित्वों का पूरी निष्ठा और लगन से निर्वहन करने का आश्वासन दिया।

## शिक्षा विभाग में 200 करोड़ से अधिक के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार

शिमला, 1 सितंबर (देशबन्धु)। हिमाचल शिक्षा विभाग में सालों तक तले 200 करोड़ से अधिक के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गिरफ्तारियां मनी लॉड्रिंग एक्ट 2002 के प्रावधानों के तहत की हैं। मामले में एएसएएमएस एजुकेशन ग्रुप के पार्टनर राजदीप जोसन और कृष्ण कुमार , केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट पंडोगा के उपाध्यक्ष हितेश गांधी और प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय की छात्रवृत्ति शाखा के तत्कालीन अधिकारी अरविंद राजटा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष न्यायालय शिमला के समक्ष पेश कर। अदालत ने आरोपियों के 5 दिनों की ईडी हिरासत में लिया है।

छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में ईडी ने सीबीआई शिमला की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि राज्य शिक्षा विभाग , निजी संस्थान और बैंक अधिकारी 200 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति निधि के वितरण में बड़े पैमाने पर गलत विनियोजन में शामिल थे। ईडी की जांच से पता चला कि राजदीप जोसन और कृष्ण कुमार ने मेसर्स एएसएएमएस एजुकेशन ग्रुप एंड स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी के माध्यम से फर्जी दस्तावेज पेश करके एससी ,एसटी ,ओबीसी विद्यार्थियों के लिए पोस्ट.मैट्रिक योजना के तहत छात्रवृत्ति का दावा किया।

केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस पंडोगा ने छात्रवृत्ति के लिए फर्जी दावे पेश किए। इस ग्रुप के अध्यक्ष हितेश गांधी हैं। अरविंद राजटा ने फर्जी दावों को सत्यापित किया। हितेश गांधी ने विद्यार्थियों के बैंक खाते में वितरित छात्रवृत्ति को केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया।

# आपदा प्रभावित ऋणधारकों के ब्याज छूट की संभावना तलाश रही सरकार : सुक्खू

**शिमला,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवदेनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राज्य में भारी बारिश और भू-स्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में ऋणधारकों की कठिनाइयों को कम करने के दृष्टिगत ऋण पुन:संरचना के लिए निर्णायक कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने 18 अगस्त, 2023 को प्रदेश को 'प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र' घोषित किया था।

इस निर्णय के पश्चात मुख्यमंत्री ने बैंकों के साथ परामर्श कर आवश्यक उपायों को अंतिम रूप दिया। राज्य सरकार की यह पहल कृषि और संबद्ध गतिविधियों से संबंधित अग्रिमों को छोड़कर, सभी प्रकार के मौजूदा ऋणों की पुन:संरचना पर केंद्रित है, जिनमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई), खुदरा और अन्य के लिए प्रदत्त ऋण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के परिपत्र के अनुसार राज्य सरकार द्वारा फसल के नुकसान के आकलन के बाद कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए दिए गए ऋणों के लिए राहत उपाय प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय का उद्देश्य उन लोगों को राहत प्रदान करना है जिनकी आर्थिक स्थिरता आपदा के कारण विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान और संपत्ति के नुकसान के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।



**प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नया आयोग पूरी तरह से योग्यता-आधारित चयन पर केन्द्रित होगा और पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं जैसी कुरीतियों पर रोक लगाएगा : सुखविंदर सिंह सुक्खू**

राहत उपायों के लिए पात्रता निर्धारित करने की मूल्यांकन तिथि 24 जून, 2023 निर्धारित की गई है। केवल वे खाते जो इस तिथि तक अतिदेय नहीं थे, ऋण पुन:संरचना के लिए पात्र होंगे। संपूर्ण पुन:संरचना प्रक्रिया सरकार द्वारा प्रदेश को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की तारीख 18 अगस्त, 2023 से तीन महीने के भीतर पूरी की जाएगी।

पात्र लोगों के लिए एक स्थगन अवधि लागू की जाएगी जिससे मामले-दर-मामले आधार पर मूल्यांकन किए गए आवश्यकता-आधारित पुन:संरचना उपायों को लागू करने की तारीख से 12 महीने तक मूल किस्त के भुगतान को स्थगित करने की अनुमति मिलेगी। प्रभावितों को राहत के दृष्टिगत यह महत्त्वपूर्ण निर्णय आर.बी.आई. की सभी विनियमित संस्थाओं पर लागू होगा, जिसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक (ग्रामीण और शहरी) और लघु वित्तीय बैंक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित ऋणधारकों के लिए ब्याज छूट सुविधाओं की संभावना तलाशने के लिए आर.बी.आई. के साथ समन्वय करेगी। राज्य सरकार के इस कदम से प्रभावित ऋणधारकों को आवश्यक वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उन्हें इस विनाशकारी प्राकृतिक आपदा से उबरने अपने व्यवसायों के पुनर्निर्माण में मदद मिल सकेगी।

## गैर मादक उपयोग के लिए भांग की खेती पर नीति तैयार करेगी सरकारः नेगी

**शिमला,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में औद्योगिक, औषधीय तथा वैज्ञानिक उपयोग के लिए भांग की खेती शुरू करने के लिए नीति तैयार करेगी। इससे जहां गम्भीर रोगियों को भांग के औषधीय उपयोग का अधिकार प्राप्त होगा, वहीं भांग के विविध उत्पादों से प्रदेश में राजस्व भी अर्जित होगा। यह जानकारी राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को यहां भांग के गैर मादक उपयोग की अनुशंसा के लिए गठित समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि देश में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 लागू है। इसके अतिरिक्त राज्य में हिमाचल प्रदेश स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1989 भी कार्यान्वित किया जा रहा है। यह नीति इन अधिनियमों के तहत तैयार की जाएगी। श्री नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में नशीले पदार्थों के उपयोग के प्रति संवदेनशील है तथा नशा निवारण के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। इसके दृष्टिगत केवल औद्योगिक, औषधीय तथा वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए भांग की खेती को सीमित करना और वैध तरीके से किसानों तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना प्रदेश सरकार का ध्येय है। भांग के पौधे से विभिन्न उत्पाद बनाए जा सकते हैं, जो बाजार में अच्छे दाम प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता देवेन कृष्ण खन्ना ने भांग की खेती के संबंध में समिति के समक्ष नीति का प्रारूप प्रस्तुत किया।

# प्रादेशिकी

## अधिवक्ताओं के साथ घटित घटनाओं से नाराज वकीलों में आक्रोश व्याप्त

**फर्रुखाबाद,**1 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अधिवक्ताओं के साथ घटित घटनाओं से नाराज वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को तहसील सादर बार एसोशियन के अध्यक्ष अतर सिंह कटियार व सचिव अतुल मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय को सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि हापुड़ जनपद न्यायालय परिसर में दिनांक 29.08.2023 को पुलिस द्वारा महिला अधिवक्ताओं के साथ-साथ अन्य अधिवक्ताओं के ऊपर वर्वरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया जिसमें अधिकांश अधिवक्तागण घायल हुए जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है एवं दिनांक 30.08.2023 को जनपद गजियाबाद में एक अधिवक्ता चेम्बर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# उप्र में बिजली उपभोक्ताओं से संपर्क के लिए फोन घुमाओ अभियान का आगाज

- तीस सितम्बर तक चलेगा अभियान
- वितरण निगमों के प्रबन्ध निदेशकों को जारी किया गया दिशा निर्देश



**लखनऊ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं सम्बन्धित वितरण निगम प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। इसी के तहत विद्युत उपभोक्तओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, विद्युत कार्मिकों और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर सम्बन्ध तथा विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष मूल्य प्राप्त करने के उद्देश्य से सितम्बर माह में फोन घुमाओ अभियान प्रारम्भ किया गया है। यह अभियान 30 सितम्बर तक चलेगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष गोयल के अनुसार, उपभोक्ता हमारे लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। उनसे विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्पर्क करके उनकी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराएं। साथ ही उन्हें प्रेरित करें कि वे विद्युत उपयोग के सापेक्ष अपना विद्युत बिल समय से जमा करें जिससे प्रदेश की विद्युत व्यवस्था और बेहतर बनाई जा सके। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के तहत यह अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक, निदेशक तथा वितरण निगमों के प्रबन्ध निदेशक प्रतिदिन 10 उपभोक्ताओं से फोन पर सम्पर्क करेंगे। इसी तरह सभी डिस्काम के निदेशक तथा डिस्काम मुख्यालय पर तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी 15 उपभोक्तओं से सम्पर्क करेंगे।

इसी तरह मुख्य अभियन्ता वितरण, उपखण्ड अधिकारी वितरण तथा अवर अभियन्ता वितरण 30 उपभोक्तओं से फोन मिलाकर उनसे जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्हे समय से अपना विद्युत बिल जमा करने का आग्रह करेंगे। अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) 35, अधिशाषी अभियन्ता वितरण 50, टेक्नीशियन तथा एसएसओ 50, संविदा कर्मी 20 तथा जोन, मण्डल, खण्ड, मुख्यालय पर तैनात समस्त अधिकरी एवं कर्मचारी 20 उपभोक्ताओं से फोन पर सम्पर्क करेंगे। अभियान को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए वितरण निगमों के प्रबन्ध निदेशकों को एक विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसमें निर्देशित किया गया है कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए तथा नियमित अनुश्रवण किया जाए।

## जन्माष्टमी पर गौशालाओं में भव्य आयोजन के दिए निर्देश

**लखनऊ।** योगी सरकार जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश की गौशालाओं में गौपूजन का आयोजन करेगी। ऐसे में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गौपूजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति का मान बढ़ाने का अनुरोध किया है। साथ ही स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंनें कहा कि इस अवसर पर गाय को गुड़ केला खिलाकर गौपूजन किया जाएगा। आम जनमानस तक गौ सेवा का संदेश पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की गौशालाओं और गो आश्रय स्थलों में इस बार भी जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य इसके जरिये प्रदेश के लोगों में गौ सेवा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जगाना है। उन्होंनें प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों, जिला पंचायत अध्यक्षों से अपील की है कि गो-माता वैदिककाल से सनातन संस्कृति में पूज्यनीय रही हैं। वेदों में गाय को 'गावो विश्वस्य मातर: कहा गया है।



## युवाओं को आज मिलेंगे रोजगार के अवसर

**मेरठ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को विनायक विद्यापीठ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को को होने वाले जॉब फेयर ऑपर्च्युनिटी-2023 के बारे में बताया गया। इस दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय उपस्थित रहे। डॉ.अनुप्रिता शर्मा ने बताया कि विनायक विद्यापीठ एंड क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ संयुक्त रूप से एक जॉब फेयर ऑपर्च्युनिटी- 2023 का आयोजन 2 सितंबर यानि आज शनिवार को करने जा रहा है। जिसमे 1800 से 2000 रिक्तियों के साथ 50 से ज्यादा नामचीन कंपनियां आएंगी। नि:शुल्क प्रक्रिया के माध्यम से चयन कराया जाएगा। शशि भूषण उपाध्याय ने कहा कि सवीं, 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक किसी भी शैक्षणिक योग्यता का युवा इस फेयर में प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकता है। इ. विकास कुमार ने बताया कि करीब 2500 से 3000 प्रतिभागियों की आने की संभावना है। प्रवीन शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी रोजगार मेलें में 3 रिज्युम एवं अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटो कॉपी एवं फोटो साथ लेकर उपस्थित हो।

## एमपीएस ग्रुप के खाते में जुड़ी एक और सफलता की उपलब्धि

- कामयाबी के शिखर पर स्थापित किया कीर्तिमान

**मेरठ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप की पांच शाखाओं को एजुकेशन टुडे द्वारा उनकी अलग-अलग विशेषताओं के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। जिसमें **1.** मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग ने को-करिकुलर शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। **2.** मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स, वेस्ट-एन्ड रोड ने होलास्टिक शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। **3.** मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल शास्त्री नगर ने क्वालिटी शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। **4.** समसारा द वर्ल्ड एकेडमी ने बेस्ट कैरियर काउंसलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। **5.** मेरठ पब्लिक स्कूल, वेद व्यास पुरी ने इनोवेटिव टीचिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों को गुड़गांव स्थित होटल क्राउन में सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरुस्कार उत्तर भारत के सी. बी. एस. ई. स्कूलों के अभिभावकों के मतों एवं सर्वे के परिणामों के आधार पर दिए गए हैं। मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप हमेशा अपने छात्र-छात्राओं को उच्च श्रेणी की शिक्षा उपलब्ध कराता आया है, इस बात को आज अभिभावकों एवं सर्वे ने भी माना है। प्रबंधक गण ने सभी प्रधानाचार्यों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और कर्मचारी-गण को शुभकामनाएं दीं और कहा कि अभी आकाश बहुत ऊंचा है और हमें इससे भी ऊपर ऊचांइयों को छूना है।



## सार संक्षेप

### बहनों ने बांधी नगर पालिका अध्यक्ष को राखी



**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका अध्यक्ष बरसला अग्रवाल एव पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को सैकड़ो की संख्या में मुंह बोली बहनों ने राखियां बांधी। दोनों ने बहनों को उपहार भेंट किया। बढपुर स्थित गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी मुंह बोली बहनों से राखियां बंधवाई। ज्ञात हो पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल लगभग 10 वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन मधुर मिलन होटल में करते आ रहे हैं। रक्षाबंधन के त्योहार पर यही मुंह बोली बहिन प्रत्येक वर्ष अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आकर उन्हें राखियां बांधती हैं। मनोज अग्रवाल उन्हें साड़ियां एवं गिफ्ट भेंट करते हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था देखने वालों में मृदुल वर्मा श्याम सुंदर देवांश अग्रवाल सुंदर गुप्ता आदि ने व्यवस्थाएं देखी।

### युवती ने नहर में लगाई छलांग, लापता

**मवाना/हस्तिनापुर।** शुक्रवार दोपहर ग्रह कलेश के चलते खिम्मीपुर निवासी 18 वर्ष से युक्ति ने वन आरक्षित क्षेत्र से गुजरने वाली मध्य गंग नहर में चलांग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस और ने युवती को खोजने का प्रयास किया लेकिन खबर लिखकर जाने तक युवति का कोई पता नहीं चला। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर थाना क्षेत्र के गांव मखदुमपुर खिमीपुर निवासी 18 वर्ष युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में गंग नहर में छलांग लगा दी। परिजनों को जानकारी मिली तो कोहराम मच गया। सूचना आनन फानन में थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने गोताखोरों के मदद से युवती को खोजने का प्रयास किया। लेकिन देर शाम तक युवती का कोई पता नहीं लग सका।

### बंदरों का आंतक चरम पर, तीन बच्चे जख्मी

**मवाना।** नगर में बंदरों का आतंक अब चरम पर है। बंदरों की एक टोली आए दिन आबादी में एक साथ धावा बोलकर लोगों को अपना शिकार बना रही हे। शुक्रवार को नगर के मुन्नालाल मौहल्ले में बंदरों ने छत पर खेल रहे तीन बच्चों को घायल कर दिया। करीब आधा दर्जन लोगों को जख्मी कर दिया। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर लाया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह नगर की मुन्नालाल कालोनी निवासी इनाया पुत्री आफताब, हम्माद पुत्र मेहताब, शरीफ पुत्र आरीफअपने घर की छत पर खेल रहे थे। तभी बंदरों के झुड ने बच्चों पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर बंदर मौके से भाग निकला। जिसके बाद बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार हुआ। स्थानीय लोगों की मानें तो बंदरों का आंतक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों के लिए भी यह किसी संकट से कम नहीं। बंदरों की टोली आए दिन बच्चों पर झपट्टा मार रही है। कोशिशों के बाद भी बंदरों की आक्रामक प्रवृत्ति में सुधार नहीं हो रहा। गौरतलब है कि पूर्व में भी बंदरों के स्तर पर लोगों पर हुए हमलों के मामले सामने आ चुके हैं।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं ने उठाया फ्री यात्रा का फायदा

- परिवहन निगम की बसों से 24 लाख 44 हजार 970 महिलाओं ने मुफ्त एवं सुरक्षित यात्रा की

**लखनऊ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में रक्षाबंधन के पर्व पर इस वर्ष कुल 24 लाख 44 हजार 970 महिलाओं ने योगी सरकार की फ्री यात्रा का लाभ उठाया, जबकि विगत वर्ष 22 लाख 32 हजार 322 महिलाओं ने फ्री यात्रा का लाभ लिया था। बहनों को फ्री यात्रा का लाभ देने से परिवहन निगम को इस वर्ष 18.98 करोड़ रुपए का वित्तीय व्यय आया है। प्रदेश सरकार की इस योजना का महिलाओं ने प्रशंसा की और मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर प्रदेश की बहनों को दो दिन की सुरक्षित एवं फ्री यात्रा करायी गयी। प्रदेश की इस फ्री यात्रा का लाभ उठाते हुए गरीब बहनें भी अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांध सकी।

उनको अपने भाइयों के पास तक पहुंचने के लिए विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी किराये की चिंता नहीं करनी पड़ी। प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत ही प्रतिवर्ष इस योजना का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। बहनें इस योजना का लाभ उठाकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की डोर व रक्षाबंधन को अपने भाइयों की कलाई में बांधकर मुरादों को पूरा करती हैं।

## तनिष्क के पहले एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ




**मेरठ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मिआ बाय तनिष्क ने मेरठ शहर में अपना नया शानदार स्टोर शुरू किया है। मिआ बाय तनिष्क, न्यू बैंक ऑफइंडिया, साउथ सोतीगंज, बेगम ब्रिज, में खोला गया है। स्टोर का उद्घाटन मिआ बाय तनिष्क की बिजनेस हेड श्यामला रमणन, रीजनल बिजनेस मैनेजर - ज्वेलरी, अरुण कुमार और फ्रैंचाइजी पार्टनर्स अभिषेक जैन और वरुण जैन ने किया। मिआ बाय तनिष्क की बिजनेस हेड श्यामला रमणन, रीजनल बिजनेस मैनेजर - ज्वेलरी, अरुण कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मेरठ में पहला मिआ बाय तनिष्क स्टोर का उद्घाटन करते हुए हम हमारे उपभोक्ताओं, पार्टनर्स और कर्मचारियों को धन्यवाद देना चाहते हैं, विश्वास और पारदर्शिता के साथ किए जा रहे हमारे इस सफ़र में उन्होंने हमेशा से ही हमारा साथ दिया है। उत्तर प्रदेश में यह हमारा छठा एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर है, हमें गर्व है कि हमारा स्टोर शानदार, आधुनिक और इंटरनेशनल फाइन ज्वेलरी डिजाइन्स के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनेगा।


मेरठ के हमारे उपभोक्ताओं के लिए ट्रेंडी, किफायती सोने और डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी को सुविधाजनक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को यह स्टोर दर्शाता है।

## रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत

- गांव खेड़की जदीद का मामला

**मवाना,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र के ग्राम खेड़की जदीद के ग्रामीणों द्वारा गांव के जंगल की जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण के माध्यम से रास्ते को अवरुद्ध किए जाने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन कार्यवाही किए जाने की उठाई गई मांग,तहसील पहुंचे करीब एक दर्जन के करीब ग्रामीणों ने एसडीएम मवाना अखिलेश यादव को ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गांव के भीतर के जंगल को जाने के लिए लगभग 35 फीट चौड़ा रास्ता है जिसके माध्यम से गांव के ही किसानों द्वारा भैंसा बुग्गी, ट्रैक्टर ट्राली इत्यादि को आने जाने के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन गांव के ही दबंगों द्वारा जबरन रास्ते को 35 फीट की जगह 12 फीट चौड़ा कर रहे हैं, जिसका विरोध करने पर उक्त भूमाफियाओं द्वारा विरोध कर रहे ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी तक दी जाती है, ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद एसडीएम अखिलेश यादव ने नायब तहसीलदार से जांच कर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है ।

## सुभारती लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने न्यायिक सेवा में लहराया परचम







**मेरठ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीटयूट ऑफ लॉ के तीन विद्यार्थी अखिल चौधरी, रामेष्ठधर द्विवेदी तथा दिव्या चिंडालिया का उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा 2023 में चयन हुआ है। इस चयन से उन्होंनें विश्वविद्यालय व सुभारती लॉ कॉलेज तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शल्या राज ने बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है। सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तीनों विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि चयनित विद्यार्थियों की सफ़लता लॉ कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कठिन एवं सतत् परिश्रम का परिणाम है।

## अवैध पार्किंग व साप्ताहिक बाजार को लेकर शिकायत

**मवाना,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। साप्ताहिक बाजार व शहीद चंद्रभान प्रदर्शनी में हो रही अव्यवस्थाओं के खिलाफलामबंद हुए सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किए जाने की उठाई मांग, ज्ञापन सौंपते हुए समाजसेवियों ने एसडीएम को जानकारी देते हुए बताया कि नगर के तहसील रोड़ पर हर रविवार को लगने वाली साप्ताहिक पैंठ व शहीद चंद्रभान प्रदर्शनी में ठेकेदारों द्वारा नियमों के विरुद्ध भगवान रामलीला मैदान में दो पहिया व अन्य वाहनों को खड़ा कराकर 30 से 40 रुपए की अवैध पार्किंग वसूली जा रही है, इसी के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तालेबंदी करने के बाद रात के समय मुख्य रोड़ पर दोनों तरफ बैरिकेटिंग करते हुए, केवल ई रिक्शाओं को मेला परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है जिससे नगरवासियों को जाम सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी और साप्ताहिक बाजार में भी मुख्य तहसील रोड़ पर दुकानें व अन्य अतिक्रमण कराया जा रहा है, शिकायतकर्ताओं की शिकायत सुनने के बाद एसडीएम अखिलेश यादव ने जांच कराकर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

## इंडिया महागठबंधन से घबरा गई भाजपा : धर्मेन्द्र



**फर्रुखाबाद,**1 सितम्बर (देशबन्धु)। फतेहगढ़ की सेंट्रल जेल में बंद चल रहे पूर्व सांसद रमाकांत यादव से मिलने पहुंचे सपा के पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव ने केंद्र व प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। मीडिया के सवालों के जबाव देते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा 'इण्डिया' महागठबंधन से घबरा गई है।

चूंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में एनडीए की एक भी बैठक नहीं बुलाई। लेकिन महागठबंधन के बाद अब वह एनडीए की लगातार बैठक कर रहे है। पहली बैठक में उन्होंने अपने 38 दल साथ दिखाए थे। शुक्रवार को महाराष्ट्र में बैठक कर एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कर रहे हैं। भाजपा ने युवाओं से रोजगार छीन लिया, महंगाई चरम पर है, सिलेण्डर के दामों को 400 से 1100 से पहुंचाकर अब 200 रुपए कम करके जनता की आखों में धूल झोक रही है। आगामी चुनाव में जनता इन्हें जरुर सबक सिखाएगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, पुष्पेंद्र यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा जितेंद्र यादव सिरौली, नि. जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुराग यादव, रजत क्रांतिकारी, जिला अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कई समाजवादी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** *जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्तरीय स्वयंसेवी संस्थाओ की बैठक*

# स्वयंसेवी संस्थाएं व प्रशासन के बीच स्थापित हो समन्वय

- सामाजिक कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के सुझाव दिए
- योजनाओं की जानकारी के लिए जल्द बनेगा पोर्टल

**मेरठ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वयंसेवी संस्थाओ की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओ के संचालको का परिचय प्राप्त किया गया। उन्होने बताया कि बैठक बुलाने का मुख्य उददेश्य अलग-अलग क्षेत्रो में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओ तथा प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना है ताकि दोनो के द्वारा मिलकर अधिक से अधिक जनकल्याण किया जा सके।




सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ तथा एनजीओ द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओ द्वारा विभिन्न सुझाव दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में पोर्टल बनाने के लिए आश्वस्त किया गया। उन्होने कहा कि इस पोर्टल पर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ तथा कौन सा एनजीओ किस क्षेत्र में समाज सेवा का कार्य कर रहा है इसकी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर सीडीओ शशांक चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अतुल सक्सैना, अमित कुमार अग्रवाल सहित अन्य संबंधित एनजीओ के संचालक उपस्थित रहे।

## प्राथमिकता पर होगा पत्रकारों की समस्याओं का निस्तारणः डीएम

मेरठ। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकार बंधुओ द्वारा मंगल पाण्डे नगर स्थित प्रेस क्लब को चालू कराने का अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मंगल पाण्डे नगर में स्थित प्रेस क्लब को सुचारू रूप से चलाने हेतु कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। बैठक में पत्रकार बंधुओ द्वारा सूचना कार्यालय से प्रेषित समाचार घोषणा पत्र अपर जिलाधिकारी नगर कार्यालय को रजिस्टर पर अंकित करने के निर्देश दिये। पत्रकारो द्वारा रोडवेज बस में यात्रा के समय कार्ड चौकिंग के दौरान अभद्रता की शिकायत की गयी। बैठक के उपरांत समिति के सदस्यो ने जिलाधिकारी महोदय का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, संगीता श्रीवास्तव, राजीव दीक्षित, अश्वनी जौहरी, रवि कुमार विश्नोई, कुंवर खुर्शीद आलम, कुंवर नौशे मियां उपस्थित रहे।



# दुनिया रंग-बिरंगी

## कलाकारों को ईमानदारी के साथ भूमिका निभानी चाहिए : प्रतीक सहजपाल

**नई दिल्ली।** एक्टर और मॉडल प्रतीक सहजपाल, जो इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर 'आखिरी सच' में एक कैमियो रोल में नजर आ रहे हैं, ने बताया है कि कैसे उन्होंने अपने किरदार को यथासंभव आकर्षक और वास्तविक रखा। एंटरटेनमेंट की दुनिया में प्रामाणिक बने रहना सुर्खियों में रहता है। यह सच्चाई को अपनाने के साथ-साथ बदलाव लाने के बारे में है, जिसे दर्शकों की तालियों ने प्रोत्साहित किया। यह रस्सी पर चलने वाली एक कठिन यात्रा है, जहां ट्रांसफॉर्मेशन आर्ट वास्तविक बने रहने की अखंडता से मिलती है, जबकि दर्शक जादू की सराहना करते हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, प्रतीक ने साझा किया कि मेरा मानना है कि एक कलाकार को, चाहे भूमिका की कोई भी मांग क्यों न हो, हमें उसे पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

वैज्ञानिकों ने किया एक चौकाने वाला अध्ययन

## आईवीएफ उपचार से महिलाओं में 66 प्रतिशत तक बढ़ सकता है स्ट्रोक का खतरा

**न्यूयॉर्क,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। एक चौंकाने वाले अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जिन महिलाओं को विट्रो-फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) का उपचार मिला है, उनमें प्रसव के 12 महीनों के भीतर स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। रटगर्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 31,339,991 गर्भवती महिलाओं पर एक

- प्रसव के 12 महीनों के भीतर स्ट्रोक का बढ़ा खतरा
- शोधकर्ताओं ने 31,339,991 गर्भवती महिलाओं पर किया विश्लेषण

विश्लेषण किया, जिन्होंने 2010 से 2018 के बीच प्रसव कराया था। साथ ही उनका भी विश्लेषण किया गया, जिन्हें बांझपन का इलाज नहीं मिला।

जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित पेपर में बताया गया है कि हालांकि अस्पताल में भर्ती होने की पूर्ण दर कम थी, लेकिन पाया गया कि बांझपन उपचार के मामलों में 66 प्रतिशत मामले स्ट्रोक के जोखिम से जुड़े थे।

उनमें स्ट्रोक के घातक रूप, रक्तस्रावी स्ट्रोक से



पीड़ित होने की संभावना दोगुनी थी, वहीं इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित होने की संभावना 55 प्रतिशत अधिक थी। इस्केमिक स्ट्रोक, अधिक सामान्य, मस्तिष्क के एक क्षेत्र में रक्त की आपूर्ति के नुकसान के कारण होता है, जबकि रक्तस्रावी स्ट्रोक रक्त वाहिका के टूटने से मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण होता है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि जोखिम में वृद्धि प्रसव के बाद पहले 30 दिनों में भी स्पष्ट थी। यह अध्ययन तब सामने आया है, जब हाल के वर्षों में प्रौद्योगिकी में पर्याप्त प्रगति और नई दवाओं के विकास से बांझपन के इलाज में तेजी आई है।

हृदय रोग (सीवीडी) महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। हर साल तीन में से एक मौत सीवीडी के कारण होती है। स्ट्रोक पुरुषों और महिलाओं दोनों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है।


अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 5 में से 1 महिला को अपने जीवनकाल में स्ट्रोक होने का खतरा होता है। सबूत बताते हैं कि कई लोग उन स्वास्थ्य कारकों को नहीं जानते हैं जो उन्हें स्ट्रोक या अन्य सीवीडी के खतरे में डालते हैं। अध्ययन में इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह उन हार्मोन उपचारों के कारण हो सकता है, जो प्रक्रियाओं से गुजरने वाली महिलाएं लेती हैं। साथ ही उन महिलाओं के लिए अधिक जोखिम है, जिनमें ठीक से प्लेसेंटा इम्प्लांट नहीं होता। शोधकर्ताओं ने स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए प्रसव के तुरंत बाद के दिनों में समय पर फॉलो-अप और दीर्घकालिक फॉलो-अप जारी रखने का आह्वान किया।

## चंद्रयान-3 के रंभा पेलोड को चांद पर विरल प्लाज्मा मिला

**चेन्नई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में प्लाज्मा का पता लगाया है, जो अपेक्षाकृत विरल है। चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे हुए रेडियो एनाटॉमी ऑफ मून बाउंड हाइपरसेंसिटिव लोनोस्फीयर एंड एटमॉस्फियर- लैंगमुइर प्रोब (रंभा-एलपी) पेलोड ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के ऊपर सतह के निकट चंद्र प्लाज्मा वातावरण का पहली बार माप किया है।

प्रारंभिक आकलन से संकेत मिला है कि चंद्रमा की सतह के पास प्लाज्मा अपेक्षाकृत विरल है। ये मात्रात्मक माप संभावित रूप से उस शोर को कम करने में सहायता करते हैं जो चंद्र प्लाज्मा रेडियो तरंग संचार के दौरान उत्पन्न होते है।

इसरो ने कहा कि इसके अलावा, वे भविष्य में चंद्र आगंतुकों के लिए उन्नत डिजाइन में योगदान दे सकते हैं। रंभा-एलपी पेलोड एक लैंगमुइर प्रोब है जिसे तिरुवनंतपुरम में विक्रम



साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल) द्वारा विकसित किया गया है।

यह चंद्रयान-3 लैंडर पर लगा है, जो 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा है। रंभा-एलपी पेलोड को चंद्र प्लाज्मा वातावरण के इन-सीटू माप करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अंतरिक्ष का वह क्षेत्र है जो चंद्रमा की सतह के सबसे समीप है और जहां चंद्र प्लाज्मा सबसे घना है।

रंभा-एलपी पेलोड चंद्र प्लाज्मा वातावरण में इलेक्ट्रॉन घनत्व, तापमान और विद्युत क्षेत्र की माप करेगा। रंभा-एलपी पेलोड के आंकड़ों के प्रारंभिक आकलन से संकेत मिलता है कि चंद्रमा की सतह के पास प्लाज्मा अपेक्षाकृत विरल है।

इसका मतलब है कि अंतरिक्ष के इस क्षेत्र में ज्यादा इलेक्ट्रॉन नहीं हैं। चंद्र प्लाज्मा की विरलता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उसी तरीके से प्रभावित करता है जिस तरीके से रेडियो तरंगें अंतरिक्ष के माध्यम से फैलती हैं।

रम्भा-एलपी पेलोड द्वारा किया गया माप वैज्ञानिकों को चंद्र प्लाज्मा वातावरण को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा।

इसरो ने यह भी घोषणा किया कि चंद्रयान-3 इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों से पता चला है कि लैंडर पर चंद्र भूकंपीय गतिविधि (आईएलएसए) पेलोड - पहला माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम (एमईएमएस) प्रौद्योगिकी- चंद्रमा पर आधारित उपकरण - ने रोवर और अन्य पेलोड गतिविधियों को रिकॉर्ड किया है।

आईएलएसए पेलोड को एलईओएस, बैंगलोर द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे यूआरएससी, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है।

## आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन नहीं : इसरो

**चेन्नई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण सूर्य का अध्ययन करने के लिए उसका पहला सौर खोज मिशन आदित्य-एल1 पूर्ण मिशन नहीं है। इसरो ने कहा कि क्या आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन है। स्पष्ट उत्तर 'नहीं' है जो न केवल आदित्य-एल1 के लिए बल्कि सामान्य तौर पर किसी भी अंतरिक्ष मिशन के लिए सच है।



अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इसका कारण यह है कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण, सीमित क्षमता वाले उपकरणों का केवल एक सीमित सेट ही अंतरिक्ष यान पर भेजा जा सकता है।

आदित्य-एल1 के मामले में सभी माप लैग्रेंज बिंदु एल1 से किए जाएंगे। उदाहरण के तौर पर, सूर्य की विभिन्न घटनाएं बहु-दिशात्मक हैं और इसलिए विस्फोटक या विस्फोट घटनाओं की ऊर्जा के दिशात्मक वितरण का अकेले आदित्य-एल1 के साथ अध्ययन करना संभव नहीं होगा। एल5 के रूप में जाना जाने वाला एक अन्य लैग्रेंज बिंदु पृथ्वी निर्देशित सीएमई घटनाओं का अध्ययन करने और अंतरिक्ष मौसम का आकलन करने के लिए एक अच्छा सुविधाजनक बिंदु है। इसके अलावा ऐसे अध्ययनों के लिए अंतरिक्ष यान की कक्षाओं को प्राप्त करने की तकनीकी चुनौतियों के कारण सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का अच्छी तरह से अध्ययन नहीं किया जा सकता है। इसरो ने कहा कि माना जाता है कि सूर्य की ध्रुवीय गतिशीलता और चुंबकीय क्षेत्र सौर चक्र प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा सूर्य के अंदर और उसके आसपास होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने के लिए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर सौर विकिरण के ध्रुवीकरण माप की आवश्यकता होती है।

## टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे होने पर बोलीं फलक नाज - 'लोग मेरे काम को याद करते हैं'

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 'ससुराल सिमर का', 'भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप' और 'राम सिया के लव कुश' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस फलक नाज ने टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे कर लिए हैं।



12 साल पूरे करने पर उन्होंने कहा कि मैं कहूंगी कि अपनी जर्नी के दौरान मैंने कई खूबसूरत किरदार निभाए हैं, मैं हमेशा अपने काम को लेकर चयनात्मक रही हूं और मेरा मानना है कि मैंने अच्छा काम किया है। लोग मेरे काम को याद करते हैं और यह सब 'ससुराल सिमर का' शो से शुरू हुआ, जो सबसे बड़ा है क्योंकि इसने मुझे सबके सामने जान्हवी के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसे खूबसूरत किरदार निभाए हैं, जिन्हें लेकर मैं कह सकती हूं कि युवा लोग, विशेष रूप से 'देवकी' में मेरे किरदार को पसंद करते हैं। मुझे वह भूमिका निभाने में बहुत मजा आया।

फलक नाज ने बिग बॉस ओटीटी 2 में हिस्सा लिया था, लेकिन शो के बीच में ही वह घर से बेघर हो गई।

## जापानी पर्यटकों के एक समूह ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 15 जापानी पर्यटकों के एक समूह ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग थेरेपिस्ट मधु खुराना द्वारा एक योग सत्र का संचालन किया गया और योग प्रशिक्षु श्रृति द्वारा प्रदर्शन किया गया।

एमडीएनआईवाई, निदेशक विक्रम सिंह ने पर्यटकों के समूह का गर्मजोशी से स्वागत किया। निदेशक ने उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जापानी पर्यटकों ने संस्थान के निदेशक विक्रम सिंह के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया, जिससे प्रतिभागियों को प्राचीन योग परंपराओं में निहित योग दर्शन और प्रम्पराओं की गहरी समझ प्राप्त करने का मौका मिला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने अपने सुखद अनुभव



साझा किए और योग को बढ़ावा देने में संस्थान के पहल की सराहना की।

गौरतलब है कि योग जापानियों के दिल में धड़कता है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अगस्त 2019 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में जापान में योग के प्रचार और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए जापान योग निकेतन के किमुरा को अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार-2019' से सम्मानित किया। इसी संदर्भ में ज्ञातव्य है कि योग भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा है, जो शरीर और मन की उत्कृष्टता के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करती है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' घोषित किया गया। यह घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागीरथी प्रयास और विशेष आग्रह पर की गई थी। कार्यक्रम के दौरान मुदित शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, एमडीएनआईवाई और मनजोत कौर, आहार विशेषज्ञ, एमडीएनआईवाई भी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना योगदान दिया।

## म्यूजिक फेस्टिवल 'इंडिपेंडेंस रॉक' नवम्बर में 29वें एडिशन के साथ लौटने के लिए तैयार

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। नौ साल के अंतराल के बाद पिछले साल वापसी करने वाला रॉक म्यूजिक फेस्टिवल 'इंडिपेंडेंस रॉक' इस साल अपने नए एडिशन के साथ लौटने के लिए तैयार है। महिंद्रा इंडिपेंडेंस रॉक नामक भारत के सबसे पुराने रॉक फेस्टिवल के रूप में जाना जाने वाला यह फेस्टिवल 4 और 5 नवम्बर को मुंबई के मझगांव इलाके में बेव्यू लॉन में आयोजित होगा।




अरेबियन सी को देखते हुए महिंद्रा आई-रॉक स्टेज देश में अपने साउंडस्केप को फैलाकर जियोग्राफिकल ब्रांउड्रीज को पार करते हुए होस्ट करेगा। उत्तर और उत्तर-पूर्व से लेकर पश्चिम और दक्षिण तक, साथ ही नेपाल की सीमाओं को पार करते हुए, महिंद्रा आई-रॉक रॉक के साउंड्स को अपने स्टेज पर लाने और एकजुट करने का प्रयास करता है। फेस्टिवल में पुराने जमाने की थ्रैश, डेथ मेटल, रॉक और रेग के जनरे-बेंडिंग फ्यूजन, 1980 के दशक की स्टाइल ग्लैम मेटल से लेकर गिटार रिफ्स के साथ मृदंगम और बांसुरी की भारतीय शास्त्रीय और लोक ध्वनियों के मिश्रण तक शैलियों का संगम दिखाई देगा। इंडिपेंडेंस रॉक के संस्थापक फरहाद वाडिया ने कहा कि 1980 के दशक से, फेस्टिवल ने रॉक बिरादरी में कई बड़े नामों के करियर को लॉन्च करने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

## भारत में वयस्कों के टीकाकरण के प्रति खास रुचि नहीं : सर्वे

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के केवल 16 प्रतिशत लोगों ने वयस्कों के लिए बने टीके लगवाए हैं, हालांकि इस आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगों को इसके बारे में पता है। 'एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन इन इंडिया' (एपीआई) और वैश्विक बाजार अनुसंधान और पोलिंग संस्थान 'इप्सोस' द्वारा 16 शहरों में 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों, उनकी देखभाल करने वालों और चिकित्सकों के बीच किया गया था । इस सर्वेक्षण के अनुसार अधिकतर चिकित्सकों ने वयस्कों के कम टीके लगवाने के लिए औपचारिक दिशानिर्देशों की कमी को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि इससे ठोस जानकारी मिली कि भारत में वयस्कों के टीकाकरण को इतने कम स्तर पर क्यों अपनाया गया है।

यह सर्वेक्षण फरवरी से मार्च 2023 के बीच 50 साल से अधिक उम्र के 1950 वयस्कों, देखभाल करने वाले 409 लोगों और 30 चिकित्सकों के बीच किया गया। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 71 प्रतिशत लोग वयस्कों के टीकाकरण के बारे में जानते हैं, लेकिन केवल 16 प्रतिशत ने ऐसा कोई टीका लगवाया है।

## 59 वर्षीय व्यक्ति को मिला नया जीवन

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 59 वर्षीय एक व्यक्ति को नया जीवन मिला है। यह ब्रेन-डेड मरीज से प्राप्त लिवर के सफल प्रत्यारोपण के बाद हो सका। दरअसल, कौशांबी के रहने वाले मरीज का लिवर सिरोसिस के कारण खराब हो गया था। वह पिछले कुछ वर्षों से अस्पतालों में लगातार इलाज करा रहा था।



मरीज को एक 55 वर्षीय व्यक्ति से लिवर मिला। डोनर एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल ने ब्रेन-डेड घोषित कर दिया था। परिवार की सहमति से लिवर को ग्रीन कॉरिडोर से वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल पहुंचाया गया, महज 46 मिनट में 34 किलोमीटर दूरी तय की गई।

**ब्रेन-डेड डोनर बना मसीहा**

मैक्स हॉस्पिटल के 15 डॉक्टरों की टीम ने नौ घंटे में लिवर ट्रांसप्लांट किया। मैक्स अस्पताल के लिवर ट्रांसप्लांट और पित्त विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. सुभाष गुप्ता ने कहा कि रोगी लिवर सिरोसिस और अन्य जटिलताओं से पीड़ित था। उसे कई बार आईसीयू में भर्ती कराया गया। उसे तत्काल लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी।

हमें उम्मीद है कि यह उपलब्धि अधिक जागरूकता को बढ़ावा देगी और अधिक परिवारों को अंग दान करने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे जरूरतमंद लोगों को जीवन का अमूल्य उपहार मिलेगा।

अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजेश डे ने कहा कि हम दाता के परिवार के आभारी हैं, जिन्होंने अपने नुकसान के समय में भी गंभीर रोगियों की सेवा करने का फैसला किया।

अंग दान कई अनमोल जिंदगियों को बचा सकता है। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हर कोई इस उद्देश्य को अपनाएगा।

अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

## अंतरजातीय विवाह के बाद हरिवंश राय बच्चन के साथ खड़ी हुईं सरोजिनी नायडू

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया है कि जब पिता हरिवंश राय ने अपनी जाति से बाहर जाकर शादी की थी तो 'भारत कोकिला' सरोजिनी नायडू पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिन्होंने उन्हें सांत्वना दी थी। हरिवंश राय बच्चन 'नई कविता' साहित्यिक आंदोलन के कवि और लेखक थे। वह अपने काम 'मधुशाला' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उन्होंने 1941 में तेजी से शादी की। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के 14वें एपिसोड में होस्ट बिग बी ने हरियाणा के पंचकुला की सीनियर न्यूज एडिटर योजना यादव का हॉट सीट पर स्वागत किया। 3,20,000 रुपए के प्रश्न के लिए, योजना से पूछा गया कि किस कवि द्वारा सराहना किए जाने के बाद बेगम अख्तर एक कलाकार के रूप में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हुई ?

दिए गए विकल्प थे ए - विजया लक्ष्मी पंडित, बी - महादेवी वर्मा, सी -सरोजिनी नायडू, और डी - सुभद्रा कुमारी चौहान।

ऑडियंस पोल लाइफलाइन का उपयोग करने के बाद, योजना ने सही उत्तर दिया जो था - सरोजिनी नायडू। 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि जब बेगम अख्तर ने 1934 में नेपाल और बिहार के भूकंप पीड़ितों के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तो सरोजिनी नायडू ने उनकी सराहना की। बाद में उनकी गायकी के लिए उन्हें 'मल्लिका-ए-गज़ल' का खिताब दिया गया।'

बेगम अख्तर को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की सबसे महान गायिकाओं में से एक माना जाता है।



'बागबान' फेम अभिनेता ने तब कहा कि सरोजिनी नायडू कई भाषाएं जानती थीं और अच्छी तरह से शिक्षित थीं। वह संस्कृत जानती थीं और उन्होंने कई देशों की यात्रा की। वह एक कवयित्री और राजनीतिज्ञ भी थीं।

अभिनेता ने आगे कहा कि मुझे यह कहने में थोड़ा संकोच हो रहा है लेकिन वो मेरे बाबूजी की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। मेरे बाबूजी ने मां तेजी बच्चन के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। मेरी मां तेजी सूरी एक सिख परिवार से थीं। उस समय हम लोग इलाहाबाद में रहते थे और उन दिनों उस क्षेत्र में दूसरी जाति में विवाह पाप माना जाता था। जब मेरे पिता मेरी मां को इलाहाबाद लाए तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। सरोजिनी नायडू उन्हें सांत्वना देने वाली पहली व्यक्ति थीं। उन्होंने उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू से मिलवाया जो इलाहाबाद के आनंद भवन में रहते थे। मुझे आज भी याद है कि किस तरह उन्होंने मेरे पिता का परिचय उनसे कराया था। सरोजिनी नायडू ने पंडित नेहरू से कहा था कि एक कवि और उनकी कविता से मिलिए।

1912 में प्रकाशित 'इन द बाज़ार्स ऑफ़ हैदराबाद' नायडू की सबसे लोकप्रिय कविताओं में से एक है। उन्हें 'भारत की कोकिला' भी कहा जाता था। कौन बनेगा करोड़पति 15 सोनी पर प्रसारित होता है।

## 1901 के बाद सबसे गर्म व शुष्क महीना रहा अगस्त

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार देश ने इतिहास में सबसे गर्म और शुष्क अगस्त का अनुभव किया है। इस साल के अगस्त महीने में 1901 के बाद से सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यह चिंताजनक प्रवृत्ति जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जिससे मौसम संबंधी आपदाएं हो रही हैं। अगस्त 2023 में औसत

- क्या सितम्बर में भी गर्मी का तेवर रहेगा बरकरार?
- चिंताजनक प्रवृत्ति जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव

अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक था। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में अगस्त में इससे अधिक औसत अधिकतम तापमान 2014 में देखा गया था, जब यह 36.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बारिश नहीं होने के कारण अगस्त कम से कम 14 वर्षों में दूसरा सबसे शुष्क वर्ष बन गया। राष्ट्रीय राजधानी के बेस स्टेशन सफदरजंग में 61 प्रतिशत की वर्षा की कमी



हुई, इसमें सामान्य 233.1 मिमी की तुलना में केवल 91.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जबकि, अगस्त 2022 केवल 41.6 मिमी वर्षा के साथ 14 वर्षों में सबसे शुष्क था, इस बार का अगस्त महीना उसी समय सीमा में दूसरा सबसे शुष्क वर्ष रहा। 21 अगस्त को एक दिन का उच्चतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि महीने का औसत न्यूनतम तापमान 26.77 डिग्री सेल्सियस रहा। 31 अगस्त को तापमान सामान्य से ऊपर रहा, जो अधिकतम 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25.9 डिग्री सेल्सियस था। आईएमडी का कहना है कि सितम्बर में कुछ राहत की उम्मीद है। इस महीने पूरे देश में मानसूनी वर्षा की गतिविधि सामान्य स्तर पर लौटने की उम्मीद है। लेकिन, आईएमडी ने सितम्बर के लिए भी तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने बताया है कि 1 सितम्बर को दिल्ली में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सितम्बर में दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। सितम्बर के पूर्वानुमान से पता चलता है कि पूर्वोत्तर भारत, निकटवर्ती पूर्वी भारत, हिमालय की तलहटी और पूर्व-मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, देश के बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना सबसे ज्यादा है।

देशबन्धु

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## अगस्त में 1.59 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह

नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अगस्त में 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अगस्त में संग्रहित जीएसटी 143612 करोड़ रुपये की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जुलाई में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपये रहा था। पिछले 17 महीने से जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें अगस्त 2023 में संग्रहित राजस्व 159069 करोड़ रुपये रहा है। इस वर्ष जुलाई में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 28328 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35794 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83251 करोड़ रुपये रहा




जिसमें आयात पर संग्रहित कर 43350 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11695 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 1016 करोड़ रुपये शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 37581 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 31408 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 65909 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 67202 करोड़ रुपये रहा है।

## दो हजार के 93 प्रतिशत नोट वापस आए



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार रुपये के नोट के चलन से वापस लिये लाने के बाद अब तक 93 प्रतिशत नोट लोगों ने जमा करा दिये हैं जबकि सात प्रतिशत नोट अभी भी जाम कराये जाने हैं। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा गया है कि 31 अगस्त, 2023 तक प्रचलन से 2000 रुपये के 93 प्रतिशत बैंक नोट अर्थात 3.32 लाख करोड़ रुपये वापस आये जबकि 0.24 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में अभी भी है। 19 मई 2023 तक 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट प्रचलन में थे। रिज़र्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। प्रचलन में 2000 के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च को 3.62 लाख करोड़ था। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2023 घटकर 3.56 लाख करोड़ रह गया था। प्रमुख बैंकों से एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस प्राप्त 2000 रुपये मूल्यवर्ग के कुल बैंकनोटों में से लगभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में हैं और शेष लगभग 13 प्रतिशत को अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में बदल दिया गया है। केन्द्रीय बैंक ने लोगों ने मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने के लिए 30 सितंबर, 2023 तक की शेष अवधि का उपयोग करने की अपील की है।

## भारत, थाईलैंड में शुष्क मौसम ने बढ़ाई चीनी की कीमत

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत तथा दूसरे चीन उत्पादक देशों में अल नीनो प्रभाव के कारण मौसम शुष्क रहने से वैश्विक स्तर पर चीनी के दाम इस साल 40 प्रतिशत बढ़ गये हैं। एसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक का हवाला देते हुये राबो बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक्का दोनों के वायदा भाव में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

अमेरिकी अनाज के रकबे में सात साल में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि के साथ बड़े पैमाने पर ब्राजीलियाई मकई की रिकॉर्ड फसल, और काले सागर से महत्वपूर्ण गेहूं निर्यात प्रवाह की निरंतरता से कीमतों में कमी आई है और एसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक में माह दर माह आधार पर दो प्रतिशत की नरमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक्के के विपरीत चीनी, कोको, रोबस्टा कॉफ़ी और ऑस्ट्रेलियाई गेहूं के लिए मौसम का जोखिम अधिक बना हुआ है, क्योंकि अल नीनो का प्रभाव अधिक स्पष्ट हो गया है। भारत विशेष रूप से काफी शुष्क हो रहा है, जिससे चीनी की कीमत बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के मामले में प्रभाव अधिक तत्काल हो सकता है। अल नीनो थाईलैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया को सामान्य से अधिक शुष्क बना सकता है। ब्राजील के बाद ये तीन सबसे बड़े निर्यातक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल



नीनो के प्रभाव की आशंका से इस साल अब तक दाम 40 प्रतिशत बढ़ चुके हैं।

भारत और थाईलैंड पहले से ही शुष्क हैं, और उत्पादन अनुमान को संशोधित कर घटाया गया है। भारत के प्रमुख चीनी उत्पादक क्षेत्र महाराष्ट्र में जलाशयों में पानी की कमी के कारण 2024-25 सीज़न में फसल प्रभावित होने की आशंका है। चीनी की तरह, कॉफी बाजार पर भी गहरा असर पड़ सकता है, क्योंकि वियतनाम दुनिया में सबसे बड़ा रोबस्टा उत्पादक है और इंडोनेशिया तीसरे नंबर पर है। वियतनाम में अधिकांश कॉफी फार्म सिंचित हैं, लेकिन इंडोनेशियाई फार्म सिंचित नहीं हैं। स्पष्ट रूप से, वर्ष की शुरुआत में रोबस्टा के दाम में देखी गई तेजी में अल नीनो प्रभाव का भी असर था। कोको के मामले में पश्चिम अफ्रीका में सूखापन (वैश्विक कोको निर्यात के 70 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार क्षेत्र) और अल नीनो के बीच थोड़ा सा संबंध है।

## एनपीएस और एपीवाई के सदस्यों की संख्या 6.62 करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के साथ ही इसके सदस्यों की संख्या भी 6.62 करोड़ के पार हो गयी है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट आर्थिरिटी (पीएफआरडीए) की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार में 1 जनवरी 2004 को या उसके बाद शामिल होने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए एनपीएस लागू किया गया है। अधिकांश राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों ने अपने नए कर्मचारियों के लिए एनपीएस को भी अधिसूचित किया है। एनपीएस 01 मई 2009 से प्रत्येक भारतीय नागरिक को स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, 1 जून 2015 से, अटल पेंशन योजना शुरू की गई है, जिसने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बहुत आवश्यक प्रोत्साहन दिया है। वर्तमान में, एनपीएस और एपीवाई के कुल मिलाकर 6.62 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और कुल संपदा प्रबंधन 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

## देश में हवाई यात्रियों की संख्या 2035 तक बढ़कर 42.5 करोड़ होने का अनुमान : सिंधिया

ग्वालियर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि देश का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास के लिए तैयार है और हवाई यात्रियों की संख्या मौजूदा 14.5 करोड़ से बढ़कर 2035 तक 42.5 करोड़ होने का अनुमान है।

उन्होंने यहां सीआईआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस सम्मेलन में कहा, यह विकास क्षमता अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत के विमानन बाजार में शामिल होने का अवसर प्रस्तुत करती है। सिंधिया ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना




(आरसीएस) ने नागरिक उड्डयन को अधिक सुलभ बना दिया है, जिससे चार क्षेत्रीय एयरलाइन उभरे हैं।

उन्होंने सेवा और उत्पाद दोनों के रूप में बढ़ते नागरिक उड्डयन के महत्व पर जोर दिया और एयरोस्पेस कंपनियों से भारत में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित करने का आग्रह किया।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्वालियर हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन की आधारशिला 16 अक्टूबर 2022 में रखी गई थी, और आश्वासन दिया कि यह 2023 के अंत तक 15 महीने की अवधि में पूरा हो जाएगा। यह देश के इतिहास में सबसे तेजी से बनने वाला टर्मिनल भवन बन जाएगा। सम्मेलन का व्यापक विषय समावेशी वैश्विक वैल्यू चेन की ओर बढ़ना है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

### वुमलुनमंग वुअलनाम नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नये सचिव

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वुमलुनमंग वुअलनाम ने शुक्रवार को यहां केंद्र में नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) के सचिव का पदभार ग्रहण किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री वुअलनाम ने श्री राजीव बंसल का स्थान लिया है जो 31 अगस्त, 2023 को सेवानिवृत्त हुए। श्री वुलनाम मणिपुर कैडर से 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय में अपर सचिव, गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित्त एवं कंपनी कार्य मंत्रालय के उप-सचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह मणिपुर सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में आयुक्त और परिवहन निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर भी कार्य कर चुके हैं और कुछ समय तक विश्वबैंक में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार का पदभार भी संभाला है।


### आईकेईए रिटेल ने भारत में 5 गौरवशाली वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** स्वीडिश होम फर्निशिंग रिटेलर आईकेईए भारत में अपने 5 साल के रिटेल ऑपरेशंस का जश्न मना रहा है। यह एक और उल्लेखनीय वैश्विक उपलब्धि है, क्योंकि आईकेईए इस वर्ष अपने 80 वर्ष पूरे करने का जश्न भी मना रहा है। अल्मुल्ट के छोटे से स्वीडिश गांव में अपनी साधारण शुरुआत के बाद से इसके संस्थापक इंगवार कम्प्राड ने एक अद्वितीय होम फर्निशिंग्स रिटेल अवधारणा बनाई है, जिसने पिछले 8 दशकों से दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इंगका ग्रुप भारतीय बाजार के प्रति एक मजबूत और निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता रहा है। पिछले 5 वर्षों में इसने ऑर्गनाइज्ड होम फर्निशिंग रिटेल के विकास, लोकल सोर्सिंग को बढ़ाने, नए बाजारों में निवेश करने, रोजगार पैदा करने और स्थानीय रूप से प्रासंगिक होने के लिए भारतीय समाज से सीखने में योगदान दिया है।

## मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई** 1 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार में करीब एक प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.50 अंक यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.75 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,435.62 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 37,420.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1479 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि शेष सात में गिरावट रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का जीडीपी आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहा, जो पिछली चार तिमाहियों में उच्चतम है और रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक है। इससे उत्साहित निवेशकों को लिवाली की बदौलत बीएसई में केवल हेल्थकेयर की 0.60 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान धातु 3.32, यूटिलिटीज 3.09, दूरसंचार 2.73, पावर 2.73, कमोडिटीज 1.57, सीडी 0.95, ऊर्जा 1.48, एफएमसीजी 0.27, वित्तीय सेवाएं 0.84, इंडस्ट्रियल्स




0.57, आईटी 1.02, ऑटो 1.58, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.25, तेल एवं गैस 1.85, रियल्टी 0.96, टेक 0.99 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त लेकर 64,855.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,818.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया। वहीं इस दौरान हुई लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,473.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,831.41 अंक के मुकाबले 0.86 प्रतिशत चढ़कर 65,387.16 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,258.15 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,255.70 अंक के निचले जबकि 19,458.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,253.80 अंक की तुलना में 0.94 प्रतिशत मजबूत होकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 26 दिग्गज कंपनियों में एनटीपीसी ने सबसे अधिक 4.84 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही जेएसडब्ल्यूएस स्टील 3.37, टाटा स्टील 3.33, मारुति 3.24, पावर ग्रिड 3.07, इंडसइंड बैंक 2.95, बजाज फाइनेंस 2.12, टेक महिंद्रा 2.11, विप्रो 1.85, टाटा मोटर्स 1.68, एसबीआई 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.98, टीसीएस 0.66, रिलायंस 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.03 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, अल्ट्रा सिमको 0.50, सन फार्मा 0.34, नेस्ले इंडिया 0.26 और एलटी के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## अगस्त में यूपीआई से 10.58 अरब रुपये का लेन-देन

**मुंबई,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। इस बार अगस्त माह में मोबाइल ऐप यूपीआई ( यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) के माध्यम से साढ़े 10 अरब रुपये से भी अधिक लेन-देन किए गये जो एक साल पहले इसी माह की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। यह देश में डिजिटल भुगतान की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा, अगस्त 23 में 10 अरब से अधिक लेनदेन! आप अपने मोबाइल से यूपीआई के साथ तत्काल निर्बाध भुगतान करें। एनपीसीआई ने बताया कि अगस्त 2023 में यूपीआई से 10.58 अरब की संख्या में भुगतान किए गए जिनका मूल्य 15.76 लाख करोड़ रुपये रहा। भुगतान राशि के हिसाब से यूपीआई भुगतान में एक साल पहले की तुलना में 47 प्रतिशत वृद्धि हुई है। यूपीआई ऐप से जुलाई, 23 में कुल 15.34 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 9.96 अरब भुगतान किए गए थे। जून में सौदों का आंकड़ा 9.34 अरब और भुगतान राशि 14.75 लाख करोड़ रुपये थी। वर्ल्डलाइन इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड-स्ट्रेटेजी, इनोवेशन एंड एनालिटिक्स सुनील रोंगला ने कहा, यूपीआई डेटा डेटा से पता चलता है कि यूपीआई पर पी2एम लेनदेन साल-दर-साल आधार पर 100 प्रतिशत से अधिक की गति से बढ़ रहा है और पी2पी लेनदेन की तुलना में इसकी हिस्सेदारी अधिक है। समय के साथ, पी2एम लेनदेन से यूपीआई लेनदेन में वृद्धि होगी और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी , अगर 18-24 महीनों में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 20 अरब तक पहुंच जाए।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट उबलकर 3895 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.64 सेंट की तेजी लेकर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।


**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11300-11400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और **चावल** : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## अडाणी समूह का मार्केट कैप 12,675 करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। अदाणी समूह के शेयरों में शुक्रवार को तेजी रही, जिससे उसके बाजार पूंजीकरण में 12,675 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 10.62 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। गुरुवार को कारोबार की समाप्ति पर उसका मार्केट कैप 10.49 लाख करोड़ रुपये था।

एक विश्लेषक ने कहा, अडाणी समूह का हालिया उछाल, विशेष रूप से इसके पावर पोर्टफोलियो में, निवेशक समुदाय के नए आत्मविश्वास और इसकी क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने का उदाहरण है। यह रुचि केवल वर्तमान प्रदर्शन पर आधारित नहीं है, बल्कि समूह की मजबूत वित्तीय और रणनीतिक निर्णय लेने की क्षमता के कारण भी है। हालिया मीडिया रिपोर्टों की छाया के बावजूद, बाजार काफी हद तक नकारात्मकताओं को दरकिनार कर समूह की भविष्य की विकास क्षमता की ओर ध्यान दे रहा है। इस चुनौतीपूर्ण समय में समूह की लचीलापन और अनुकूलन क्षमता ने उसे दूसरों से अलग किया है। अडाणी समूह के पावर पोर्टफोलियो ने घरेलू निवेशकों की नई रुचि के कारण मजबूत लाभ दर्ज किया।




अडाणी पावर के शेयर 2.79 फीसदी बढ़कर 330.25 रुपये पर पहुंच गए, जिससे इसका मार्केट कैप 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 1.94 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और इसका मार्केट कैप 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में 1.59 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और मार्केट कैप 92,017 करोड़ रुपये हो गया।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत 1.27 प्रतिशत बढ़कर 2,450.05 रुपये हो गई और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2.79 लाख करोड़ रुपये हो गया। अडाणी पोर्ट्स के शेयर भी 0.92 फीसदी चढ़े। अदाणी समूह के शेयरों को बढ़ावा तब मिला जब बाजार ने समूह की बुनियादी ताकत को पहचाना और हिंडनबर्ग रिपोर्ट और हालिया ओसीसीआरपी जैसी रिपोर्टों को खारिज कर दिया। अडाणी ग्रुप ने इन रिपोर्ट्स के दावों को खारिज कर दिया है।

रिपोर्टों के अनुसार, नियामक पहले ही अडाणी जांच में ओसीसीआरपी द्वारा नामित फंड की जांच कर चुका है। इन बाहरी चुनौतियों के बावजूद समूह के वित्तीय आंकड़े मजबूत हैं, जो परिचालन ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है। मौजूदा वित?त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की सूचीबद्ध कंपनियों का कर पूर्व लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 23,532 करोड़ रुपये हो गया। इसमें कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की समूह की कंपनियों का कर पूर्व लाभ 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,233 करोड़ रुपये रहा।

एईएल इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस ने सालाना आधार पर 96 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कर पूर्व लाभ में 1,718 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। सीमेंट व्यवसाय ने लागत अनुकूलन और परिचालन तालमेल के साथ तिमाही-दर-तिमाही आधार पर मजबूत सुधार दर्ज किया, जिससे मार्जिन में सुधार हुआ।

# खेल जगत

## 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख डायमंड लीग के फाइनल में



**ज्यूरिख** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया।

# पाकिस्तान के खिलाफ भारत बल्लेबाजों की परीक्षा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ भारत के शीर्ष क्रम को अफरीदी व नसीम शाह से चौकस रहने की जरूरत

■ बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना भारत के लिए अच्छी खबर

नई दिल्ली, 1 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ सदाबहार विराट कोहली जैसे धुरंधर बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति के साथ चोट के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पालीकेल(श्रीलंका) में वनडे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को ग्रुप ए अपने पहले मैच में भारत की नैया किनारे लगाने का दारोमदार रहेगा। भारत के शीर्ष क्रम में रोहित,शुभमन और विराट की त्रिमूर्ति और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह व हैरिस रउफ जैसे रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के बीच रोचक संघर्ष मुमकिन है। भारत में अगले महीने आईसीसी वनडे विश्व कप होगा इसलिए इस बार एशिया कप भी वन डे फॉर्मेट के आधार पर ही खेला जाएगा। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच इस मैच पर हालांकि बारिश के रंग में भंग डालने की आशंका है। यदि बारिश ने रंग में भंग नहीं डाला तो भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों को बेशक रोमांचक क्रिकेट देखने को मिल सकता है। आसमान छाई बदली और नम मौसम में गेंद को मनचाहे ढंग से स्विंग कराने की कूवत के कारण पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह अफरीदी भारत के शीर्ष क्रम को बिखेर सकते हैं। भारत के शीर्ष क्रम को खासतौर पर पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, हैरिस राउफ जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति से चौकस रहना होगा। हालांकि पाकिस्तान के साथ लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज भी विकेट चटकाने में सक्षम हैं। सच तो यह कम से कम कागजों पर पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भारत से बीस नजर आता है। फिट होने में जुटे केएल राहुल के पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ उपलब्ध शुरू के दो मैचों उपलब्ध न होने के कारण भारत अपने बल्लेबाजी संयोजन को लेकर असमंजस में हैं। संयोग से भारत के लिए रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना अच्छी खबर है। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि चोट से उबरने के बाद हल्की चोट के कारण केएल राहुल एशिया कप में शुरू के दो मैचों-पाकिस्तान और नेपाल-के खिलाफ उपलब्ध नहीं होंगे। आईसीसी वन डे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की खुशकिस्मती है कि उसके पास विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज इशान किशन के रूप में अब केएल राहुल के बढ़िया विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं। भारतीय टीम प्रबंधन को यह मुश्किल फैसला लेना होगा कि वह कप्तान रोहित व शुभमन गिल से पारी का आगाज कराए अथवा ईशान किशन को बल्लेबाजी में पांचवें नंबर पर भेजे। अब श्रेयस के फिट होने से भारत उन्हें तीसरे नंबर पर और विराट कोहली को चौथे नंबर पर उतार कर इशान को पांचवें नंबर पर भेज सकता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोट के बाद वापसी कर आयरलैंड के खिलाफ उसके घर में भारत को अपनी दूसरे दर्जे की टीम के साथ उतरने के बाद टी-20 सीरीज जिताने के बाद अब पाकिस्तान के खिलाफ गेंद से तथा चोट से पूरी तरह उबर चुके बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बल्ले सें दमदार प्रदर्शन कर भारत के जिताने को बेताब होंगे। बुमराह और श्रेयस यह दर्शाने को भर प्रतिबद्ध होंगे कि रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम अब अपने देश में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी वन डे विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को दुनिया की नंबर 1 वन डे टीम पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को केएल राहुल के अनुभव की कमी जरूर अखरेगी। भारत ने पाकिस्तान से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। भारत अंतिम बार जब पाकिस्तान से मैनचेस्टर में 2019 में आईसीसी वन डे विश्व कप में भिड़ा तो तब उसके अब मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने धमाकेदार शतक और कप्तान रहे विराट कोहली तथा केएल राहुल ने अद्र्शतक जड़े थे। भारत ने तब पाकिस्तान से बारिश से प्रभावित विश्व कप का यह मैच डकवर्थ लुइस नियम आधार पर 89 रन से जीता था। भारत 2017 में अंतिम बार पाकिस्तान से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में अकेला मैच 280 रन से हारा था। कप्तान बाबर आजम (151)और इफ्तिखार अहमद (अविजित 109)के शतकों और लेग स्पिनर शादाब खान(4/27) और रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी(2/27) के कहर से बेशक पाकिस्तान ने सबसे कमजोर नेपाल को अपने घर मुल्तान में 238 रन से करारी शिकस्त दे दमदार अंदाज किया हो लेकिन भारत के खिलाफ मैच का मिजाज एकदम अलग रहने की उम्मीद है। पाकिस्तान की बल्लेबाजी कप्तान बाबर आजम, फख्र जमां, विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के साथ ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद पर निर्भर करेगी ही ऑलराउंडर शादाब खान और मोहम्मद नवाज में बल्ले से बाजी पलटने का दम है। भारत के लिए सबसे बढ़िया बात यह है कि अनुभवी जसप्रीत बुमराह का साथ निभाने के लिए मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , उपकप्तान हार्दिक पांडया के रूप चार तेज गेंदबाज के साथ बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रूप में किसी भी वक्त विकेट चटकाने का रखने वाले स्पिनर के रूप में संतुलित स्पिन आक्रमण है। खासतौर पर बुमराह,मोहम्मद शमी मैच में शुरू और आखिर के ओवर में रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाना खूब जानते हैं। भारत के लिए बड़ा सवाल यह होगा कि वह दो लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडरों-रवींद्र जडेजा व अक्षर पटेल के साथ उतरे या फिर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को उतारे। बुमराह, शमी और सिराज पर खासतौर पर पाकिस्तान की बल्लेबाज की रीढ़ माने जाने वाले बाबर आजम, विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और निचले क्रम में इफ्तिकार अहमद को सस्ते में आउट पैवेलियन लौटा शनिवार को भारत को शुरूआती कामयाबी दिलाने की जिम्मेदारी रहेगी। पाकिस्तान के पास हालांकि फख्र जमा और इमाम उल हक के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है।

# हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं ले रहे, अब लक्ष्य खिताब जीतना : मनदीप मोर



नई दिल्ली, 1 सितंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के दस, उपकप्तान आक्रामक मिडफील्डर मोहम्मद रहील के सात, पवन राजभर और गुरजोत के पांच-पांच , सुखविंदर के चार, कप्तान मनदीप मोर के तीन तथा जुगराज सिंह के एक गोल की बदौलत भारत ने गोल की बारिश कर जापान को सलाला(ओमान) में पुरुष एशियन हाकी 5 विश्व क्वॉलिफायर मे इलीट पूल मैच में बृहस्पतिवार 35-1 से तथा इससे पहले मलयेशिया को 7-5 से करारी शिकस्त दी। जापान के लिए अकेला गोल मासाताका कोबोरी ने खेल खत्म होने से एक मिनट पहले दागाा।

भारत के लिए बुधवार रात पाकिस्तान के हाथों 4-5 से हार मानों नींद जगाने वाली साबित हुई। भारत ने अपने इलीट पूल मैचों की समाप्ति पर पांच मैचों में चार जीत और मात्र एक हार के साथ कुल 12 अंकों के साथ दूसरे इलीट सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। पाकिस्तान की टीम मलयेशिया के साथ एक ड्रा और चार जीत के साथ कुल 13 अंकों के साथ पहले सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ गुरजोत ने पांच व मनिंदर व रहील ने एक- एक गोल किया। मलयेशिया के लिए कमरूल जमां ने दो तथा अरिफ इशाक, कप्तान अबू इस्माइल, दीन मोहम्मद ने एक-एक गोल किया।

भारत दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया, जापान अथवा ईरान से शनिवार दोपहर डेढ़ बजे भिड़ेगा। मलयेशिया इलीट पूल चरण में ओमान पर 10-4 की जीत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पाकिस्तान ने जापान को 26-1से हराया और पूल चरण में अंतिम स्थान पर रहा। भारत के कप्तान मनदीप मोर ने कहा, %हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को हल्के में नहीं ले रहे। हम मलयेशिया और जापान के खिलाफ खेल कर, इन दोनों टीमों को की ताकत को जान चुके हैं और हमें मालूम है कि हमें इनके खिलाफ क्या करना है।

हम उम्मीदकरते हैं कि यदि हम सेमीफाइनल में इन दोनों के खिलाफ भिड़े तो हमें क्या करना है। ईरान की टीम भी मौजूदा टूर्नामेंट में बढ़िया फॉर्म में है और हमने उसके मैचों का अध्ययन किया है और हम उसी के मुताबिक रणनीति बनाएंगे। हमारी टीम का लक्ष्य खिताब जीतना है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अच्छे रंग में है और हमने बतौर टीम एक इकाई के रूप में अपनी लय पा ली है। मेरा मानना है कि हमारी टीम में खिताब जीतने का मौका है। इससे पहले खिताब का दावा पेश करने के लिए हमें फाइनल में स्थान बनाना होगा। भारत की टीम सेमीफाइनल जीतती है तो उसके फाइनल में जीत खिताब जीतने का मौका होगा। यदि भारतीय टीम सेमीफाइनल हारी तो फिर वह तीसरे -चौथे स्थान के लिए भिड़ेगी।

# पीकेएल सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित

**मुंबई,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने आगामी सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी को स्थगित कर दिया है। ताकि, राष्ट्रीय टीमों को चीन के हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए समय मिल सके। यह निर्णय भारत में इस खेल के लिए आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था, अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के प्रशासक के अनुरोध पर लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले 8-9 सितंबर को होने वाली थी।

मशाल स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, एशियाई खेलों में कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों को देखते हुए हमें एकेएफआई प्रशासक से पीकेएल सीज़न 10 खिलाड़ी नीलामी को स्थगित करने का औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। पीकेएल सीजन-10 खिलाड़ी नीलामी के स्थगित होने पर परामर्श के हिस्से के रूप में, मशाल ने एकेएफआई प्रशासक को उस योजना और तैयारियों के बारे में जानकारी दी जो पीकेएल टीमों, पीकेएल प्रसारण भागीदार और मशाल स्पोर्ट्स ने 8-9 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीखों के लिए की है।

मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, प्रशासक ने हमारी 12 टीमों और ब्रॉडकास्टर सहित सभी पीकेएल हितधारकों ने इस बदलाव को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है। मशाल स्पोर्ट्स अब पीकेएल टीमों और पीकेएल के प्रसारण भागीदार स्टार स्पोर्ट्स के परामर्श से पीकेएल सीजन-10, खिलाड़ियों की नीलामी की अगली तारीखों की घोषणा करेगी।

# रोहन बोपन्ना-अल्डिला सुत्जियादी की जोड़ी यूएस ओपन के दूसरे दौर में




**न्यूयार्क** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशियाई की अल्डिला सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2023 में अपने शुरुआती राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया। रोहन बोपन्ना और अल्डिला सुत्जियादी की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने न्यूयॉर्क के यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में जर्मनी के एंड्रियास मिज़ और रूसी खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे राउंड में प्रवेश किए। हले सेट में करीबी मुक़ाबला खेलने के बाद बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने निर्णायक ब्रेक प्वाइंट जीत कर पहले सेट को अपने नाम कर लिया। दूससे सेट में भारतीय-इंडोनेशियाई जोड़ी ने 3-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की। इस सेट में भी बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और 67 मिनट तक चले मैच को सीधे सेटों से जीत कर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गए।

रोहन बोपन्ना ने 2018 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अल्डिला सुत्जियादी के साथ पहली बार जोड़ी बनाई है। 28 वर्षीय अल्दिला ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैथ्यू ऐबडेन ने भी गुरुवार को पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शुक्रवार को दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन और एंड्री गोलुबेव की रूसी-कजाख जोड़ी से मुक़ाबला होगा। यूएस ओपन पुरुष युगल ड्रॉ में, भारत के युकी भांबरी और उनके ब्राजीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलिनर को पहले राउंड में नौवीं वरीयता प्राप्त पोलिश जोड़ी जान ज़िलेंस्की और ह्यूगो निस से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत के साकेत माइनेनी और उनके रूसी साथी असलान करातसेव को भी पुरुष युगल के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा था और यूएस ओपन 2023 से बाहर हो गए थे।

# हर पाकिस्तानी गेंदबाज के खिलाफ भारत को बनानी होगी विशेष योजना : हेडन



**मुबंई** 1 सितंबर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पड़ोसी मुल्क के हर गेंदबाज के साथ विशेष योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा।


स्टार स्पोर्टस के गेम प्लान कार्यक्रम में हेडन ने कहा भारत पाकिस्तान की खतरनाक तिकड़ी शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेलने उतरेगा। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे मसालेदार मुकाबलों में से एक होने वाला है। तीन अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाजों के लिए टीम इंडिया को अनोखी योजना की जरूरत है। यहां कैंडी की परिस्थितियों में काफी उछाल है, इसलिए आपको विशेष रूप से हारिस रऊफ से बेहद सतर्क रहना होगा। शाहीन की उस गेंद को हम कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए शाहीन अफरीदी के खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। विशेषकर पहले तीन ओवर भारतीय बल्लेबाजी की दिशा तय करेंगे। उन्होने कहा मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज नसीम जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक खेल में सफल हो सकते हैं। उसे दबाव में रखें, ऐसा महसूस करें कि आप खेल में सबसे आगे हैं। हालाँकि, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि टीम इंडिया ही जीतेगी। मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी में गहरायी और उत्तम दर्जे की बल्लेबाजी लाइनअप है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने कहा विराट कोहली पाकिस्तान के प्रत्येक गेंदबाज के खिलाफ विशेष रणनीति अपनाएंगे। पिछली बार जब ये दोनों देश खेले थे, तो विराट एक विशेष पारी लेकर आए थे और हारिस रऊफ के खिलाफ खेला गया वह शॉट लंबे समय तक क्रिकेट प्रेमियों की यादों में रहेगा। कुल मिलाकर विराट की भूमिका इस बार भी भारत के लिहाज से काफी अहम होने वाली है।

# मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए : वसीम अकरम



**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। दिग्गज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम पाकिस्तान टीम के हालिया प्रदर्शन से काफी खुश नजर आ रहे हैं और उन्होंने इस सफलता का श्रेय टीम की कड़ी मेहनत को दिया। इन दिनों बाबर आजम की टीम वनडे और टी20 दोनों में दमदार खेल रही है। अकरम ने कहा कि वो नहीं चाहते कि एशिया कप में प्रबल दावेदार होने का बोझ टीम के प्रदर्शन पर पड़े। इसलिए, उनका मानना है कि टीम को हार-जीत पर नहीं केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद एशिया कप में प्रवेश किया और नेपाल के खिलाफ अपना पहला मैच जीता। फॉक्स स्पोर्ट्स से बात करते हुए अकरम ने टीम पर अपने विचार व्यक्त किए और टीम के प्रदर्शन से खुश दिखे। अकरम ने बताया, मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए, या अंडरडॉग्स कहा जाए। मैं नहीं चाहता कि वे प्रबल दावेदार के रूप में जाएं। अगर आप कम महत्वपूर्ण टीम हैं, तो आपके पास मौका है और पाकिस्तान टीम की सही तैयारी चल रही है। उन्होंने आगे कहा, जहां तक तैयारी की बात है, शारीरिक तैयारी, मानसिक तैयारी, परिस्थितियों, पिचों, मौसम से अभ्यस्त होना और सभी तैयारी सही रास्ते पर है। एक टीम के रूप में वो खुश दिखते हैं, सुलझे हुए नजर आते हैं और उन्हें जीत भी मिल रही है। इसलिए, सब कुछ ठीक चल रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वे प्रबल दावेदार हैं। नेपाल पर 238 रनों की शानदार जीत के साथ पाकिस्तान ने अपने एशिया कप अभियान की विजयी शुरुआत की। पाकिस्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मैच एकतरफा रहा। अब बाबर की टीम की टक्कर भारत से है। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भिड़ेगा, जिसकी नजर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करने पर होगी।

# पेरिस ओलंपिक में खिताब बचाने की होगी चुनौती : नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में उन्हे अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर खिताब बचाने की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीरज ने कहा, अगले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का बचाव करना बड़ी चुनौती होगी। टोक्यो ओलंपिक में पहला खिताब जीतना चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। मुझे पता है कि हर देश का एथलीट पूरी तैयारी के साथ आयेगा। इसलिए दवाब बनना तो तय है क्योंकि मुझसे करोड़ो भारतीयों की उम्मीदें बंधी होंगी ।उन्होने कहा कि इसके लिये जरूरी है कि मैं खुद को फिट बनाये रखूं और चोटों से बचा रहूं। मेरी कोशिश रहेगी कि मै अपना खिताब बचाने में सफल रहूं और इसके लिए जितनी भी मेहनत करने की जरूरत होगी, मैं करूंगा।'' गौरतलब है कि बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीतने के बाद नीरज ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब दोनों जीतने वाले इतिहास के तीसरे भाला फेंक एथलीट बन गये हैं। उनसे पहले जेलेज्नी और नार्वे के आंद्रियास थोरकिल्डसन ने लगातार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे जबकि थोरकिल्डसन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे। नीरज गुरुवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे।

## डायमंड लीग में नीरज को दूसरा स्थान

**ज्यूरिख।** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस परिणाम के साथ ही 2023 सीज़न में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया। ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा। हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

## सार संक्षेप

### तुर्की का भारोत्तोलक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी

**जिनेवा।** अर्मेनिया में इस साल की यूरोपीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 81 किग्रा में रजत पदक हासिल करने वाले तुर्की के बटुहान युकसेल को प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ऑक्सीमिथोलोन के सेवन का दोषी माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह निष्कर्ष तुर्की की भारोत्तोलक टीम की पेरिस 2024 की ओलंपिक यात्रा को खतरे में डाल सकता है। यह तीन महीने में तीसरी घटना है जब एक तुर्की भारोत्तोलक को डोपिंग उल्लंघन का सामना करना पड़ा है। तुर्की के अलावा कजाकिस्तान, यूक्रेन और तुर्कमेनिस्तान अन्य देश हैं जिनके भारोत्तोलक पिछले एक साल में डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाये गये हैं। युकसेल (23) का 28 जुलाई को आईटीए द्वारा एक गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षण किया गया था। अप्रैल में, आईटीए ने खुलासा किया कि दो तुर्की एथलीट, हकन कुर्नाज़ और पेलिनसु बायव ने स्टेरॉयड मेथैस्टरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था।

### अवनि, युवराज विश्व एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भाग लेने वाली गोल्फर अवनि प्रशांत, जिनका सीज़न सनसनीखेज रहा है, अक्टूबर में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप (डब्ल्यूएटीसी) में महिलाओं के लिए एस्पिरिटो सैंटो ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने 25 से 28 अक्टूबर तक अबु धाबी में होने वाले प्रतिष्ठित शौकिया गोल्फ कार्यक्रम के लिए अन्य दो खिलाड़ियों के रूप में निश्ना पटेल और मन्नत बरार को भी चुना है। वर्ष की शुरुआत में क्वीन सिरिकिट कप व्यक्तिगत खिताब की विजेता अवनी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने लेडीज यूरोपियन टूर के एक्सेस टूर पर एक प्रो इवेंट में खिताब जीता है। वह एलईटी एक्सेस टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। निश्ना मनीला में एपीजीसी जूनियर्स में उपविजेता रही, जहां अवनि ने पहले क्वीन सिरिकिट में सफलता हासिल की थी। मन्नत भी अच्छी फॉर्म में है और उसने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के प्रो इवेंट में भी भाग लिया है। आईजीयू अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, अवनि, निश्ना और मन्नत ने इस सीज़न में शानदार प्रदर्शन किया है और हमें उनसे बहुत उम्मीदें हैं। हमारे सभी खिलाड़ियों के पास अच्छा अनुभव है क्योंकि आईजीयू ने उन्हें कई आयोजनों के लिए भारत से बाहर भेजा है। अवनि भी एशियाई खेलों के लिए जा रही है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं। महिलाओं के आयोजन से एक सप्ताह पहले आइजनहावर ट्रॉफी के लिए पुरुषों की प्रतियोगिता होगी और आईजीयू ने तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसमें युवराज सिंह, शौर्य भट्टाचार्य और रोहित शामिल हैं।